प्रयागराज, रविवार, 11 दिसम्बर, 2022

पौष मास, कृष्ण पक्ष 3, वर्ष 11, अंक 232, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news





अंदर- ईशान किशन से हारा बांग्लादेश: 182 पर ऑलआउट हुई टीम

अंदर- आदिवासी समाज के संघर्ष की कहानियां

# काशी से चलेगी तमिल संगमम एक्सप्रेस

## रेल मंत्री की काशी तमिल संगमम को यादगार बनाने की पहल

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** अपने दो दिवसीय वाराणसी दौरे पर आये केंद्रीय रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) पर यार्ड री मॉडलिंग के कार्यो का निरीक्षण करते हुए काशी तमिल संगमम आयोजन को यादगार बनाने के लिए वाराणसी से दक्षिण के लिए नई ट्रेन काशी तमिल संगमम एक्सप्रेस चलाने की घोषणा की।

कैंट स्टेशन पहुंचे रेल मंत्री ने नये कलेवर में बनने वाले कैंट रेलवे स्टेशन का पूरा ले आउट देखा,अधिकारियों से वार्ता करते हुए तय समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर और दक्षिण भारत के संस्कृति, कला और संगीत को एक धागे में जिस तरह पिरोने का कार्य किया है, वह एक राष्ट्रीय एकता को इंगित करता है। प्रधानमंत्री के इस सपने को यादगार बनाने के लिए वाराणसी से दक्षिण भारत के लिए नई ट्रेन काशी तमिल संगमम चलायी जायेगी, ताकि लोगों में यह आयोजन हमेशा जीवंत रहे। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र का यह रेलवे स्टेशन अद्‌भुत होगा। इसके साथ ही उन्होंने वाराणसी से जम्मू जाने वाली बेगमपुरा एक्सप्रेस का नाम बदलने के सुझाव अधिकारियों को लेने को कहा।

### मिला उपहार

**दक्षिण के लिए कैंट स्टेशन से नई ट्रेन की सौगात**



कैंट स्टेशन पर निरीक्षण करते रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव व अन्य अधिकारीगण

### नहीं बंद होंगे रोड साइड स्टेशन

निरीक्षण के दौरान वार्ता करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णन ने कहा कि आने वाले दिनों में भी रोड साइड (छोटे स्टेशन) को बंद नहीं किया जायेगा। बताया कि एक बार स्टेशन बन गया तो फिर बंद करना कोई उपलब्धि नहीं। निरीक्षण के दौरान कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव, उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल, लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक एस के सपरा, सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा, वाराणसी अपर मंडल रेल प्रबंधक लाल जी चौधरी, वाराणसी स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित सहित लखनऊ मंडल व नई दिल्ली उत्तर रेलवे के कई आला अधिकारी उपस्थित रहे।

### 'कवच' से परिचालन होगा सुगम

रेल मंत्री ने कहा कि पूर्व के मुकाबले वर्तमान में ठंड के दिनों में ट्रेनें कम निरस्त की जा रही हैं। ट्रेनों के परिचालन में बाधा बनने वाली घने कोहरे को ध्यान में रख कर ही कवच पर कार्य किया जा रहा है आने वाले दिनों में लगभग सभी ट्रेनों का परिचालन घने कोहरे में किया जा सकेगा। कहा कि इस पर विभाग में लगातार कार्य किया जा रहा है।

# काशी में होगा जी-20 का बड़ा आयोजन

## विदेश मंत्री ने की सम्मेलन स्थल और तैयारियों की व्यापक समीक्षा



जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि दिसम्बर-2022 से नवम्बर-2023 के बीच भारत की मेजबानी में जी-20 का शिखर सम्मेलन होगा। इसका आयोजन देश के 55 शहरों में होगा। काशी भी देश और दुनिया का महत्वपूर्ण शहर है। इसलिए जी-20 का सबसे बड़ा सम्मेलन काशी में होगा, जिसकी अध्यक्षता वो खुद करेंगे। इसकी योजना बनाई जा रही है।

वाराणसी दौरे के दूसरे दिन शनिवार को बीएचयू के एम्फीथिएटर मैदान में मीडिया से बातचीत में जी-20 देशों के डेवलपमेंट मिनिस्टर्स की बैठक काशी में होगी, इसकी प्लानिंग की गई है। इसको लेकर तैयारियां शुरू भी कर दी गई हैं। काशी में प्रस्तावित आधा दर्जन बैठकों के स्थान और तैयारियों के लिए ही यहां आया हूं। उस आयोजन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मैं बार-बार काशी आता रहूंगा।

बता दें कि विदेश मंत्रालय की टीम भी यहां छह अलग-अलग बैठकों के लिए जगह चयन के साथ ही अतिथियों के स्वागत की खातिर शहर में होने वाले कामों पर भी अधिकारियों के साथ मंथन की। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बातचीत में काशी-तमिल संगमम को अनूठी पहल बताया। कहा कि काशी-तमिल संगमम का आयोजन पीएम मोदी की सोच का नतीजा है। यह एक बेहतर पहल है। इससे काशी और तमिलनाडु के प्राचीन सांस्कृतिक संबंधों का परिचय होगा। उन्होंने कहा कि सबके लिए यह नया अनुभव है। युवा पीढ़ी को सीखने को बहुत कुछ मिलेगा। उम्मीद है कि यह कार्यक्रम सफल होगा। देश के विभिन्न शहरों के बीच पुराने संबंध और बेहतर होंगे।

### बोले एस. जयशंकर

**काशी-तमिल संगमम् पीएम मोदी की सोच का नतीजा**

### जी-20 में इन देशों की भागीदारी

ग्रुप ऑफ ट्वेंटी (जी-20) में भारत, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, यूके, यूएस और यूरोपीय संघ (ईयू) शामिल हैं।

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा0लि0)
वाराणसी
916 हॉलमार्क ज्वेलरी
SUNDAY OPEN

# हेल्थ व वेलनेस सेंटरों में जल्द बैठेंगे डॉक्टर

## डॉ. मंडाविया ने कहा, देश भर में एक लाख 50 हजार वेलनेस सेंटर बनाने का लक्ष्य जल्द ही होगा पूरा

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** समाज के अंतिम व्यक्ति तक बेहतरीन चिकित्सा सुविधा पहुंचाने और स्वस्थ्य समाज से समृद्ध राष्ट्र के निर्माण के उद्देश्य से वाराणसी में अयोजित दो दिवसीय सीएचओ (कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स) कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डा.मनसुख मंडाविया ने कहा कि समृद्ध राष्ट्र का निर्माण तभी होगा जब समाज स्वस्थ्य होगा इसके लिए हम सभी को संगठित होकर स्टैंडर्स स्वास्थ्य पर कार्य करना होगा।

यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज डे के अवसर पर सिगरा स्थित रुद्राक्ष इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों के 900 से अधिक आये सीएचओ को संबोधित करते हुए उन्होंने सभी को प्रत्येक व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने पर बल दिया। आशा कार्यकर्ताओं के कार्यों की सराहना करते हुए बताया कि इनके बिना घर-घर तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना मुमकिन नहीं, इस समारोह में लखनऊ राजभवन से वर्चुअली जुड़ी राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि टीबी ही नहीं किसी भी रोग के उन्नमूलन के लिए संगठित होना होगा तभी उस पर विजय प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने इस तरह के कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आयुष्मान भारत हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं देने की दिशा में प्रगति कर रहा है। यह एक सार्थक कदम है। इस दौरान राज्यों को स्वास्थ्य के विभिन्न कार्यो को कुशलतापूर्वक कार्य करने के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के आयुष मंत्री डा.दयाशंकर मिश्र, उत्तराखंड, झारखंड, सिक्किम, मध्यप्रदेश, के स्वास्थ्य मंत्री के अलावा एनएचए के सीईओ राम सेवक शर्मा, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण, विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधिगण ऑनलाइन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण भारत सरकार से आये सहयोगी संस्था के लोग शामिल रहें।

### बोले मंत्री

**हम सभी को संगठित होकर स्टैंडर्स स्वास्थ्य पर करना होगा कार्य**



कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ.मनसुख मंडाविया

## बिलकिस की याचिका पर 13 को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट गुजरात दंगे के दौरान गैंग रेप और हत्या मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे दोषियों की रिहाई के खिलाफ पीड़िता की ओर से दाखिल याचिका पर 13 दिसंबर को सुनवाई करेगा। 11 दोषियों की रिहाई के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में पहले ही कई याचिका दायर की जा चुकी है और जिस पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार से जवाब मांग रखा है। अब पीड़िता की ओर से इस मामले में अर्जी दाखिल की गई है। याचिका में गुजरात सरकार को रिहाई के लिए फैसला लेने संबंधित सुप्रीम कोर्ट के फैसले को रिव्यू करने की मांग की गई है साथ ही उनकी रिहाई के खिलाफ गुहार लगाई गई है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई के लिए मंगलवार की तारीख तय की है। 30 नवंबर 2022 को सुप्रीम कोर्ट में पीड़िता की ओर से चीफ जस्टिस के सामने यह मामला उठाया गया। पीड़िता की ओर से 11 दोषियों की रिहाई के खिलाफ कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है।

## पूरी दुनिया में जीमेल पड़ा ठप, लाखों यूजर्स परेशान!

**नई दिल्ली।** गूगल मेल सर्विस यानि जीमेल पूरी दुनिया में लाखों करोड़ों यूजर्स के लिए ठप पड़ गया है। डाउन डिडेक्टर डॉट काम ने इसका खुलासा करते हुए कहा कि जीमेल के ठप पड़ने की वजह एक स्पाइक है। पूरे भारत में कई जीमेल उपयोगकर्ताओं ने शिकायत की है कि उनका जीमेल एप काम नहीं कर रहा है। जीमेल के साथ-साथ जीमेल इंटरप्राइजेज सर्विस भी इससे प्रभावित हुआ है। पूरी दुनिया में जीमेल के 1.5 बिलियन यूजर हैं। नए अपडेट में जीमेल ऐप में सर्च में सुधार किया गया है। जुलाई में जीमेल में बेहतर खोज और सुझाव ऑप्शंस को लेकर घोषणा की गई थी। अब गूगल का कहना है कि उसकी फ्री ईमेल सर्विस अब यूजर्स को बेहतर सर्च रिजल्ट देने का काम करेगी। ब्लॉग पोस्ट के अनुसार, जीमेल ऐप में ही हाल ही में सर्च एक्टिविटी की गई थी, उससे मिले रिजल्ट्स पर ही ये अपडेट जारी हुआ है। यह अपडेट सर्च रिजल्ट्स को अधिक रिलेवेंट बना देगा। पिवट टेबल के फंक्शन में सुधार के लिए कंपनी गुगल शीट्स को भी अपडेट कर रही है। स्प्रेडशीट ऐप अब यूजर्स को क्रिएट या एडिट करते समय पिवट टेबल के आकार को बदलने की सुविध देगा। गूगल का दावा है कि इस सुविधा के लिए लोगों ने काफी रिक्वेस्ट की थी। यह सुविधा तब उपयोग में आयेगी, जब कॉलम के नाम या टाइटल लंबे होंगे। गुगल मीट कॉल को गूगल डॉक्स, शीट्स या स्लाइड्स से प्रेजेंट करने की पॉवर की घोषणा करने के बाद, गुगल अब यूजर्स को फाइल्स को मीट चैट में साझा करने की सुविधा देगा।

### गूगल शीट भी हो रही अपडेट

# चेन्नई में चक्रवाती तूफान से तबाही

## चार लोगों की मौत, 400 से ज्यादा पेड़ उखड़े

**चेन्नई।** चेन्नई के मामल्लपुरम तट से टकराने के बाद चक्रवाती तूफान मैंडूस ने तबाही मचा दी है। मामल्लपुरम तट से गुजरने के बाद चक्रवाती तूफान ने शहर और आसपास के इलाकों को प्रभावित किया और यहां तक की 400 से ज्यादा पेड़ जड़ से उखड़ गये। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने बताया कि 9 और 10 दिसंबर की दरम्यानी रात 70 किमी प्रति घंटे की हवा के साथ तूफान तट से टकराया। सीएम ने बताया कि तूफान के चलते चार लोगों की मौत भी हो गई। मरीना बीच के पास भी जलभराव देखने को मिला और खाने-पीने के स्टॉल क्षतिग्रस्त हो गए। स्टालिन ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि सरकार ने स्थिति का अनुमान लगा लिया है और सभी निवारक उपाय किए जा रहे हैं ताकि बड़े नुकसान को रोका जा सके। स्टालिन ने कहा कि उन्नत योजना के साथ, इस सरकार ने साबित कर दिया कि किसी भी आपदा का प्रबंधन किया जा सकता है। तेज हवा चलने के चलते लगभग 400 पेड़ गिर गए हैं। कई पेड़ बिजली के खंभों पर गिर जाने के चलते बिजली सप्लाई भी प्रभावित हुई है। चक्रवात के कारण बिजली के खंभों और ट्रांसफार्मरों को नुकसान पहुंचा है और 600 जगहों पर बिजली बंद कर दी गई है। सरकार के अनुसार सफाई का काम तेजी से चल रहा है और लगभग 25,000 लोग आपदा प्रबंधन कार्यों में लगे हैं।

### स्टालिन बोले

**केंद्रीय सहायता मांग सकती है सरकार**

## देश को विकसित करने में युवाओं की भूमिका अहम: ओम बिड़ला

**गोरखपुर।** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि देश को विकसित करने में युवाओं की भूमिका अहम है। यह तभी संभव है जब लोकतांत्रिक मूल्यों को संरक्षित रखते हुए उन्हें संस्कार वान और मौजूदा दौर के हिसाब से शिक्षा व्यवस्था दी जाए। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिड़ला शनिवार को गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 90वें संस्थापक सप्ताह समारोह के समापन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे। जबकि, कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएम योगी ने की। लोक सभा अध्यक्ष शनिवार को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के सात दिवसीय संस्थापन सप्ताह समारोह के मुख्य महोत्सव को बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, गोरक्षपीठ की परंपरा को कठिन परिश्रम के साथ योगी आदित्यनाथ आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। मुगल शासकों के आक्रमण से बचाने का काम ऐसे पीठ और मंदिरों ने किया है। महंत दिग्विजय नाथ की चर्चा करते हुए कहा कि महंत जी ने सोचा था कि आजादी के साथ ऐसी शिक्षा व्यवस्था बनाई जाए। जिससे समाज को आगे ले जाया जाए।

# पंजाब में आतंकी हमला

## सरहाली थाने पर दागा रॉकेट लॉन्चर

### हड़कंप

**तरनतारन में हुए आतंकी हमले की खालिस्तानी संगठन ने ली जिम्मेदारी, यूएपीए के तहत एफआईआर दर्ज**



**तरनतारन।** पंजाब में आतंकी हमला होने की खबर सामने आई है। आतंकियों ने शुक्रवार आधी रात तरनतारन के सरहाली थाने को निशाना बनाते हुए राकेट लांचर से हमला किया है। हमले से जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का मुआयना किया।

पुलिस थाने पर हुए रॉकेट हमले की जिम्मेदारी प्रतिबंधित खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस ने ली है। बता दें कि रात करीब एक बजे दागा गया राकेट थाने के लोहे के गेट से टकराया और थाने में बने सांझ केंद्र में गिरा। इससे भवन की खिड़कियों के शीशे टूट गए। इस घटना पर आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल का बयान भी सामने आया है। उन्होंने कहा कि इसपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जब से आप सत्ता में आई है, पंजाब में बड़े गैंगस्टर पकड़े गए हैं। पुराने दलों के संरक्षण में काम कर रहे लोगों को पकड़ा गया है।

पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि बीती रात करीब 11 बजकर 22 मिनट पर आरपीजी का इस्तेमाल कर हाईवे से ग्रेनेड दागा गया। यह सरहाली थाने के सुविधा केंद्र से टकराया। उन्होंने कहा कि यूएपीए के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है और फॉरेंसिक टीम घटनास्थल की जांच कर रही है। डीजीपी ने कहा कि यह पड़ोसी देश की एक रणनीति है कि वह भारत को खतरनाक घाव दे। उन्होंने कहा कि बीएसएफ और केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर पंजाब पुलिस इस घटना की जांच करेगी। *एजेंसी*

## हमें लंबे युद्ध के हालात के लिए तैयार रहना चाहिए

**नई दिल्ली।** एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कहा कि पहले हम खुद को छोटी और तेज लड़ाई के लिए तैयार करते थे, लेकिन अब हमे लंबे युद्ध की तैयारी करने की जरूरत है। जिस तरह से इस साल फरवरी माह में रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध चल रहा है और 9 महीने से अधिक का समय होने के बाद भी यह युद्ध खत्म नहीं हो सका है, ऐसे में इतने लंबे समय से चल रहे युद्ध को लेकर एयर चीफ मार्शल ने कहा कि अब हमे लंबे युद्ध की तैयारी करने की जरूरत है।



दरअसल जिस तरह से रूस जैसे बड़े और समृद्ध देश जिसकी ताकत यूक्रेन के मुकाबले कहीं ज्यादा है, वह कई महीने बाद भी निर्णायक स्थिति में नहीं पहुंच सका है, उसकी वजह से एयर एयर चीफ मार्शल ने लंबे युद्ध की तैयारी पर जोर दिया है। एयर चीफ मार्शल ने रूस-युक्रेन युद्ध से मिले सबक को लेकर कहा कि पहले तो हमे इस बात की जरूरत है कि युद्ध के क्षेत्र में आपकी हवाई श्रेष्ठता होनी बहुत जरूरी है।

# भूपेंद्र पटेल दोबारा चुने गए विधायक दल के नेता

## गुजरात सीएम की शपथग्रहण से पहले दिल्ली में मंत्रिमंडल पर लगेगी मुहर

**गांधीनगर।** गुजरात में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के नवनिर्वाचित विधायकों ने शनिवार को बैठक में भूपेंद्र पटेल को पार्टी के विधायक दल का नेता चुना। वह दूसरी बार भी राज्य के मुख्यमंत्री बने रहेंगे। पार्टी के प्रदेश मुख्यालय 'कमलम' में हुई बैठक में पटेल को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता घोषित किया गया।

पटेल ने शुक्रवार को अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ राज्य में नई सरकार के गठन से पहले अपना इस्तीफा दे दिया था। बताया जा रहा है कि राज्यपास से मिलकर वह सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे और उसके बाद दिल्ली निकल जाएंगे। दिल्ली में आलाकमान के साथ बैठक के बाद उनके मंत्रिमंडल के मंत्रियों की लिस्ट पर मुहर लगेगी। सोमवार को वह शपथ ग्रहण कर सकते हैं। गुजरात में बीजेपी ने विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। नवनिर्वाचित विधायक कमलम में मिले, जहां भूपेंद्र पटेल को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में नामित करने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। विधायक दल की बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षकों के तौर पर बीजेपी के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह, बी एस येदियुरप्पा और अर्जुन मुंडा मौजूद रहे। पटेल ने इस साल के चुनाव में अहमदाबाद जिले की घाटलोडिया विधानसभा सीट से लगातार दूसरी बार 1.92 लाख मतों से जीत हासिल की। पिछले साल सितंबर में उन्हें विजय रूपाणी की जगह मुख्यमंत्री बनाया गया था। गुजरात की 182 विधानसभा सीट में से 156 सीट हासिल कर भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 99 सीट मिली थीं। पार्टी पहले ही ऐलान कर चुकी है कि नई सरकार का शपथग्रहण समारोह 12 दिसंबर को होगा। समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ-साथ भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी मौजूद रहेंगे। बीजेपी के प्रदेश प्रमुख सी आर पाटिल ने कहा था कि भूपेंद्र पटेल मुख्यमंत्री बने रहेंगे और नई सरकार का शपथग्रहण समारोह सोमवार को गांधीनगर के हेलीपैड ग्राउंड में होगा।

### उपलब्धि

**भूपेंद्र पटेल ने गुजरात में दर्ज की है रेकॉर्ड जीत**



## लेवाना सुइट्स अग्निकांड में पांच और अफसरों तक पहुंची जांच की आंच

**लखनऊ।** होटल लेवाना सुइट्स अग्निकांड की जांच की आंच एलडीए के पांच और अधिकारियों तक पहुंच गई है। ये अफसर भी जोन-6 में विहित प्रभारी रह चुके हैं। एलडीए के पूर्व संयुक्त सचिव महेंद्र मिश्र ने शासन में शिकायत की थी कि जोन-6 में कई अन्य अफसर भी तैनात रहे थे, लेकिन उनके नाम सूची में नहीं जोड़े गए। इस पर शासन के नियुक्ति विभाग ने एलडीए को पत्र लिखकर तैनाती का ब्योरा तलब किया था। एलडीए की ओर से भेजे गए विवरण के अनुसार, जोन-6 में रितु सुहास, कमलजीत सिंह, राजीव कुमार की तैनाती रही है, जबकि दो अन्य अफसरों की तैनाती की पुष्टि की जा रही है। रितु सुहास पीसीएस से आईएएस बन चुकी हैं। कमलजीत सिंह अयोध्या नगर निगम के मुख्य अभियंता और राजीव कुमार एलडीए जोन-3 के प्रवर्तन प्राधिकारी हैं। होटल न ढहाने की गुजारिश के मामले में लेवाना सुइट्स प्रबंधन को लखनऊ पीठ से अभी राहत नहीं मिली है।

# हिमाचल के नए सीएम बने 'सुक्खू'

### ताजपोशी

**मुकेश अग्निहोत्री होंगे उपमुख्यमंत्री**



**शिमला।** सुखविंदर सिंह सुक्खू हिमाचल प्रदेश के नए मुख्यमंत्री घोषित किए गए हैं। प्रदेश की राजधानी शिमला में हुई बैठक के बाद सहमति के साथ सुक्खू को सीएम घोषित किया गया।

वहीं उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री चुने गए हैं। कल सुबह 11 बजे शपथग्रह समारोह रखा गया है। शुरूआत में कहा जा रहा था कि प्रतिभा सिंह ने मुकेश अग्निहोत्री को सीएम बनाने का समर्थन दिया था, लेकिन हाईकमान ने सुक्खू पर अंतिम मुहर लगाई। सुक्खू कांग्रेस की ओर से तीसरे मुख्यमंत्री रहे। उनसे पहले यशवंत सिंह परमार व वीरभद्र सिंह बतौर मुख्यमंत्री भूमिका निभा चुके हैं। शुरूआत में सीएम पद के लिए कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व सीएम वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह के अलावा सुखविंदर सिंह सुक्खू, उनके बेटे विक्रमादित्य सिंह, मुकेश अग्निहोत्री और चंदन कुमार के नाम इस रेस में थे, लेकिन अंत में मुकेश अग्निहोत्री और सुखविंदर सिंह में कड़ा मुकाबला दिखा।

आपको जानकारी के लिए बता दें कि 1999 से 2008 के बीच सुक्खू युवा कांग्रेस के प्रमुख भी रहे। सुक्खू दो बार शिमला नगर निगम पार्षद भी चुने गए थे। वह 2013 में हिमाचल कांग्रेस के प्रमुख के पद तक पहुंचे और 2019 तक राज्य इकाई के प्रमुख भी बने रहे। 2003, 2007 और 2017 में नादौन विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे।

# नैनी निवासी वकील की सिर कटी मिली लाश, हड़कंप

**करछना।** थाना करछना क्षेत्र के गधियांव गांव के पास मिर्जापुर हाईवे रोड मर्दापुर मोछा ढाबा के नियर एक तालाब की झाड़ियों में शनिवार सुबह तालाब की ओर शौच को गए ग्रामीणों ने देखा तो एक युवक की सिर विहीन लाश पड़ी थी जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी करछना थाना प्रभारी विश्वजीत सिंह मैं हमराहीओं के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर मृतक युवक की कपड़ों की तलाशी से आधार पैन कार्ड कुछ कागजात से पता चला कि मृतक युवक आशीष दीक्षित 35 वर्ष पुत्र संतोष दिक्षित नंदन तालाब अरैल थाना नैनी निवासी के रूप में हुई जिसकी सूचना परिजनों को दी गई मौके पर पहुंचे परिजन शव की पहचान की परिजनों के मुताबिक मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था पेसे से वकालत करता था तथा एक राजनैतिक पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष था परिजनों के मुताबिक मृतक लाखों रुपए के कर्ज में डूबा था बकायेदारों के तगादे से परेशान होकर


मृतक की फाइल फोटो

विगत दो-तीन महीने से अंदर ग्राउंड हो गया था मृतक आशीष दीक्षित की 8 साल पूर्व शादी माधुरी के साथ हुई थी जिसके 2 बेटियां थी जो एक बीमारी के कारण मौत हो चुकी है घटना की सूचना पर एसपी जमुना पास सौरभ दीक्षित ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है हत्या की वजह और हत्या के बारे में पड़ताल की जा रही है।

## बाइक की टक्कर में सवार घायल, हालत गंभीर

**उरुवा।** बाइक की आमने सामने टक्कर में बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गया। जिसे घटनास्थल पर मौजूद रहे लोगों ने आनन-फानन में इलाज के लिए सीएचसी रामनगर पहुंचाया। जहां पर इलाज के दौरान बाइक सवार की हालत बिगड़ती देख अस्पताल के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। मेजा थाना क्षेत्र के उंचडीह बाजार निवासी धीरज जायसवाल का 38 वर्षीय बेटा शिवराम जायसवाल की शनिवार को दोपहर चौकी दिघिया मार्ग पर रामनगर फुरसतराम का पूरा गांव के सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक सवार शिवराम जायसवाल बुरी तरह घायल हो गए। जिन्हें घटनास्थल पर मौजूद रहे लोगों ने आनन फानन में एम्बुलेंस बुलाकर इलाज के लिए सीएचसी रामनगर भेजवाया।

## दो अलग-अलग गांवों में मार पीट बाउंड्री गिरायी, सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा के दो अलग अलग गांवों में मार पीट के दौरान कई को चोटें आयी है। पुलिस ने एक मामले में पांच दूसरे मामले में दो अन्य अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम लोकई का पूरा छाता निवासी अरुणेश कान्त तिवारी पुत्र स्वर्गीय शीता प्रसाद का आरोप है कि जमीनी विवाद में उसकी बाउंड्री गिरा दी गई और जान से मारने की धमकी भी दी गई। अरुणेश कान्त तिवारी ने मऊआइमा थाने में धीरेंद्र कुमार और क्षृषि प्रजाति और अन्य अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। उधर ग्राम पिलखुआं निवासनीय फूला देवी पत्नी मंगला प्रसाद का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर उसके विरोधी एक राय होकर मारे पीटे और जान से मारने की धमकी भी दिए। फूला देवी ने मऊआइमा थाने में सुशील कुमार, संतोष कुमार, संजय, खुशबू, कछरई के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

# समाधान दिवस : 10 प्रार्थना पत्रों में से चार का निस्तारण


जन शिकायतों को सुनते एसीपी थरवई

**बहरिया।** थाना बहरिया के प्रांगण में महीने के द्वितीय शनिवार को आयोजित किए गए समाधान दिवस की अध्यक्षता नवसृजित एसीपी थरवई जंग बहादुर यादव एवं नायब तहसीलदार फूलपुर देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में संपन्न किया गया। इस समाधान दिवस में कुल 10 प्रार्थना पत्र आए जो कि सभी राजस्व से संबंधित थे। उनमें से चार का निस्तारण मौके पर ही करा दिया गया। बाकी बचे प्रार्थना पत्रों को राजस्व निरीक्षक एवं पुलिस टीम को मौके पर जाकर जांच उपरांत निस्तारण करवाने का निर्देश दिया। शासन द्वारा प्रयागराज को कमिश्नरेट के रूप में सृजित किए जाने के बाद यह पहला समाधान दिवस संपन्न हुआ। इस मौके पर थानाध्यक्ष बहरिया, राजस्व निरीक्षक के साथ समस्त लेखपाल एवं थाने के समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## प्रभारी निरीक्षक ने फरियादियों की समस्याओं को सुना


फरियादियों की समस्याओं को सुनते प्रभारी निरीक्षक लोकेंद्र त्रिपाठी

**थरवई।** थाना थरवई पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज में शनिवार को समाधान दिवस पर प्रभारी निरीक्षक लोकेंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में समाधान दिवस के आयोजन पर थरवई थाने में आये हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना गया जिसमें कई मामले को मौके पर ही निस्तारित किया गया वअन्य कई मामलों को जल्द से जल्द निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया । प्रभारी निरीक्षक ने राजस्व कर्मियों को चेताया की भूमि से संबंधित विवाद के निपटारे में शिथिलता न बरते जल्द से जल्द उसका मामलों को निस्तारण करें। मौके पर उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार उपनिरीक्षक सोहराब अहमद एसएसआई राजीव कुमार श्रीवास्तव व रामेश्वर नाथ राय साथ ही क्षेत्रीय लेखपाल आदि मौके पर मौजूद रहे।

## संक्षेप

### कॉलेज में मनाया गया रंगारंग कार्यक्रम एंव वार्षिक खेल दिवस



**मऊ आइमा।** मऊआइमा के ग्राम खमपुर सिसवां स्थित संगम इंटरनेशनल कॉलेज में मैनेजर वसीम अहमद की उपस्थिती में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रमोटेड इंस्पेक्टर रमेशचंद्र ने फीता काटकर कर शुभारंभ किया। जिसमे खो-खो, मार्च पास्ट, कबड्डी, टोमेटो दौड़, रस्सी कसी आदि खेलों में विद्यालय के बच्चे खेल में बढ़ चढ़ का भाग लिया। एलो हाउस, ग्रीन हाउस, ब्लू हाउस, रेड हाउस में से एलो हाउस की टीम पूरे खेल में विजेता रही । इस मौके पर स्मिता खरे, रोहित गुप्ता, सहायक अध्यापक वीरेंद्र मौर्या, दिनेश पटेल, ज्ञानचंद सरोज, कृष्णकांत सोनी, ओमप्रकाश , प्रदीप कुमार, सुषमा पाल, रश्मि सिंह, गीता सिंह, आरिफा सिद्दीकी , सकरीन,माया पूजा पाल, युसूफ, खालिद समेत अन्य शिक्षक व अभिभावकगण मौजूद थे।

### हजरत शुजा शाह की दरगाह पर जुटे जायरीन



**सिकदंरा।** हजरत शुजा शाह रहमतुल्लाह अलैह दरगाह का सालाना उर्स बडे ही धूमधाम से मनाया गया। सिकंदरा के जुगनीडीह गांव के मजरा शाहजी का तकिया में करीब 130 साल से हजरत शुजा शाह दरगाह का उर्स मनाया जाता रहा है। इसी सिलसिले में शुक्रवार रात हजारों अकिदतमंदो नें दरगाह पर हाजिरी लगायी। कुलशरीफ के बाद लोगों ने चादर चढ़ाकर मुल्क में अमन चैन के लिए दुआ मांगी। लंगर और प्रसाद भी बांटा गया। इस मौके पर लगे मेलें में कई तरह की दुकान भी लगी थी। जहां लोगों जमकर ने खरीदारी की। देर रात अमीन साबरी बनारस व रिजवान चिश्ती फैजाबाद ,के बीच जवाबी कव्वाली भी हुई। इस दौरान एडवोकेट वकील अहमद, हबीबुल्लाह, मोहम्मद यासीन, फुन्ने शाह, जुनैद, मोहम्मद तौफीक,मोहम्मद अकरम, मोहम्मद आमीन शाह,पोदी बाबा, सम्मू शाह, के अलावा क्षेत्र के इमरान मलिक ,सल्ले मलिक, मोहम्मद परवेज, अबरार अहमद, सोनू मलिक, गुफरान मलिक, अन्नू, पप्पू बालू, अजाज अहमद, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद उबैद, शाहरयार हुसैन, फैजान, आदि लोग रहे।

### निमंत्रण से लौट रहे युवक को अराजक तत्वों ने पीटा

**सहसों।** फूलपुर थाना क्षेत्र के बिगहिया गांव निवासी जितेन कुमार पुत्र मेवालाल शुक्रवार को रात में मोटरसाइकिल से अपने बड़े भाई के साथ निमंत्रण से वा२पस लौटते समय थरवई थाना क्षेत्र के डुमरी मैटर टिकरा गांव पहुंचने पर कुछ अराजक तत्वों ने बाइक को रोक लिया तथा जितेंद्र कुमार की जमकर पिटाई करने लगे।शोर-शराबा सुनकर गांव के लोग पहुंचे तथा उनके हस्तक्षेप से अराजक तत्व फरार हो गए। इस संबंध में जितेन कुमार ने थरवई में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष थरवई लोकेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि घटना हुई है जिसकी जांच पड़ताल की जा रही है।

### महर्षि विद्या मन्दिर नैनी में कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन



**नैनी।** स्थानीय विद्यालय महर्षि विद्या मन्दिर सीनियर सेकण्डरी स्कूल नैनी में तीन दिवसीय कबड्डी (बालक /बालिका) टूनार्मेंट का आयोजन किया । प्रतियोगिता का आयोजन लीग बेसिस पर हुआ जिसमें प्रत्येक हाउस की टीम ने आपस में सभी से मैच खेला । इस इंटर हाउस कबड्डी लीग टूनार्मेंट मे बालक वर्ग में नारायण हाउस ने प्रथम स्थान , वशिष्ठ हाउस ने द्वितीय स्थान एवं परासर हाउस तृतीय स्थान अर्जित किया वही बालिका वर्ग में वशिष्ठ हाउस ने प्रथम , परासर हाउस ने द्वितीय एवं व्यास हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा चन्दोला जी ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का प्रमुख अंग है । खिलाड़ियों का उत्साह अत्यन्त सराहनीय रहा । प्रधानाचार्या जी ने सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया एवं भूरि भूरि सराहना किया ।

### तनाव प्रबंधन का सत्र प्रशिक्षण का आयोजन



**फाफामऊ।** शांतिपुरम स्थित गुरुकुल मांटेसरी स्कूल में शनिवार को स्कूल प्रांगण में सीबीएसई की ओर से एक दिवसीय प्रशिक्षण तनाव से कैसे मुक्त रहे इस विषय पर तनाव प्रबंधन विशेषज्ञों द्वारा कार्यक्रम का अयोजन किया गया। कार्यक्रम में तनाव विशेषज्ञों ने बताया कि योग और ध्यान के अलावा स्कूल में विभिन्न प्रकार के खेल और लघु नाटिका तथा गेम का आयोजनों में भाग लेकर भी तनाव को दूर किया जा सकता है। साथ ही अपने कार्यों की योजना अनुसार सूची बनाकर भी तनाव कम किया जा सकता है। कार्यक्रम में तनाव प्रबंध के शैल तिवारी, डॉ. आभा बी शाह के साथ स्कूल के निदेशक वीरेंद्र सिंह, क्षितिज विक्रम सिंह, प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार शर्मा सहित भारी संख्या में छात्र – छात्राएं उपस्थित रहें।

## अपना दल 'एस' की विधानसभा स्तरीय मासिक बैठक संपन्न


कार्यकर्ताओं को संबोधित करते नागेन्द्र प्रताप सिंह पटेल

**फाफामऊ।** विधानसभा अध्यक्ष सोरांव सुशील पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। प्रयागराज गंगापार के लोकप्रिय जिला अध्यक्ष भानुप्रताप पटेल के साथ बैठक में उपस्थित मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव नागेंद्र प्रताप सिंह पटेल ने कहा कि सभी आवेदक साथी आवेदन करने से पहले चुनाव लड़ने के लिए अपनी स्वतः की कम से कम इक्कीस सक्रिय लोगों की एक टीम बनाने का मूलमंत्र दिया। इससे क्षेत्र में एक बार पुनः आपका और पार्टी का प्रचार और प्रसार भी होगा।साथ ही साथ पार्टी का जैसा भी दिशा निर्देश प्राप्त होगा उसी आधार पर हम सभी लोग निकाय चुनाव लड़ेंगे। बैठक का कुशल संचालन विधानसभा सचिव आदित्य पटेल जी ने किया। बैठक में उपस्थित शिवमूरत पटेल, संजय पटेल दामोदर , जिला मीडिया प्रभारी धर्मराज पटेल बागी,जिला कोषाध्यक्ष नवीन पटेल, विधानसभा उपाध्यक्ष रामफल पटेल, विधानसभा अध्यक्ष आई टी सेल अर्जुन पटेल,विधानसभा महासचिव आई टी सेल अंकित पटेल एवं संदीप पटेल, अध्यक्ष अल्पसंख्यक मंच रईस नूरी, जोन अध्यक्ष बनवारी लाल पटेल, जोन अध्यक्ष शिवप्रसाद पटेल, जोन अध्यक्ष नंदलाल पटेल सेक्टर अध्यक्ष धनीराम पटेल, पार्षद आवेदकों में रुपचंद पासी,सोनू पासी, राहुल सरोज, मुकेश वर्मा,अमर बहादुर विश्वकर्मा सहित पार्टी के बहुत सारे कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## गुजरात में प्रचंड बहुमत भाजपा की नीतियों की जीत : प्रेमशंकर सिंह



**मेजा।** गुरुवार को आए गुजरात विधानसभा व पहली रामपुर में विधानसभा में भाजपा के प्रचंड बहुमत की जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विधान सभा मेजा के छतवा गाँव के भाजपा के बरिष्ट नेता प्रेमशंकर सिंह ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ को बधाई दी। भाजपा नेता प्रेमशंकर सिंह ने कहा कि यह जीत भाजपा के सुशासन व प्रधानमंत्री के गुजरात मॉडल की है और कहा की भाजपा ही एकमात्र पार्टी है जो सबका साथ सबका विकास का मूलमंत्र लेकर चलती है,यह भाजपा के नीतियों की जीत है । श्री सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने जब से देश की कमान संभाली है तब से नित्य प्रति दिन हर क्षेत्र में देश ऊंचाई के शिखर पर जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के रामपुर में हुए विधान सभा के उप चुनाव में कमल खिलना योगी जी के विकास मॉडल और शुशासन की जीत है।

# 'देश बचाओ देश बनाओ' समाजवादी पदयात्रा को मेजा में मिला समर्थन

**मेजा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर उत्तर प्रदेश में देश बचाओ देश बनाओ समाजवादी पदयात्रा पिछले 9 अगस्त को शुरू हुई जिसका नेतृत्व अभिषेक यादव कर रहे हैं पदयात्रा गाजीपुर से चलकर पूर्वांचल के कई जिलों में के साथ साथ 65 विधानसभाओं में होते हुए शुक्रवार को मेजा विधानसभा पहुंची जहां समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं नेताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया बता दें की पदयात्रा बेला से चलकर लखनपुर पहुंची जिसकी दूरी लगभग 22 किलोमिटर है पदयात्रियों ने रात्रि विश्राम लखनपुर में सपा नेता नितेश तिवारी के आवास पर किया ।

जिसमे बेला में पार्टी के जिलाध्यक्ष योगेश यादव और विधायक मेजा संदीप सिंह पटेल ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे अभिषेक यादव ने कहा भाजपा बोलती कुछ और है करती कुछ और है आज समाज का हर वर्ग अपने आप को ढगा महसूस कर रहा है सरकार महिला सुरक्षा व्यापारी हित,नवजवानों को रोजगार, छात्रों को सस्ती पढ़ाई जैसी तमाम मुद्दों पर फेल हो गई है ।


देश बचाओ देश बनाओ समाजवादी पदयात्रा निकालते सपाई

नितेश तिवारी ने कहा कमर तोड़ महंगाई के कारण आमजनमानस दुखी और हताश है। पदयात्रा में जिलाध्यक्ष योगेश यादव विधायक मेजा संदीप सिंह, संदीप यादव यूथ ब्रिगेड के निवर्तमान राष्ट्रीय सचिव नितेश तिवारी, संजय यादव, राघवेंद्र यादव, अविनाश बिधार्थी, जिला पंचायत सदस्य जयशंकर भारती प्रमिल यादव, फतेबहादुर, विजयराज, मैनुदीन अंसारी, इंद्रेश यादव, प्रदीप पटेल, राम जी यादव आदि मौजूद रहे।

# प्रत्येक वार्ड में कमल खिलाना है, भाजपा का प्रत्याशी कमल का फूल है : ओंकारनाथ केसरी

**बैठक**

आपकी एक जुटता और संगठन की रणनीति आपके जीत का शक्ति है : अमरनाथ यादव

कार्यकर्ताओ के शक्ति व सरकार के कार्यो से हमारी एतिहासिक जीत होगी : विभवनाथ भारती

**नैनी।** प्रत्येक वार्ड में कमल खिले कार्यकर्ता अत्यधिक आत्मविश्वास मे ना रहे, जमीन पर कार्य करते हुए कमल के फूल को अपना प्रत्याशी मान सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के साथ सभी कार्यकर्ताओ का प्रयास निरंतर कमल खिलाने में रहे। पार्टी जिसको प्रत्याशी बनाए सभी उसके साथ खडे रहकर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दे। केन्द्र एवं राज्य सरकार की अनगिनत जनकल्याणकारी योजनाएं है।


बैठक में उपस्थित भाजपाई

जिसको आम जन को स्मरण कराते हुए अपने नगर मे भी अपनी सरकार बनाएं। उक्त बातें भाजपा यमुनापार जिला प्रभारी ओंकार नाथ केशरी ने शनिवार को सावित्री देवी महाविधालय सोनाई करछना के बैठक को सम्बोधित करते हुए शत प्रतिशत कमल खिलाने का संकल्प दिलाया। नगर निकाय प्रभारी यमुनापार व भाजपा काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव ने कहा आपकी एक जुटता और संगठन की रणनीति आपकी शक्ति है। आपके सरकार ने जो विकास किया है उससे कमल खिलना तय है। आपको सजग और संगठित रहना होगा। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती ने करते हुए चप्पा-चप्पा कमल खिलाने का कार्यकर्ताओ को मंत्र देते हुए कहा पार्टी कार्यकर्ताओ के शक्ति व सरकार के कार्यो से हमारी एतिहासिक जीत होगी।

## होटल संचालक ने शराबी के आतंक के खिलाफ पुलिस से की फरियाद

**करछना।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत कचरी गांव निवासी राम प्रसाद केसरवानी की कटका बैरियर बाजार में चाय नाश्ता की दुकान है जिस पर बगल में देवरी गांव निवासी पवन कुमार भारतीयता मेडिकल क्लीनिक चलाता है जो शराबी किस्म का है आए दिन शराब के नशे में राम प्रसाद केसरवानी के दुकान पर जाकर भद्दी भद्दी गालियां देता है और जान से मारने की धमकी देता है और शराब पीने के पैसे मांगता है जिसकी शिकायत उसने कई बार पुलिस से किया था लेकिन कोई कार्रवाई ना होने से शराबी पवन कुमार भारतीयता के हौसले बुलंद है और फर्जी मुकदमे में फसाए जाने की धमकी देता है जिसके आतंक से आजिज हो कर राम प्रसाद होटल संचालक ने शनिवार को थाना दिवस पर थाना प्रभारी विश्वजीत को लिखित शिकायत करके जान मांग की सुरक्षा और मेडिकल क्लीनिक चलाने वाले शराबी पवन कुमार भारतीयता के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने की शिकायत दर्ज कराई है।


कथा का रसपान करते भक्तगण

## भगवान राधा श्री कृष्ण गोपियों के संग महारास की लीला सुन आनंद विभोर हुए भक्तगण, भक्तों ने किया कथा का रसपान

**नवाबगंज।** क्षेत्र के बिरसिंहपुर उर्फ रामगढ़ में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन राधा कृष्ण गोपियों के संग महारास एवं कंस वध पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए कथावाचक पंडित पवन देव जी महाराज ने कथा का वर्णन करते हुए श्रोताओं को समझाया इसी बीच कश बध पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए महाराज जी बताने लगे कि अन्याय का एक दिन अंत होता है भगवान श्री कृष्ण एवं रुकमणी से विवाह को पूर्ण कराया वहीं पर लोगों ने पवपुजी कराई गयी महिलाओं ने मंगल गीत गाए भगवान श्री कृष्ण राधा रानी गोपियों के प्रेम में त्याग का वर्णन करते हुए समझाया पंडाल में बैठे श्रोता भावविभोर हो गये मुख्य यजमान श्रीमती सावित्री देवी पत्नी राम अछैवट मिश्रा ने कथा में आए हुए श्रोताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया रविंद्र कुमार मिश्रा, विजय शंकर मिश्रा, पुष्पराज एवं विकास मिस्त्र रत्नेश, मनोज, शुभम, देवेंद्र मिश्रा, राहुल, धीरज मिश्रा, अधिवक्ता गौरव पांडे, केशव प्रसाद मिश्र, आसुतोश मिश्रा, आलोक, सत्यम शुक्ला, अंशु शुक्ला, आशीष शुक्ला, रमाकांत शुक्ला, यज्ञनारायण, लक्ष्मी नारायण, अनिल मिश्र, विद्या भूषण शुक्ला, अंकित, राकेश शुक्ला उपस्थित रहे।

## ल्युसिफर और हंटिंग ब्लास्टर ने जीते मैच

**प्रयागराज।** ल्युसिफर इलेवन और हंटिंग ब्लास्टर ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर प्रयागराज चैंपियन कप क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक जुटाए। डीएवी कॉलेज मैदान पर शनिवार को खेले गए पहले मैच में ल्युसिफर इलेवन ने 20 ओवर में 2 विकेट पर 300 रन (नीलेश त्रिपाठी 90, विपिन पाल 66 नाबाद, अमन सूरी 49, संजीत पाल 36 अविजित, अखिलेश व रामानुज एक-एक विकेट) बनाकर स्ट्राइकर्स क्लब को 20 ओवर में 187 रन (ऐश अरोरा 61, अर्पित 27, अमन केसरवानी 20, विपिन कुमार 4/33) पर सीमित किया। दूसरे मैच में हंटिंग ब्लास्टर्स ने 20 ओवर में 213 रन (सुशांत 79, निखिल कुमार 43, आजाद खान 30, रिशद खान 21, अतुल मिश्र, आस्तिक दुबे, आशुतोष व विवेक उपाध्याय दो-दो विकेट) बनाकर प्रयाग बुल्स को 20 ओवर में 195 रन (सिद्धार्थ रंजन 66, आस्तिक दुबे 34, आशुतोष 25, यूसुफ, शीबू व तल्हा एक-एक विकेट) पर सीमित किया।


वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग करते बच्चे

## टीएमपीएस स्कूल में वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव का आयोजन

**फाफामऊ।** मलाक हरहर महरूडीह स्थित टीएमपीएस इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को स्कूल परिसर में वार्षिक क्रीडा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में स्कूल के बच्चों ने बढ़चढ़ के हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्कूल के सचिव अभिनव मेहरोत्रा रहे। खेल की शुरूआत शपथ ग्रहण समारोह से हुआ नर्सरी और प्रेप के नन्हें बच्चों ने बकेट गेटिंग रेडी फॉर स्कूल रेस में रोचक प्रदर्शन किया। इसी प्रकार कक्षा 1,2, और तीन के छात्रों ने पिकनिक रेस, पिकिंग दी फ्रूट्स, बाल रेस, सैग रेस, पॉम ड्रिल, बनी रेस, स्पून एण्ड लेमन रेस में भाग लिया। कक्षा 4 वा 5 के छात्रों द्वारा हडल रेस काड बोंड रेस, थ्री लेजिड रेस, नेकलेस रेस में भागीदारी की। कक्षा 6,7 और 8 के छात्रों ने फ्लेट रेस 80 मीटर और इंटर हाउस मिश्रित रिले 40*4 मीटर में सहभागिता किया। इस दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में सभी छात्रों को स्कूल के प्रिंसिपल वेलेन टाइन मैसी ने बधाई दी।

# राजस्व विभाग द्वारा चारागाह की जमीन का सीमांकन कर बुल्डोजर चलवाकर कब्जाधारकों से कराया मुक्त, हड़कंप

**कार्यवाही**

नवाबगंज के माधोपुर चांधन उर्फ घाटमपुर गांव का है मामला, मचा रहा हड़कंप

**नवाबगंज।** नवाबगंज के माधोपुर चांधन उर्फ घाटमपुर गांव में सालों से चारागाह की जमीन पर कब्जा कर खेती की जा रही थी। ऐसे में राजस्व कर्मियों द्वारा चारागाह की भूमि का सीमांकन कर बुल्डोजर चलवाकर कब्जाधारकों से कब्जा मुक्त कराया है। जिससे कब्जा धारकों में खलबली मची रही।

सोरांव तहसील अंतर्गत नवाबगंज के विकास खंड कौड़िहार के माधोपुर चांधन उर्फ घाटमपुर गांव की चारागाह भूमि पर तीन दशकों से कब्जाधारकों द्वारा कब्जा कर खेती की जाती रही है। शनिवार को कानूनगो हरि शंकर श्रीवास्तव, लेखपाल प्रदीप कुमार,


मौके पर मौजूद कानूनगो व ग्राम प्रधान सहित पुलिस

प्रधान रेखा पाल, नवाबगंज एस आई धर्मेन्द्र यादव मयफोर्स के साथ गांव पहुंचे। जिसके बाद राजस्व कर्मियों द्वारा चारागाह की जमीन का सीमांकन किया। वहीं प्रशासन की मौजूदगी में बुल्डोजर चलवाकर कब्जाधारकों से चारागाह की जमीन को कब्जा मुक्त कराया है। जबकि पिछले दिनों घाटमपुर पहुंचकर सोरांव तहसीलदार ओम प्रकाश शुक्ल की मौजूदगी में बुल्डोजर चलवाकर कब्जाधारकों से चारागाह की भूमि पर कब्जा हटवाते हुई कार्रवाई की है। वहीं प्रशासन की कार्रवाई से कब्जाधारकों में खलबली मची रही।



पतंजलि ऋषिकुल के भव्य वार्षिकोत्सव समारोह में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

# प्रयागराज



## मौसम



अधिकतम : 29.00
न्यूनतम : 15.00
सूर्योदय : 06.19
सूर्यास्त : 05.15

## टी-20 क्रिकेट का फाइनल आज

**प्रयागराज।** एके इंफ्राड्रीम टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रविवार को जय सेल्स वॉरियर्स और राजशिला क्रिकेट क्लब के बीच सुबह 9 बजे से खेला जाएगा। आयोजन सचिव परवेज आलम के अनुसार मैच में एके इंफ्राड्रीम के प्रबंध निदेशक हिमांशु कुशवाहा व नुरुल हक अतिथि होंगे।

# रोडवेज बस की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की दर्दनाक मौत

**प्रयागराज ।** सिविल लाइंस बस अड्डे पर दर्दनाक हादसे में स्कूटीसवार राजबहादुर (34)की मौत हो गई। वह एक परिचित को छोड़ने के लिए आया था, तभी उसकी स्कूटी में रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। सिर पर गंभीर चोट लगने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। राजबहादुर मूल रूप से घूरपुर के कटरा उभारी गांव का रहने वाला था। वह नैनी के डांडी में प्रदीप कुमार गुप्ता की कृषि उपकरणों की दुकान पर काम करता था। शनिवार दोपहर तकरीबन एक बजे वह अपने परिचित को छोड़ने के लिए सिविल लाइंस बस अड्डे पर आया था। परिचित को छोड़कर वह वापस जाने के लिए बढ़ा ही था कि तभी वहां पहुंची गोरखपुर डिपो की बस ने उसकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। इससे वह छिटककर दूर जा गिरा और सिर पर गंभीर चोट लगने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का आगे का कुछ हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर जुटे लोगों ने सूचना दी तो पुलिस पहुंची। जेब में मिले मोबाइल से संपर्क करने पर उसकी शिनाख्त हुई। फिर घरवालों को सूचना दी गई। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने शव को मर्चरी भिजवा दिया। आरोपी चालक जौनपुर निवासी ज्ञानेंद्र को हिरासत में ले लिया। इंस्पेक्टर सिविल लाइंस वीरंद्र यादव ने बताया कि पोस्टमार्टम रविवार को कराया जाएगा। परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। वही एआरएम सी बी राम से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि बस को आगे पीछे करते समय यह हादसा हुआ है । उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग की बस (यूपी 11 टी.5812) बस स्टैंड पर खड़ी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बस ड्राइवर ज्ञानेंद्र सिंह बस चालू कर आगे-पीछे कर रहा था। तभी अचानक बस स्पीड में आगे बढ़ गई। बताया जा रहा है कि बस खराब होने की वजह से यह घटना घटित हुई है। मृतक घूरपुर थान क्षेत्र के कटरा उभारी गांव का रहने वाला था। वह किसी काम से बस स्टैंड पर आया था।



युवक की मौत के बाद सिविल लाइन्स बस अड्डे पर जुटी लोगों की भीड़

# छोटी बहन को स्कूल छोड़ने जा रहे भाई की मंझे से कटी गर्दन

**झूंसी।** झूंसी थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार की सुबह अंकित मिश्रा उम्र लगभग 20 वर्ष सराय तकी झूंसी क्षेत्र का रहने वाला है, सुबह तकरीबन 8 बजे अपनी बहन को सेंट्रल एकेडमी स्कूल छोड़ने जा रहा था तभी अचानक चाइनीज मंझा गले में आकर फंस गया गनीमत रही कि ठंड की वजह से अपनी जैकेट को गर्दन तक पहने हुए थे फिर भी चाइनीज मंझे की धार से जैकेट को काटते हुए गर्दन को भी काट दिया हालांकि वह इस घटना में बाल-बाल बच गए मगर इस तरह की घटना आए दिन सुनने को मिलती रहती है। कुछ दिन पहले ही यमुना पुल पर इसी तरह का मामला प्रकाश में आया था जिसमे युवक की जान भी चली गई थी। सबसे बड़ी बात तो यह है कि चाइनीज मंझे पर पूर्ण रूप से सरकार का प्रतिबंध लगा हुआ है फिर भी लोग चाइनीज मंझे का प्रयोग कर रहे हैं मगर किसी भी प्रकार का पुलिस प्रशासन की तरफ से इन सब चीजों को लेकर ना ही कोई जागरूकता फैला रहे हैं ना ही इस पर किसी भी प्रकार का रोक लग रहा हैं । इस तरह के मामलों को अगर पुलिस विभाग गंभीरता से नहीं लेता है तो आए दिन इसी तरह की घटनाएं सुनने को मिलेगी। शहर भर में हजारों ऐसी दुकानें हैं जो अवैध तरीके से चाइनीज मंझे को बेच रहे हैं उन दुकानदारों पर किसी भी प्रकार का कोई कार्रवाई नहीं हो रहा है । क्षेत्र में लोगों के अंदर भय बना हुआ है घर से निकलने के बाद या लोग सुरक्षा के दृष्टिगत गर्दन पर मफलर बांध कर जा रहे हैं या तो बहुत ही सावधानी से अपने गर्दन पर हाथ रखकर जा रहे हैं। एक दिन पहले इसी तरह झूंसी क्षेत्र के पुलिस चौकी के समीप मंझे से एक और व्यक्ति घायल हो गया था मगर मंझा उसकी गर्दन के बजाय उसके हाथ में लगा जिससे उसके हाथ में भी जख्म के निशान बन गए थे।



मंझे से घायल अंकित का इलाज करते डॉक्टर

## संक्षेप

### विज्ञान कला व सामाजिक प्रदर्शनी आयोजित

**प्रयागराज।** महावीर ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के संघटक महावीर पब्लिक स्कूल के कला द्वारा विज्ञान कला व सामाजिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों के द्वारा भिन्न भिन्न प्रकार के मॉडल रेन वाटर स्क्रीचिंग मोसन आदि का प्रदर्शन किया गया जिसमें मुख्य रुप से रिचा कुशवाहा कक्षा 10 आयुषी कक्षा 9 सराया कक्षा नौ रूचि मौर्य कक्षा 9 एसी द्विवेदी कक्षा आस्था द्विवेदी आराध्या केसरवानी कक्षा 7 कृतिका सिंह कक्षा 7 साहिला बैतूल कक्षा 7 वारिस कक्षा 9 दीपक कक्षा 6 श्रुति कक्षा 5 आदित्य कक्षा दो ने प्रतिभाग किया जिसमें मुख्य रुप से उप प्रधानाचार्य प्रज्ञा पांडे अनुशासन व्यवस्था पर बृजेश त्रिपाठी प्रशासनिक अधिकारी अनिल कुमार गर्ग जगदीश कुमार पंकज शामिल रहे। इस कार्यक्रम में शिक्षकों अभिभावकों व महावीर संस्थान के अन्य संकाय के प्रधानाध्यापकों व शिक्षकों ने उपस्थिति दर्ज करा कर विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया

### सभासद ने आप का थामा दामन



**प्रयागराज।** आम आदमी पार्टी प्रयागराज दक्षिण के जिला अध्यक्ष डॉक्टर अल्ताफ अहमद ने बताया कि पूरे उत्तर प्रदेश के इकलौते शिवसेना के दो बार के जीते हुए सभासद दीपेश कुमार यादव ने शनिवार को शिवसेना छोड़क आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए।दीपेश मुट्ठीगंज भाग 2 से पार्षद का चुनाव जीता था लेकिन आज दीपेश कुमार यादव ने सिर्फ पार्टी नहीं ज्वाइन किया बल्कि चुनाव लड़ने के लिए वार्ड नंबर 57 काशीराज नगर से आवेदन फॉर्म भी भरा है। दीपेश कुमार यादव ने बताया कि पिछले कई वर्षों से आम आदमी पार्टी के कार्यों से बहुत प्रभावित हुए हैं आम आदमी पार्टी द्वारा दिल्ली के कामों को मैंने खुद जाकर देखा अरविंद केजरीवाल जी ने जिस तरह से दिल्ली में स्कूल,अस्पताल, सड़कों और नालियों के लिए काम किया है वह काबिले तारीफ है। उनके कामों को देखते हुए मैंने भी यह निश्चय किया कि मुझे भी आम आदमी पार्टी से अगर मौका मिलेगा तो मैं चुनाव लड़ूंगा और अपने वार्ड की जनता की सेवा करूंगा।

### समाधान दिवस पर छः प्रार्थना पत्र आये



**माण्डा।** शनिवार को मांडा थाने में समाधन दिवस का आयोजन। तहसीलदार मेजा डा विशाल शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। समाधान दिवस में राजस्व संबंधित कुल छः प्रार्थना पत्र आए जिसका मौके पर निस्तारण नहीं हो सका सभी मामले राजस्व से सम्बंधित थे इसलिए राजस्व टीम गठित कर निस्तारण के लिए आदेशित किया गया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार गौतम वरिष्ठ उपनिरीक्षक रामकेवल यादव, उपनिरीक्षक अरुण कुमार शुक्ल, उपनिरीक्षक रितेश यादव मौजूद रहें।

### हिंदुस्तानी एकेडमी में साहित्य महोत्सव का उद्घाटन



**प्रयागराज।** हिंदुस्तानी एकेडमी उत्तर प्रदेश, प्रयागराज एवं नया परिमल प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में 10 दिसंबर 2022 से प्रारम्भ होने वाले प्रयाग साहित्य महोत्सव का उद्घाटन सत्र सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में एकेडमी के सचिव देवेंद्र प्रताप सिंह ने आमंत्रित अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, स्मृतिचिन्ह एवं अंगवस्त्रम देकर किया। इस अवसर पर डॉ. विनम्रसेन सिंह द्वारा सम्पादित पुस्तक श्यामलघट:अमृत कलश-डॉ. कन्हैया सिंह: जीवन और सृजन का विमोचन अतिथियों द्वारा किया। स्वागत सम्बोधन में एकेडमी के सचिव देवेंद्र प्रताप सिंह ने मंचासीन अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि- साहित्य साधना है तो प्रयागराज इस साधना का केंद्र बिंदु है। हिंदी साहित्य में जितने भी आंदोलन हुए उसका केंद्र प्रयाग ही रहा और साहित्य साधना की स्थली हिंदुस्तानी एकेडमी । साहित्योत्थान की दृष्टि से विभिन्न विषयों पर छः दिवसीय ह्यप्रयाग साहित्य महोत्सवह्व का आयोजन हिंदुस्तानी एकेडमी एवं नया परिमल द्वारा किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. नंदकिशोर पांडेय ने कहा कि- परिमल ने हिंदी साहित्य ही नहीं भारतीय राजनीति को परिवर्तित किया। काशी लुप्त हो गई प्रेमचंद और प्रसाद के बाद। पुरखों द्वारा रचित संस्थाओं को विनष्ट होने से बचाना चाहिए। त्रिवेणी संगम अनेक विचार सरणियों का संगम है। काव्यनाटक के क्षेत्र में धर्मवीर भारती ने अंधा युग में बड़ा प्रयोग किया। धर्मयुग हर घर में हर टेबल की शोभा होती थी। 1971 के युद्ध का बार्डर से रिपोर्टिंग की धर्मवीर भारती ने धर्मयुग में। धीरेन्द्र वर्मा लेखक भी थे और प्रशासक भी ।

# शहर में जीएसटी को लेकर दुकानों पर हुई छापामारी, दुकान छोड़कर भागे व्यापारी



जीएसटी की छापेमारी से भयभीत दुकानदार

**प्रयागराज।** जीएसटी को लेकर विभाग ने शहर के विभिन्न इलाकों में छापेमारी की तो व्यापारियों में हड़कंप मच गया चौक, जीरो रोड, चक, कोठा पार्चा समेत पुराने शहर के अधिकांश इलाकों के व्यापारी दुकान बंद कर भाग निकले। जब इसकी जानकारी उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अनूप वर्मा एवं जिला कोषाध्यक्ष राजेश केसरवानी को हुई तो मौके पर पहुंचकर कार्यवाही की जानकारी लेते हुए व्यापारी के पंजीयन से अवगत हुए कारण जाना। अनूप वर्मा ने जनसंदेश टाइम्स को बताया कि व्यापारियों का कहना है कि हमारे आधार कार्ड पर मो०नंबर लिंक ना होने के कारण पंजीयन नहीं हुआ ठीक होते ही पंजीयन करा लिया जाएगा इस आश्वासन पर विभाग के लोगों द्वारा स्टॉक चेक करके जिला अध्यक्ष अनूप वर्मा जिलाकोषाध्यक्ष राजेश केसरवानी एवं व्यापार मंडल को धन्यवाद ज्ञापित किया संपूर्ण कार्यवाही की जानकारी लखनऊ कार्यालय में संरक्षक/नगरध्यक्ष राजीवकृष्ण श्रीवास्तव को भी दिया साथ ही यह भी आश्वासन दिया आगे की कार्यवाही में व्यापार मंडल को सूचित कर और साथ लेकर कार्रवाई की जाएगी।

# सेल्स मैन ने ही रची थी लूट की साज़िश

## लूट के 3.5.लाख रुपए, अवैध हथियार व लूट में प्रयुक्त बोलेरो बरामद

**प्रयागराज।** विगत दिनों करछना में बैंक ऑफ बड़ौदा साधु कुटी के सामने से रुपयों भरा बैग छीनकर भाग निकले थे । पुलिस काफी दिनों से इनकी रेकी कर रही थी शनिवार को भागे बदमाशों को करछना पुलिस व यमुना पार एसओजी की टीम ने गिरफ्तार कर उनके पास से लूटे गए 3.50 रुपयों सहित अवैध हथियार एवं लूट में प्रयुक्त बोलेरो कार व मोटरसाइकिल बरामद किया है।

लूट का मास्टरमाइंड भुक्तभोगी सेल्समैन अजीत कुमार पांडे ही निकला जिसने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर लूट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस तथा स्थानीय ग्रामीणों के प्रयास से उक्त लूट कांड का पदार्फाश कर दिया। विगत 6 दिसंबर को थाना करछना के रेडियंट सीएमएस के कर्मचारी अजीत कुमार पांडे ने पुलिस में शिकायत दर्ज की की दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवार बैंक ऑफ बड़ौदा साधु कुटी के सामने से उसका रुपयों भरा बैग छीन कर भाग गए हैं। इस बाबत थाना करछना व यमुनापार एसओजी की टीम उनके पीछे लग गई। जिसका परिणाम जल्द ही सामने आ गया।



मामले का खुलासा करते पुलिस अधिकारी

पुलिस के अनुसार वादी अजीत कुमार पांडे कंपनी का सेल मैन था उसने अपने दो अन्य साथियों अनिरुद्ध व नितेश के साथ मिलकर उक्त लूट कांड को अंजाम दिया। तीनों ने आपस में प्लान बनाया की लूटपाट करते समय अजीत उसका विरोध नहीं करेगा और वह उक्त पैसों का आपस में बटवारा कर लेंगे। पर उनकी यह चाल धरी की धरी रह गई। पुलिस ने घटना का पटाक्षेप कर लूट के रुपए, घटना में प्रयुक्त बोलेरो कार व मोटरसाइकिल तथा अवैध हथियार बरामद किए।

घटना को अंजाम देने के पूर्व ही उक्त तीनों ने अपने मोबाइल स्विच ऑफ कर दिए थे जिससे वह सर्विलांस की पकड़ में ना आ सके। परंतु पुलिस ने उनकी इस मंशा पर भी पानी फेर दिया। स्थानीय ग्रामीणों को हुलिया बताने पर ग्रामीणों ने अनिरुद्ध निवासी ग्राम ककरम थाना करछना व नितेश पाण्डेय निवासी वीरपुर थाना करछना को गिरफ्तार किया तो पूरी कहानी सामने आ गई।

# निडर होकर दुकान खोलें व्यापारी : सुशांत केसरवानी

**प्रयागराज।** जीएसटी सचल दल के छापे से व्यापारियों की नींद उड़ गई है शनिवार को छापेमारी की खबर मिलते ही शहर के विभिन्न इलाके के व्यापारी दुकान छोड़कर भाग निकले इस मामले में प्रयागराज व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुशांत केसरवानी ने व्यापारियों से निडर होकर दुकान खोलने की अपील किया है ।जिलाध्यक्ष सुशांत केसरवानी ने उच्च अधिकारियों से पुनः बात किया और बाजारों में वरिष्ठ पदाधिकारी राजकुमार केसरवानी, मुसाब खान, मनीष गुप्ता, आनद जी टंडन, बृजेश चौरसिया ने घूम कर व्यापारियों से अपील किया की प्रिय सम्मानित व्यापारी बंधु आप सभी प्रयागराज के व्यापारियों से निवेदन है की बिना किसी डर के अपनी दुकानें खोले अगर किसी के यहां किसी प्रकार का



छापा पड़ता भी है तो पुरे बाजार के व्यापारी एकत्र हो कर अधिकारियों से बात करे अगर आपको लगता है की उत्पीड़न हो रहा है तो प्रयागराज व्यापार मंडल की टास्क फोर्स और उनके पदाधिकारियों से संपर्क करे संगठन पूर्ण रूप से आपके साथ है किसी भी प्रकार का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा अपनी दुकान के बाहर जीएसटी का नंबर को साफ साफ अंकित करवा लीजिए आज पुनः उच्च अधिकारियों से वार्ता हुई जिसमे उन्होंने बतलाया की इस समय पूरे प्रदेश में एक स्पेशल जाँच आदरणीय कमिश्नर के आदेश से चल रहा है जिसको आप सब रक्ष के नाम से जानते है , यह जांच सभी के दुकानों की नही होनी है इसकी एक सूची तैयार की गई है उस सूची के अनुसार जाँच चल रही है इसमे दुकान बंद करने की कोई जरूरत नही है जिस दुकान का नाम सूची में है यदि मौके पर आप दुकान बंद रखेंगे तो अधिकारी दुकान का ताला सीज कर देंगे और नोटिस चस्पा कर देंगे फिर आपको स्वयं निवेदन करना पड़ेगा जांच के लिए जिस दुकान पर जांच हो रही है उसके अगल बगल की दुकान बंद करने की बिल्कुल जरूरत नही है।

# सिपाही मनोज के तबादले पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**प्रयागराज।** पुलिस कैंटीन में खराब खाने का वीडियो वायरल करने वाले सिपाही मनोज कुमार के तबादले पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। इस मामले में कोर्ट ने यूपी सरकार से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। फिरोजबाद में तैनात सिपाही मनोज कुमार ने खराब खाने का वीडियो वायरल कर दिया था। सोशल मीडिया में वीडियो तेजी से वायरल हो गया, जिसकी जानकारी अधिकारियों तक पहुंच गई। विभाग की छवि धूमिल करने और अनुशासनहीनता के आरोप में उसका ट्रांसफर फिरोजबाद से गाजीपुर कर दिया गया था। जिसको मनोज कुमार ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। मामले की अगली सुनवाई 23 फरवरी 2023 को होगी।

## सात दिन बाद दर्ज की गई ग्राम प्रधान की रिपोर्ट

**बहरिया।** रिपोर्ट लिखाने गए ग्राम प्रधान को थाने से डांट कर भगाने के मामले में अधिकारियों की फटकार पर बहरिया पुलिस ने सात दिन बाद शनिवार को आखिरकार मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ एससी एसटी समेत विभिन्न गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज किया है। ग्राम प्रधान पर दो बार हमला होने और थाने से डांट कर भगाने की खबर जब समाचार पत्रों में छपी तो हड़कंप मच गया। सिलोखरा के ग्राम प्रधान पन्नालाल कनौजिया रविवार को तिराहे पर कुछ लोगों से बात कर रहे थे। तभी गांव के आधा दर्जन लोग लाठी डंडा लेकर हमला बोल दिया। लोगों के बीच बचाव से किसी तरह पन्नालाल की जान बची। हमलावर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया और धमकी देते हुए चले गए। जिसकी शिकायत थाने पर ग्राम प्रधान ने किया। लेकिन पुलिस कार्यवाही के बजाय मामले को रफा-दफा करने में लग गई और दबंगों के खिलाफ शांति भंग की कार्यवाही कर अपना पल्ला झाड़ लिया। मंगलवार को दबंगों ने फिर धक्का-मुक्की की और जमकर अभद्रता की। लेकिन इसके बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। पुलिस ने फिर शांति भंग कार्यवाही की ।ग्राम प्रधान ने क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल और ब्लॉक प्रमुख बहरिया शशांक मिश्रा से शिकायत की। तो थानाध्यक्ष का पारा और गर्म हो गया। आरोप है कि जब ग्राम प्रधान दोबारा थाने पहुंचे तो थानाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह भड़क गए और डांट कर भगा दिया। मीडिया में मामला उछलने और ग्राम प्रधान का वीडियो वायरल होने परअतिरिक्त पुलिस आयुक्त आकाश कुलहरि ने मामले की जांच एसीपी थरवई जंग बहादुर यादव को सौंपी। पुलिस की लापरवाही सामने आने पर एसीपी ने फटकार लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करने को कहा। बहरिया पुलिस ने शनिवार को रमेश कुमार, प्रदीप कुमार, राम प्रकाश, लवकुश सहित परिवार के अन्य लोगों के खिलाफ एससी-एसटी समेत विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

## सेंट जोसेफ और चंद्रकला इलेवन में होगा उद्घाटन मुकाबला

**प्रयागराज।** द्वितीय कालिदास मेमोरियल टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता रविवार से दौलत हुसैन इंटर कॉलेज मैदान पर शुरू होगी। उद्घाटन मुकाबला चंद्रकला यूनिवर्सल इलेवन और सेंट जोसेफ क्रिकेट क्लब के बीच सुबह 9 बजे से खेला जाएगा। प्रतियोगिता के संरक्षक आशीष एवं महासचिव मनीष यादव ने बताया कि उद्घाटन समारोह में पुलिस उपायुक्त नगर संतोष कुमार मीणा मुख्य अतिथि एवं सेंट जोसेफ कॉलेज के प्रधानाचार्य रेव्ह फादर थॉमस कुमार विशिष्ट अतिथि होंगे। प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को 'मुश्ताक अली अवार्ड' से भी सम्मानित किया जाएगा।

# बदलते परिवेष में बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कारी भी बनाएं : फादर लुइस

**वार्षिक समारोह**

### सेंट जोसेफ स्कूल के वार्षिक समारोह में बच्चों ने लूटी महफिल

**बारा।** सेंट जोसेफ स्कूल शंकरगढ़ के बच्चों ने विद्यालय के वार्षिक समारोह में देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर महफिल लूट ली। घंटों लोग कुर्सी से बिना हिले-डुले चिपके रहे। ऐ मेरे वतन के लोगों, जरा याद करो कुबार्नी... गीत के साथ जैसे ही बच्चे स्टेज पर पहुंचे, एक बारगी सन्नाटा छा गया और यह सन्नाटा गीत के खत्म होने के बाद ही टूटा। विद्यालय के वार्षिक समारोह क्रेसेंडो-2.0 का शुभारंभ मां वीणापाणि की वंदना और स्वागत गीत से हुआ। इसके बाद बच्चों ने शैक्षिक, सामाजिक, धार्मिक और देशभक्ति से जुड़े विभिन्न प्रकार का कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसमें जंगल सफारी, माय फर्स्ट स्कूल, स्माइल इंडिया स्माइल,



वार्षिक समारोह कार्यक्रम में देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

कलरफुल भारत के जरिए अपनी विलक्षण प्रतिभा का परिचय दिया।

वार्षिक समारोह के चीफ गेस्ट, डायोसिस आफ इलाहाबाद के एडमिनिस्ट्रेटर फादर लुइस मुसकरेंस ने कहा, बच्चों को शिक्षित ही नहीं संस्कारी भी बनाइए। मुख्य अतिथि ने बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किए गए विविध कार्यक्रमों की सराहना करते हुए विद्यालय प्रबंधन के द्वारा बनाए गए शैक्षिक माहौल, अनुशासन की तारीफ की। कहा, आज का प्रोग्राम देख ऐसा लगा, जैसे कोई रियलिटी शो चल रहा हो।फादर लुइस ने कहा, विद्यालय की पहचान उनके बच्चे ही होते हैं। विशेष रूप से वार्षिकोत्सव में जब वह अपनी प्रतिभा को रखते हैं तो पता चलता है की विद्यालय का स्तर क्या है। बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की सराहना करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि कार्यक्रम में किसानों के साथ-साथ, पर्यावरण फैमिली नाटक का मंचन दिल को छू गया। उन्होंने विद्यालय परिवार के अनुशासन को देखते हुए पूरे विद्यालय परिवार की सराहना की। कहा, स्कूल सिर्फ ईंट-गारा से बना हुआ भवन नहीं है। यह भवन के साथ-साथ अच्छे टीचर, जीवन निर्माण और अनुशासन का महत्वपूर्ण केंद्र भी है। इसके लिए उन्होंने प्रिंसिपल जोसफ रवि, टीचर्स और बच्चों की जमकर तारीफ की।मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि राजा महेंद्र प्रताप सिंह, फादर थामस कुमार ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों देवेश सिंह, काव्या शर्मा आदि को सम्मानित किया। प्रिंसिपल फादर जोसेफ रवि ने अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सिस्टर अलीना, श्वेता, फादर विंसेट परेरा, विकास समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### छत से गिरकर किशोरी घायल

**कौशाम्बी।** करारी कस्बा निवासी मनोरमा देवी (16) पुत्री रामचंद्र शनिवार सुबह कपड़ा फैलाने के लिए छत पर गई थी। तभी बंदरों का झुंड आ गया। यह देख मनोरमा भागने लगी और जल्दबाजी में छत से नीचे गिर गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों ने बताया कि पैर टूट गया है।

### शौचालय न होने से दिक्कत

**कौशाम्बी।** करारी नगर पंचायत के चौराहे पर सामुदायिक शौचालय का निर्माण नहीं कराया गया है। इसकी वजह से आम लोगों के अलावा महिलाओं को विशेष तौर पर दिक्कत होती है। आसपास के लोगों का कहना है कि चौराहे पर शौचालय बनवाने की मांग कई बार की गई लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया।

### विक्रम की टक्कर से महिला जख्मी

**कौशाम्बी।** नगर कोतवाली क्षेत्र के ओसा चौराहा की अनामिका देवी पत्नी जगरूप शनिवार सुबह कोई सामान लेने दुकान जा रही थी। घर के सामने ही सड़क पार करते वक्त विक्रम ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गई। महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### डीसी मनरेगा की हुई पदोन्नति

**कौशामबी।** डीसी मनरेगा विजय प्रकाश श्रीवास्तव की पदोन्नति हो गई है। फिलहाल उन्हें ग्राम विकास विभाग आयुक्त के लखनऊ कार्यालय में संबद्ध किया गया है। माना जा रहा है कि जल्द ही किसी जिले में नवीन तैनाती दी जाएगी।

### चौराहे से पुलिस चौकी हटाने की मांग

**कौशाम्बी।** करारी चौराहे पर अस्थायी पुलिस चौकी बना दी गई है। इसमें 24 घंटे पुलिस की ड्यूटी लगी रहती है। व्यापारियों का कहना है कि पुलिस को देखकर वाहन चेकिंग के डर से लोग चौराहे पर नहीं आते हैं। इससे कारोबार प्रभावित हो रहा है। लोगों ने चौराहे से चौकी हटाने की मांग की है।

### दबंगों ने युवक को पीटा

**कौशाम्बी।** पश्चिमशरीरा थाना क्षेत्र के फताहीपुर निवासी अमर सिंह ने बताया कि पड़ोसी दबंगों से उसकी रंजिश है। इसे लेकर शनिवार सुबह वह गाली.गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर आरोपितों ने उसकी पिटाई कर दी। पीड़ित ने आरोपितों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दे दी है।

# माह के पूरे दिन, दिन के बारह घंटे सिर्फ वाहन चेकिंग

## समदा नहर रोड, पाल चौराहा सहित समूचे जिले में व्यापारी परेशान

**परेशानी**

**वाहन चेकिंग व जाम की समस्या से परेशान व्यापारी**

**पूरे दिन यातायात पुलिस व उनके साथ मौजूद होमगार्ड वाहन चालकों का करते हैं शोषण**



पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करते व्यापारी

**चायल, कौशाम्बी।** जिले में वाहन चेकिंग के नाम पर यातायात पुलिस बड़ा खेल कर रही है। सुबह तकरीबन नौ बजे से शुरू चेकिंग रात नौ बजे तक चलती है। ऐसे में व्यापारियों का व्यापार चौपट होता दिख रहा है। यह खेल समूचे जिले में हो रहा है। मुख्यालय स्थित समदा नहर रोड व पाल चौराहा से मजाल ज्यादातर दो पहिया वाहन चालक निकल जाए। यूंह कह लिया जाए कि इन इलाकों में दो पहिया वाहन चालक आना ही छोड़ दे रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि वाहन चेकिंग के नाम पर पुलिस का फंडा ही अलग है, पूरे दिन यातायात पुलिस व उनके साथ मौजूद होमगार्ड वाहन चालकों का शोषण करते हैं, कभी-कभी तो कुछ वाहन चालको से गर्मी सर्दी की स्थिति भी बन जाती है। यह हाल समूचे जिले में का है। शनिवार को इन समस्याओं से हलाकान चायल क्षेत्र के व्यापारियों ने पिपरी थाना परिसर में पुलिस अफसरों के साथ बैठक किया। हालांकि अफसरों ने समाधान के लिए आश्वासन दिया।

व्यापारियों ने बताया कि तिल्हापुर मोड़ चौराहे पर और मनौरी बाजार मे प्रतिदिन जाम लगता हैं, जिससे व्यापारियों और ग्राहकों को दिक्कतों से जूझना पड़ता है। जाम की समस्या खत्म कराई जाए। व्यापारियों ने कहा कि सभी चौराहे पर सिपाही की ड्यूटी लगाई जाए ,जिससे जाम की समस्या से मुक्ति मिल सके। वहीं बाजार वाले दिन वाहन चेकिंग मार्केट से हटकर पुलिस करें और ठंड को देखते हुए रात को पुलिस गश्त और तेज किया जाए जिससे चोरी की घटनाएं रुक सके। थाना इंचार्ज ने सभी व्यापारियों से कहां कि वह अपनी.अपनी दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगवाए ताकि अपराध को रोकने में सहयोग मिल सके। बैठक के दौरान व्यापार मंडल तिल्हापुर मोड़ के अध्यक्ष सुभाष चंद्र केसरवानी वरिष्ठ उपाध्यक्ष मदन कुमार केसरवानी युवा नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र केसरवानी; शेरू,वरिष्ठ उपाध्यक्ष हर्षवर्धन कुशवाहा, कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर यादव, महामंत्री अंकित गुप्ता, सुधीर केसरवानी, रामगोपाल सोनी, बाके लाल यादव, नीरज अग्रहरी, व्यापार मंडल मनौरी बाजार के नगर अध्यक्ष सुधीर केसरवानी सहित तमाम व्यापारियों ने पुलिस को समस्याओं से अवगत कराया।

# कोखराज में आयोजित हुआ समाधान दिवस

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना परिसर में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक मौजूद रहकर शिकायती पत्रों को जांचा वहीं उसके निस्तारण के लिए सम्बंधितों को निर्देशित किया। समाधान दिवस में कुल 25 शिकायतें दर्ज की गई। सभी शिकायतों के निस्तारण को संबंधित राजस्व कर्मचारी और चौकी इंचार्ज को दिशा निर्देश किया गया। एएसपी ने कहा कि कोई भी कर्मचारी अथवा लेखपाल शिकायती पत्रों का निस्तारण घर बैठकर नहीं करेगा, शिकायती पत्र को लेकर पीड़ित के यहां पहुंच कर मौके की जांच कार्यवाही कर शिकायतों का निस्तारण किया जाए। कुछ कर्मचारियों द्वारा शिकायतों को अपने पास रख कर मौके की जांच नहीं की जा रही है। इससे पीड़ितों को न्याय नहीं मिल रहा है। पीड़ित पक्ष प्रतिदिन अधिकारियों की चौखट पर पहुंचकर एक मामले की बार.बार शिकायत देकर परेशान हो रहा है। यदि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण पुलिस और राजस्व कर्मचारियों द्वारा किया जाए तो कोई भी पीड़ित शिकायत लेकर बार.बार अधिकारियों के पास नहीं पहुंचेगा।

### रंजिशन युवक से की मारपीट, चार पर केस दर्ज

**कौशाम्बी।** काकराबाद निवासी नीरज कुमार ने बताया कि पड़ोसी अरविंद से उसके परिवार की रंजिश चल रही है। छोटी-छोटी बात को लेकर कई बार दोनों परिवार के बीच कहासुनी हो चुकी है। इसी अदावत में आरोपित ने परिजनों के साथ मिल घर पर पहुंच गए। घर के बाहर बैठे नीरज को आरोपितों ने बेरहमी से पीट दिया। पड़ोसी युवक के साथ मारपीट देख घर.परिवार के साथ मोहल्ले के अन्य लोग मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के बीच.बचाव करने पर आरोपित कहीं भी शिकायत पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल का प्राथमिक उपचार कराने के बाद पीड़ित की तहरीर पर आरोपित अरविंदए सुरेश समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# अवैध खनन, परिवहन अभियान चलाकर हो कार्यवाही : एडीएम



जिलास्तरीय गठित टास्कफोर्स के साथ बैठक करते एडीएम

**कौशाम्बी।** कलक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में शनिवार को अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय की अध्यक्षता में अवैध खनन,परिवहन की रोकथाम के लिए गठित जनपद स्तरीय टास्कफोर्स की बैठक हुई।

बैठक में अपर जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाय कि जनपद में कहीं भी अवैध खनन, परिवहन न होने पायें। उन्होनें कहा कि कही भी अवैध खनन, परिवहन पाया जाता है तो त्वरित प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने एआरटीओ एवं खनिज अधिकारी को अवैध खनन,परिवहन के विरूद्ध उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी के साथ संयुक्त रूप से समन्वय कर तहसीलवार प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये।

# नवनिर्मित फ्लोटिंग सोलर ग्रिड का डीएम ने किया उद्घाटन

**उद्घाटन**

**फ्लोटिंग सोलर ग्रिड आई.घाट से प्रदुषण कम, नाविकों की बढ़ेगी आय**

**कौशाम्बी।** कड़ा स्थित कुबरी गंगा घाट में जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा एनर्जी इनोवेशन लान्च पैड के अन्तर्गत नवनिर्मित फ्लोटिंग सोलर ग्रिड आई.घाट का फीता काटकर उद्घाटन किया। आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि नाविक फ्लोटिंग सोलर ग्रिड आई.घाट का विभिन्न गतिविधियों में उपयोग कर सकतें हैं। उन्होंने आई.आई.टी कानपुर को इस इनोवेशन के लिए धन्यवाद देते हुए अपेक्षा की कि आई.आई.टी कानपुर द्वारा इसी प्रकार के नये.नये अभिनव प्रयोग किया जाता रहेंगा। जिसका लाभ जनपद को भी मिलेगा। उन्होंने फ्लोटिंग सोलर ग्रिड आई.घाट के विषय में विस्तार से जानकारी दी।

प्रो. अंकुश शर्मा ने बताया कि स्टार्टअप अक्वाफ्रंट इंफ्रास्ट्रक्चर द्वारा विकसित किये गए फ्लोटिंग आरसीसी आधारित यह आई.घाट अपने आप में अनूठा प्रयोग है। उन्होंने बताया कि आईआईटी कानपुर के सहयोग और मार्गदर्शन में उत्तर.प्रदेश में आधुनिक तकनीकी के समावेशी प्रयोग के लिए नित नए उदाहरण प्रस्तुत किये जा रहे हैं। प्रदेश सरकार के समर्थन का एक अनूठा उदाहरण आई.घाट प्रोजेक्ट है, जो कि भारत में अपनी तरह का पहला समाधान है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के सहयोग से एनटीटी डाटा जैसे वैश्विक तकनीकी कम्पनी का समर्थन और स्टार्टअप अक़्वाफ्रंट इंफ्रास्ट्रक्चर का तकनीकी कौशल जनपद के ग्रामीण परिक्षेत्र में पहुँचा है। प्रो. अंकुश शर्मा ने बताया कि फ्लोटिंग पी.वी ;सौर सेल के माध्यम से उत्पन्न ऊर्जा का उपयोग कडाधाम में ई.नौकाओं के लिए किया जायेगा । सौर ऊर्जा के उपयोग से न सिर्फ प्रदुषण को कम करने में मदद मिलेगीए बल्कि इससे नौका चालकों की आय में भी वृद्धि होगी, यह कड़ा धाम में आने वाले आगंतुकों को नौका रोहण का एक अलग अनुभव प्रदान करेगाए जिसका लाभ कौशाम्बी जनपद को भी मिलेगा। आई.घाट के अगले चरण में फ्लोटिंग आरसीसी का प्रयोग छोटे कृत्रिम तालाब स्थापित करके मछली पालन में भी किया जाएगा, जिससे नौका चालकों और उनके परिवारों की आय में और बढोत्तरी हो सकेंगी। इस अवसर पर ओ.एस.डी ;उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य विनीत वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी, जिला विकास अधिकारी विजय कुमार, उप जिलाधिकारी सिराथू राहुल देव भट्ट सहित अंकुर दास गुप्ता, गौरी बहुलकर, राहुल पटेल आदि गणमान्य उपस्थित रहें।



फ्लोटिंग सोलर ग्रिड आईघाट का फीता काटकर उद्घाटन करते डीएम सुजीत कुमार

# स्टेट जीएसटी की छापेमारी के नाम पर दुकानदारों एवं व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नही : अजय सोनी

**नाराजगी**

**दुकानदारों एवं व्यापारियों का उत्पीड़न हुआ तो सकिपा करेगी प्रदर्शन**



व्यापारियों की दुकानों पर बैठे साकिपा अध्यक्ष

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने स्टेट जीएसटी के नाम पर चल रही छापेमारी को लेकर दुकानदारों एवं व्यापारियों के साथ हो रहे उत्पीड़न पर नाराजी जाहिर की है। साथ ही इसे लेकर प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

शनिवार को उदहिन बाजार में बंद दुकानों का स्थलीय जायजा लेने पहुंचे अजय सोनी ने इस संबंध में दुकानदारों एवं व्यापारियों से मौके पर वार्ता की। वार्ता के दौरान कई दुकानदारों एवं व्यापारियों ने बताया कि स्टेट जीएसटी के नाम पर चल रही छापेमारी से हम लोग परेशान हैं। दुकानदारों एवं व्यापारियों का कहना था कि जब हर सामान पर हमसे सरकार टैक्स लेती है तो अचानक से यह छापेमारी की क्या वजह हैघ् इस अवसर पर दुकानदारों एवं व्यापारियों से वार्ता करते हुए अजय सोनी ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार दुकानदारों एवं व्यापारियों का उत्पीड़न कर रही है। आगे कहा कि आने वाले नगर निकाय चुनाव में दुकानदार एवं व्यापारी अपने सरकारी उत्पीड़न का हिसाब जरूर लेंगे। इसी के साथ अजय सोनी ने कहा कि पूरे जिले में दुकानदारों एवं व्यापारियों का स्टेट जीएसटी के नाम पर की जा रही छापेमारी को लेकर उत्पीड़न किया जा रहा है जिसे कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और समर्थ किसान पार्टी के तत्वाधान में प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर घनश्याम केसरवानी, सुरजीत कुमार केसरवानी, जीतू केसरवानी, शिव बाबू मौर्य, अंकित कुमार आदि मौजूद रहे।

# डीएम एवं पुलिस अधीक्षक ने सुनी जन समस्यायें

**कौशाम्बी।** जिले के विभिन्न थानों में समाधान दिवस आयोजित हुआ। महेवाघाट एवं थाना पश्चिम शरीरा में डीएम व एसपी खुद मौजूद रहकर क्षेत्रीय जनता की समस्याओं को जाना। इतना ही नहीं उसके शीघ्र निस्तारण के लिए सम्बंधितों को कड़े निर्देश भी दिए। थाना महेवाघाट में कुल 04 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से दो शिकायतों को मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया एवं शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने राजस्व एंव पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारित करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार थाना पश्चिम शरीरा कुल छह शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 01 शिकायत को मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया एवं शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने राजस्व एंव पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारित करने के निर्देश दिये।

# नहर सूखी तो कैसे हो पलेवा, चिंतित किसान

**कनैली,कौशाम्बी।** रवि की फसलों की बुवाई शुरू हो चुकी है, लेकिन बेरौचा नहर सूखी है। ऐसे में खेतों कां पलेवा भी नहीं हो सकता। पानी के बिना किसानों की खेती पिछड रही है। इससे क्षेत्र के किसान बेहद परेशान है। यदि नहर मे समय से पानी नहीं छोड़ा गया तो खेती प्रभावित होगी। सैकड़ों बीघे खेती बिना बुआई रह जाएंगी। किसानों को खेती करने के लिए अक्सर नहर में समय से पानी नहीं छोड़ा जाता है। इससे किसानों को निजी नलकूपो से खेतो कि सिचाई करनी पडती है। सिंचाई महंगी होने से जितने कि पैदावार नहीं होती उतना उस पर खर्च हो जाता है। इससे घर की जमा पूंजी भी चली जाती है। कौशांबी क्षेत्र के किसान कमलेश कुमार राजेश छोटेलाल आदि का कहना है। कि हर साल नहर में पानी छोड़े जाने की यही रवैया रहता है। इन किसानों का कहना है कि बेरौचा नहर से दर्जनों गांव की सिंचाई व्यवस्था जुड़ी हैं रबी फसलों की बुवाई शुरू हो गई और अभी तक नहर की सफाई ही चल रही है। नहर में पानी कब तक आएगा यह भी पता नहीं है। किसी तरह कुछ किसान निजी नलकूपों से पलेवा करके गेहूं मटर आलू आदि की बोआई करते नजर आ रहे हैं। फसल तैयार होने पर भी किसानों को हर बार सिचाई निजी नलकूपो से ही करनी पडती है। क्योकि नहर में पानी ही नही रहता है। बेमौसम नहर मे पानी छोड़ा जाता है, जिससे तैयार फसलो खराब हो जाती है। दाई का पूरा व गुरौली गाँव के धर्मेन्द्र सिंह,दिनेश,सुनील ने बताया कि नहर की सफाई आधी अधूरी हुई है। जबकि नहर विभाग सफाई के नाम पर खानापूर्ती करते है। ऐसे में समस्या किसानों को झेलनी पड़ती है।



सूखी नहर, सफाई भी आधी अधूरी

# हादसे में घायल वृद्ध ने तोड़ा दम

**दारानगर, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के रामपुर धमावा गांव के समीप पूजा के लिए जा रही वृद्धा को बाइक सवार ने टकर मार दी। हादसे में वृद्धा गभीर रूप से जख्मी हो गई। परिजनों ने वृद्धा को इलाज के लिए सीएचसी सिराथू ले गए जहां डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

बता दें कि सैनी कोतवाली क्षेत्र के रामपुर धमावा की रहने वाली केशपति पत्नी स्व. हुलर (60) शुक्रवार शाम की ब्रम्हदेव स्थान में पूजा करने जा रही थी, तभी तेज रफ्तार से आ रहे बाइक सवार ने वृद्धा को टकर मार दी। हादसे में वृद्धा गिरकर गंभीररूप से जख्मी हो गई। हादसा देख आसपास मौजूद लोगो ने आनन फानन में वृद्धा को इलाज के लिए सीएचसी सिराथू ले गए जहां चिकित्सको ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# किशोरी लापता, गुमशुदगी दर्ज

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी शुक्रवार की संदिग्ध दशा में घर से लापता हो गई। किशोरी शाम पड़ोस की रहने वाली सहेली के घर जाने की बात कहकर निकली थी। इसके बाद किशोरी घर नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू किया। इसके बाद भी किशोरी का कहीं पता नहीं चल सका। किशोरी के पिता ने थाने में तहरीर दी। पीड़ित पिता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। उधर किशोरी के घर से लापता होने के बाद से परिजनों का हाल बेहाल है।

# दोआबा के 775 हिस्ट्रीशीटर बदमाशों की निगहबानी तेज

**कौशाम्बी।** निकाय चुनाव को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद हो गया है। कौशाम्बी के 775 हिस्ट्रीशीटर बदमाश खाकी के राडार पर हैं। पुलिस ने एक.एक हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन कराना शुरू कर दिया है। इन बदमाशों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस खाका तैयार कर रही है।

निकाय चुनाव में किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी न हो। चुनाव सकुशल संपन्न हो जाए। इसके लिए पुलिस प्रशासन ने युद्ध स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। दोआबा के 775 हिस्ट्रीशीटर खाकी के राडार पर हैं। से सभी पुलिस के लिए सिरदर्द बने हुए हैं। एडीजी का फरमान आने के बाद पुलिस अफसरों ने एक.एक बदमाशों की निगरानी तेज कर दिया है। थानेदारें से बदमाशों का सत्यापन कराया जा रहा है। इसके साथ ही सभी बदमाशों को पाबंद करने का भी फरमान जारी किया गया है। 775 बदमाशों में करीब 54 बदमाश जेल की सलाखों के पीछे हैं।

# कृष्ण रासलीला व रुक्मणी विवाह की कथा से भावविभोर हुए श्रद्धालु

**कनैली, कौशाम्बी।** करारी कस्बे में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सह प्रवचन कार्यक्रम शनिवार को प्रारंभ हुआ। कथा के आयोजन को लेकर क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। सात दिवसीय कार्यक्रम लेकर क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना हुआ है। आयोजक सूरजबली चौरसिया द्वारा यह कार्यक्रम आयोजन किया गया। मौके पर सप्तम दिन कथा विश्राम के अवसर प्रसिद्ध प्रवचक सह कथा वाचक पंडित पारस नाथ दुबे महाराज ने श्रीमद् भागवत में श्री कृष्ण भगवान के रासलीला, रुक्मणी विवाह पर प्रवचन दिया।

मौके पर श्रीकृष्ण भगवान का रासलीला का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए कहा कि शरद पूर्णिमा का शास्त्रों में बड़ा महत्त्व बताया गया है। पुराणों के अनुसार एक बार गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया। अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने रास का आयोजन किया। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा गया। सभी गोपियां सज.धज कर नियत समय पर यमुना तट पर पहुंच गई। इसके बाद भगवान ने रास आरंभ किया। माना जाता है कि वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है, जहां श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई। जितनी गोपियां थीं, उतने ही श्रीकृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हो गए। सभी गोपियों को उनका कृष्ण मिल गया और दिव्य नृत्य एवं प्रेमानंद शुरू हुआ। माना जाता है कि आज भी शरद पूर्णिमा की रात में भगवान श्रीकृष्ण गोपिकाओं के संग रास रचाते है। इसलिए प्रेम निवेदन के लिए शरद पूर्णिमा का दिन उत्तम माना गया है। शरद पूर्णिमा की रात में चन्द्रमा अपनी सोलह कलाओं से पूर्ण होता है, इसलिए चन्द्रमा का सौन्दर्य पूरे वर्ष में इस रात सबसे अधिक निखर कर आता है।



भगवत कथा सुनते भक्तगण

# घर में घुसकर दंपती को पीटा

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के शाना नीबी गांव में शुक्रवार शाम आधा दर्जन दबंगों ने दंपती को घर में घुसकर पीट दिया। इससे दोनों को काफी चोटें आईं। घायलों ने थाने में आरोपितों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। शाना नीबी गांव निवासी वृंदावन तिवारी किसान है। वृंदावन के अनुसार शुक्रवार शाम उसके पिता घर के बाहर बैठकर अलाव ताप रहे थे। इसी दौरान गांव के दबंग वहां पहुंचे और वहां बैठकर विवाद करने लगे। पिता के मना करने पर आरोपित गाली गलौच कर वहां से चले गए। आरोप है कि थोड़ी देर के बाद आधा दर्जन युवक हाथों में लाठी.डंडा लेकर वहां पहुंचे और उलाहना देकर उसके घर में घुसकर उसको पीटना शुरू कर दिया। बीच बचाव करने पहुंची उसकी पत्नी रेनू को भी पीट दिया। इससे दोनों को काफी चोटें आई।घायलों ने थाने जाकर आधा दर्जन आरोपितोंके खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से बाइकसवार छात्रा की मौत

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र हाईवे मार्ग पर शिहोरी टोल प्लाजा के पास अथरावा गांव के समीप बाइक सवार को अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दिया। हादसे में बाइक में पीछे बैठी छात्रा उछलकर ट्रक की चपेट में आ गई। गंभीर रूप से घायल छात्रा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हादसे की जानकारी मृतक के परिजनों को देते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अमरपुर नादिर अली मेरा पत्थरांवां गांव निवासी श्याम पुत्र भगवत सिंह बाइक में पीछे छात्रा करीना देवी पुत्री सुरेश (20) को लेकर उसके ननिहाल जा रहा था। हाईवे मार्ग पर सिहोरी टोल प्लाजा के समीप गांव के बाहर अनियंत्रित ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया। हादसे में बाइक के पीछे बैठी छात्रा उछलकर ट्रक की चपेट में आ गई। हादसे में छात्रा की घटनस्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं हादसे के बाद से मृतक के परिजनों में कोहराम का माहौल व्याप्त रहा।

# पुलिसकर्मियों को दिलाई शपथ

**कौशाम्बी।** पुलिस विभाग की ओर से शनिवार को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया गया। इस मौके पर एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस लाइन तो एएसपी समर बहादुर ने पुलिस कार्यालय में कर्मचारियों को मानवाधिकारों की सुरक्षाए सम्मान एवं संरक्षण की शपथ दिलाई।

# किसानों की समस्या सुलझाने गांव पहुंचे तहसीलदार

**प्रतापगढ़।** बाबागंज ब्लाक के महेशगंज थाना क्षेत्र के चेतरा गांव में गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण हो रहा है। गांव के कई किसानों को न तो बैनामा कराकर मुवाबजा दिया गया और न ही उनको शेष बची हुई जमीन पर तहसील प्रशासन द्वारा कब्जा दिलाया गया। जिससे किसानों ने अपने खेतों में बांस -बल्ली गाड़कर गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण पर मिट्टी डालने के काम पर रोक लगा दी और धरना देने लगे। बुधवार को किसानों ने तहसील प्रशासन के खिलाफ जमकर नारे भी लगाए थे। एसडीएम के आदेश पर शनिवार की दोपहर में तहसीलदार किसानों की समस्या का समाधान करने चेतरा गांव पहुँचे। तहसीलदार को देखकर किसानों का आक्रोश फूट पड़ा।किसानों का कहना था कि वे करीब दो साल से कचेहरी का चक्कर लगा रहे हैं लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया। उनको न तो उनकी शेष बची हुई जमीन पर कब्जा दिलाया गया और न ही शेष बचे हुए किसानों की जमीन का बैनामा लिया गया। किसानों का आरोप है कि जिन किसानों का सरकारी जमीन पर कभी कब्जा नहीं था और न ही खेती की जा रही थी। उनसे भी कमीशन लेकर तहसील प्रशासन ने 122 बी 4एफ के तहत भूमिधर घोषित करके बैनामा करा दिया। लेकिन उनकी विवाद रहित जमीन का बैनामा नहीं लिया गया और न ही शेष बची जमीन पर कब्जा दिलाया गया। तहसीलदार ने किसानों से जब अपनी जमीन से रास्ता देने को कहा तो भी किसान नहीं माने। ठेकेदार ने जबरिया किसानों की जमीन से जेसीबी ले जाने को कहा तो सभी किसान रास्ते में खड़े हो गए। इस बीच एक ठेकेदार ने किसानों पर जेसीबी चढ़ाकर ड्राइबर को ले जाने को कहा तो किसान आक्रोशित हो गए और बीच रास्ते में ही खड़े हो गए। इस बीच तहसीलदार, ठेकेदार और किसानों के बीच कई बार जमकर नोक झोंक हुई तथा माहौल काफी गर्म हो गया। किसानों का साफ कहना था कि जब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हो जाएगा, वे अपने खेतों में किसी तरह का निर्माण नहीं करने देंगे। इस दौरान हरकेश यादव, लखपत सरोज, मुन्ना सरोज, मोती सरोज, सुरेश यादव, नरेश यादव, राजाराम सरोज, छेदी सरोज सहित कई सारे किसान मौजूद रहे। इस सम्बन्ध में तहसीलदार कुंडा भानू सिंह का कहना है कि एक सप्ताह के अंदर राजस्व टीम गठित करके किसानों की सभी समस्याओं का निराकरण करा दिया जाएगा।



किसानों की समस्याओं का समाधान करने पहुंचे तहसीलदार

## बाइक की आमने सामने टक्कर में दो की हालत गंभीर



**प्रतापगढ़।** बाइक की आमने-सामने टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। दिलीपपुर थाना क्षेत्र के नजियापुर गांव निवासी सुभाष कुमार 35 पुत्र राम अभिलाष शनिवार कि सुबह ग्यारह बजे बाबा बेलखरनाथ धाम दर्शन पूजन करने जा रहा था। सामने से बाइक से आ रहे दहेर खुर्द गांव निवासी सुमित मिश्रा 23 पुत्र राकेश मिश्रा अपने बड़े भाई अमित मिश्रा 26 के साथ बेलखरनाथ सई नदी पुल के आगे मोड़ पर पहुंचे ही थे कि दोनों बाइक सवारों में टक्कर हो गई। बाद में आसपास के लोगों ने तीनों घायलों को इलाज के लिए 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलखरनाथ भेजा। जहां सुभाष व अमित की हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# बेटी से बात चीत करने से रोकने पर हुई थी पिता की हत्या

**खुलासा**

**मामले की जॉच कर रहे दरोगा प्रमोद कुमार सिंह ने अखिलेश यादव उर्फ रिंकू पुत्र हरिनाथ को दबोचा तो उसने हत्या किये जाने का बताया राज**

**प्रतापगढ़।** महेशगंज थाना क्षेत्र के उधमपुर निवासी भरतलाल यादव ने साथी के साथ मिलकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी। शव थाना क्षेत्र के लोचनगढ़ के पास बड़ी नहर में 27 सितम्बर को बरामद हुई थी। इस संबंध में मृतक की पत्नी ने थाने में मुकदमा लिखाया था। मामले की जॉच कर रहे दरोगा प्रमोद कुमार सिंह ने लालगंज के सोनारन का पुरवा के अखिलेश यादव उर्फ रिंकू पुत्र हरिनाथ को शनिवार को दबोचा तो उसने हत्या किये जाने का राज पुलिस को बताया। अभियुक्त ने पुलिस को बताया कि भरतलाल यादव की मेरे गांव के पास गोशाला है। जहॉ हम लोग बैठकर शराब पीते थे। परिचय के नाते भरतलाल मृतक के घर आने जाने लगा। वहां मृतक की बेटी से भरत लाल की बातचीत होने लगी। जिसे मृतक ने देख लिया था। उसने दोनों को बातचीत करने से मना कर दिया और डॉट कर भगा दिया। भरत लाल ने रास्ते से हटाने के लिए गौशाला में मृतक का शराब पीने के लिए इंतिजार करने लगा। आने पर भरतलाल ने कहा कि अपनी बेटी का मुझसे शादी कर दो। इस बात पर मृतक मृझसे झगड़ा करने लगा। मै और अखिलेश ने मिलकर उसकी हत्या कर दी। लाश को बाइक से लादकर लोचनगढ़ के बड़ी नहर में फेंक दिया। बड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने शनिवार को इस ब्लाइंड हत्याकाण का खुलासा किया।



पुलिस की गिरफ्त में हत्या का आरोपी

## संक्षेप

### विश्व हिन्दू परिषद व बजरंगदल ने निकाली शौर्य यात्रा



**प्रतापगढ़।** कुण्डा के मानिकपुर में विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल ने शौर्य यात्रा निकाली। शौर्य यात्रा में बड़ी संख्या में पुलिस व पीएसी के जवान सुरक्षा में तैनात रहे। डा0 शिवेशानन्द महराज के नेतृत्व में मानिकपुर स्थित ज्वालादेवी धाम से निकली बाइक शौर्य यात्रा में सैकड़ों की संख्या में विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता नारे लगा रहे थे। शौर्य यात्रा ज्वालादेवी धाम से निकलकर मन्दीपुर, पीएनबी बैंक, बभनपुर, मनिहारी टोला, राजघाट, किलातट घाट, राम जानकी घाट, शाहाबाद घाट पहुंचकर गंगा आरती की। वापस ज्वालादेवी मंदिर में यात्रा का समापन हुआ। इस मौके पर डा0 शिवेशानन्द महराज ने कहा कि यह यात्रा बजरंगदल के शौर्य का प्रतीक है। जिस प्रकार अयोध्या में भगवान श्री राम के मन्दिर का निर्माण हो रहा है उसी प्रकार हिन्दू समाज पूर्व में तोड़े गये 32 हजार मंदिरों का पुनर्निर्माण करने को आतुर है। हिन्दू समाज अपनी गौरवशाली सनातन संस्कृति, धर्म व स्वाभिमान की रक्षा के लिए संकल्प बद्ध है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विहिप के जिला सत्संग प्रमुख श्री नारायण शुक्ल व संचालन शैलेश शर्मा ने किया। इस दौरान मीडिया प्रभारी अजाय मिश्र, संतोष मिश्र, राम प्रताप पांडे, सूरज मिश्र, डा0 राजेश मौर्य, डा0 सुरेन्द्र प्रताप मौर्य, ऋषभ मिश्र, सरदार मनमोहन, सचिन मिश्र, राकेश मादनवाल सहित विहिप व बजरंगदल के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जो हैं सच्चे मुसलमां उनको हिन्दू से मोहब्बत है...



**प्रतापगढ़।** नगर पंचायत पृथ्वीगंज के पूरनपुर पटखान में कवि सम्मेलन एवं मुशायरा आयोजित हुआ। कवि सम्मेलन एवं मुशायरे की अध्यक्षता आचार्य अनीस देहाती और संचालन प्रयागराज के हास्य कवि बिहारी लाल अम्बर ने किया। शकील फूलपुरी के नाते पाक से मुशायरे का आगाज हुआ। उन्होंने पढ़ा- खूबसूरत लिबास है लेकिन, जिस्म नंगा दिखाई देता है। फलक सुल्तानपुरी ने अपनी दिलकश आवाज से मुशायरे में जान फूँकी उन्होंने पढ़ा-हया की वादियों में, शर्म के आँगन में रहती हूँ। मैं उर्दू हूँ सदा तहजीब के दामन में रहती हूँ। अदब के नामचीन शायर खुर्शीद अम्बर ने बेहतरीन शाइरी पेश की उन्होंने पढ़ा- अजान अच्छी नहीं लगती, भजन अच्छा नहीं लगता, बुरे लोगों को पाकीजा चलन अच्छा नहीं लगता। शायर डा. अनुज नागेन्द्र ने पढ़ा- चमन फूल को जैसे कि खुशबू से मोहब्बत है, कि वैसे ही मेरी हिन्दी को उर्दू से मोहब्बत है। सियासत ने भले ही बो दिया जहर पर अब भी, जो हैं सच्चे मुसलमां उनको हिन्दू से मोहब्बत है। अवधी के सशक्त रचनाकार आचार्य अनीस देहाती ने अवधी का रंग जमाया। उन्होंने सुनाया, मेल मुहब्बत, दुआ बंदगी अस गायब भै पांडे, वह देखा अब्दुल्लउ चच्चा खसकेन आड़े-आड़े। हाजी खलील फरीदी रायबरेलवी ने पढ़ा- उधर तुम जलाओ इधर हम जलाएं, दिये ही दिये हर तरफ जगमगाएं, मिले छाँव अपने पराये सभी को, मोहब्बत के ऐसे शजर हम लगाएं। संचालन कर रहे हास्य के बवंडर बिहारीलाल अम्बर ने पूरी रात श्रोताओं को अपनी हास्य कविताओं से बांधे रखा। मुशायरे के संयोजक जाबिर खान ने सभी शायरों का आभार जताया। इस मौके पर शबनम बानो, उमाकांत पांडेय बब्बू, अनवर अली, हाजी इलियास, कयूम खान, सुरेश सिंह, अशोक पाल, शंकर यादव, बृजेश सरोज, शोभनाथ विश्वकर्मा, डॉ. बच्चाबाबू वर्मा आदि रहे।

### शिक्षामित्रों ने विधायक का किया स्वागत



**प्रतापगढ़।** शिक्षामित्रों की विभिन्न मांगों को लेकर विधायक डॉ आरके वर्मा द्वारा विधानसभा सत्र में प्रश्न उठाए जाने पर शिक्षामित्रों ने विधायक का स्वागत किया। शनिवार को शिक्षामित्रों ने रानीगंज डाक बंगले पर जनसुनवाई के दौरान विधायक डॉक्टर आर.के. वर्मा को माला पहनाकर स्वागत किया। विधायक डॉक्टर आर.के. वर्मा ने कहा कि 20 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान देने वाले शिक्षामित्रों को भी शिक्षक का दर्जा प्राप्त होना चाहिए। समान कार्य का समान वेतन भी मिलना चाहिए। उन्हें भी संपूर्ण प्रशिक्षण देकर सरकार शिक्षक बनाए। विधायक से मिलकर अली जाकिर, तूफान सिंह, संजीव गुप्ता, शिव वीर सिंह आदि ने पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 5ः छूट की मांग की। मांग को राज्य पिछड़ा आयोग व राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग के अनुपालन हेतु अभ्यर्थियों ने विधानसभा में मुद्दा उठाने और इस भर्ती को पूर्ण कराने के लिए विधायक को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ शेर बहादुर यादव, सुधीर श्रीवास्तव, बृजेश यादव, शिव प्रकाश पटेल, संतोष यादव, रमेश गुप्ता, अशोक मौर्य, मीडिया प्रभारी संजीव पांडेय सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### दहेज हत्या में तीन गिरफ्तार



**प्रतापगढ़।** अंतू पुलिस ने दहेज हत्या में वांछित तीन आरोपियों को शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपियों पर अंतू थाने में दहेज हत्या समेत संगीन ममले दर्ज थे। शरिवार को पुलिस ने राजू वर्मा पुत्र राम लखन वर्मा, राम लखन वर्मा पुत्र राम प्रयाग वर्मा व सुशीला देवी पत्नी राम लखन वर्मा निवासी सूबेदार का पुरवा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



आराधना मिश्रा मोना उपराष्ट्रपति से मुलाकात करती हुई

## उप राष्ट्रपति से आराधना मिश्रा मोना ने की मुलाकात

**प्रतापगढ़।** लालगंज की विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने शनिवार को उप राष्ट्रपति जगदीप धनकड़ से शिष्टाचार भेंट की है। विधायक की मुलाकात में संसदीय लोक तंत्रतात्मक प्रणाली की मजबूती के साथ सदन में विधायी चर्चा को मूल्यवान बनाए रखने पर चर्चा हुई। आराधना मिश्रा मोना ने उप राष्ट्रपति को उत्तर प्रदेश के दोनों सदनों में राज्य के कल्याणकारी कानूनों को प्रभावी बनाए जाने में विधायी विमर्श की उप राष्ट्रपति से मार्गदर्शन की अपेक्षा की। उप राष्ट्रपति ने देश की संसदीय प्रणाली को गौरवपूर्ण बनाए रखने के लिए विधायक आराधना मिश्रा मोना के योगदान पर उनकी सराहना की। लगातार यूपी विधानसभा में तीन बार के प्रतिनिधित्व पर उप राष्ट्रपति ने आराधना मिश्रा का उत्साहवर्धन किया। विधायक मोना के उप राष्ट्रपति से मुलाकात की जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल द्वारा जारी विज्ञप्ति में दी गयी है।

# पद्मावत ट्रेन की भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस को छूटा पसीना

**परेशानी**

**कई बच्चे परिजनों से बिछड़ गए, पुलिस ने मिलाया**

**प्रतापगढ़।** शनिवार को दिल्ली जाने वाले पद्मावत एक्सप्रेस के यात्रियों की भारी भीड़ को आरपीएफ और जीआरपी ने नियोजित तरीके से नियंत्रित किया। हालांकि इसमें उन्हें पसीना जरूर आया। लेकिन यात्री सकुशल ट्रेन में चढ़ गए। कई बच्चे परिजनों से बिछड़ गए। उनको मिलाने का भी पुनीत कार्य कर पुलिस ने उनकी सराहना बटोरी। ट्रेन आने के बाद आगे और पीछे के जनरल कोच में चढ़ने वालों की भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए इंस्पेक्टर सीपी मिश्रा एसओ जीआरपी मोहम्मद राशिद खान ने टीम बनाई। खुद पीछे और सहायक उप निरीक्षक सीपी दूबे को टीम के साथ यात्रियों को नियंत्रित करने में आगे लगाया। लेकिन भीड़ इतनी ज्यादा थी कि चढ़ने की अफरातफरी में कई परिवारीजन बिछड़ गए। जिसमें बच्चे भी थे। जो रो रहे थे। हालांकि काफी मशक्कत के बाद उन्हे मिलाया गया। अपनों को पाकर यात्री खुश नजर आए। उन्होंने पुलिस वालों की सराहना की।



यात्रियों की उमड़ी भीड़ व नियंत्रित करती पुलिस

### जनरल कोच में था अंधेरा, यात्री हुए परेशान

इंजन के बाद वाले दोनो जनरल कोच में अंधेरा था। ट्रेन खड़ी होने के बाद भीड़ चढ़ना शुरू हुई। अंदर जाने के बाद उन्हें अंधेरे का सामना करना पड़ा। उनके पैर सीट से टकराए। कुछ यात्री गिरे भी। कुछ ने मोबाइल की रोशनी का सहारा लिया। ट्रेन चलने को हुई तब जाकर कर्मचारी लाइट जलाने पहुंचे।

# महिला कोई वस्तु नहीं, इंसान हैं, उन्हें आगे बढ़ने का अवसर दें : जया यादव

**प्रतापगढ़।** चाइल्ड लाइन व तरुण चेतना द्वारा महिलाओं व बालिकाओं के खिलाफ होने वाली लैंगिक हिंसा के उन्मूलन के लिए चलाये जा रहे 16 दिवसीय अभियान का शनिवार को समापन हुआ। इस संबंध में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस का आयोजन भुपियामऊ के सरोजनी इंटर कॉलेज कुसमी के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एंटी ह्यूमन ट्रैफकिंग युनिट के प्रभारी चंचल सिंह ने कहा कि जागरूकता से ही मानवाधिकारों का हनन रोका जा सकता है। श्री सिंह ने अभियान की सराहना करते हुए कहा कि सभ्य समाज के लिए महिला हिंसा एक अभिशाप है। इसे रोकने के लिए महिलाओं के साथ पुरुषों को भी आगे आना होगा। शिक्षा से ही हिंसा रोका जा सकता हैं। कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेश मिश्रा ने कहा कि बेटीयां किसी भी मामले में पुरुष से कम नहीं है। अपने अधिकारों को समझे और हिंसा के खिलाफ चुप्पी तोड़ो। मुसीबत में हेल्प लाइन 1098, 1090, 112 पर काल करके मदद लें। इस अवसर पर तरुण चेतना के निदेशक नसीम अंसारी ने 16 दिवसीय अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा के सभी रूपों को नष्ट करने के लिए मानव अधिकार एक मुद्दा है। महिलाओं के खिलाफ की जाने वाली हिंसा की कार्रवाई मानवाधिकारों का उल्लंघन है। इस अवसर पर जिला महिला कल्याण अधिकारी जया यादव ने कहा कि महिलाएं कोई वस्तु नहीं हैं। बल्कि एक इंसान हैं उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देना चाहिए तभी हमारे समाज का विकास संभव है। कार्यक्रम में चाइल्डलाइन 1098 के सिटी कोऑर्डिनेटर अर्पित श्रीवास्तव ने कहा कि बेटियों को हिंसा के खिलाफ चुप्पी तोड़ना होगा। हिंसा रोको, ताकि भय मुक्त समाज की स्थापना हो सके। इस अवसर पर महिला हिंसा विरोधी बाल संवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान सानिया बानो, द्वितीय स्थान तान्या भट्ट, तृतीय स्थान तनु मिश्रा ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन हकीम अंसारी ने किया। इस दौरान मेहताब खान, एडवोकेट अभय राज यादव, बीनम, हेड कांस्टेबल रामनरेश सिंह आदि ने भी महिला हिंसा के विरुद्ध अपनी आवाज बुलंद किया।



अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर कार्यक्रम में उपस्थित लोग

## समाधान दिवस में एसडीएम व सीओ ने सुनी शिकायतें

**प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली में शनिवार को थाना समाधान दिवस में आठ शिकायतों में से दो का निस्तारण किया गया। समस्याओं की सुनवाई तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह व प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने संयुक्त रूप से की। लीलापुर थाने में हुए थाना समाधान दिवस में एसडीएम सौम्य मिश्र तथा सीओ रामसूरत सोनकर ने संयुक्त रूप से फरियादियों की शिकायते सुनीं। एसडीएम ने जमीनी विवाद से जुड़े प्रार्थना पत्रों पर राजस्व एवं पुलिस टीम का गठन कर मौके पर निस्तारण के लिए रवाना कराया। सीओ ने पुलिस से जुडे प्रार्थना पत्रो की सुनवाई करते हुए तीन दिन के भीतर निस्तारण कराए जाने का आदेश दिया। समाधान दिवस में बारह शिकायतों में से दो का अफसरों ने मौके पर निस्तारण कराया। समाधान दिवद का संयोजन थानाध्यक्ष विनीत उपाध्याय ने किया।

## प्रतियोगिता से बच्चों में ज्ञान बृद्धि के साथ उत्साहवर्धन भी होता है : जेडी प्रदीप सिंह

**प्रतापगढ़।** नगर के वीएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल में शनिवार को आर्ट एण्ड क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक बनारस प्रदीप कुमार सिंह रहे। अतिथियों ने फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पेटिंग, लेखन और हस्तनिर्मित क्राफ्ट के जरिये भारतीय संस्कृति का अनूठा प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक राकेश कुमार सिंह के देखरेख में संपन हुआ। ज्वाइंट डाइरेक्टर प्रदीप सिंह ने बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों का अवलोकन कर सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के जरिये बच्चों में ज्ञान बृद्धि के साथ उनका उत्साहवर्धन भी होता है। विद्यालय में प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा को निखारने का प्रयास सराहनीय है। विद्यालय की आर्ट व क्राफ्ट शिक्षिका सुनीता कन्नौजिया ने बताया कि प्रतियोगिता में कक्षा छः से आठ तक के बच्चों ने जीवनोपयोगी और ज्ञान-विज्ञान पर आधारित हस्त-शिल्प निर्मित कलाकृतियां बनाई हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य समीर त्रिवेदी ने कहा कि बच्चों में कोई न कोई प्रतिभा छिपी होती है उसे पहचानकर उजागर करने का प्रयास किया जा रहा है। विद्यालय की निदेशिका अलका सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों पर बढ़ते पाठ्यक्रम के दबाव को कम करना है। इस मौके पर डा0 विन्ध्याचल सिंह, मो0 अनीश, करनजीत कौर, शिशिर खरे बच्चों के अभिभाव व विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।



## प्रमुख के भाई का हमलावर भेजा गया जेल

**प्रतापगढ़।** ब्लाक प्रमुख के भाई के ऊपर प्राणघातक हमले के आरोपी को सांगीपुर पुलिस ने शनिवार की सुबह धर दबोचा। थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने फोर्स के साथ शाहबरी तिराहे से हत्या के प्रयास में नामजद आरोपी शिवेन्द्र बहादुर सिंह मुन्ना को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में फायरिंग को लेकर लाइसेंसी पिस्टल भी बरामद किया है। इधर गोली से घायल प्रमुख के भाई संतोष सिंह पप्पू का घटना के तीसरे दिन भी प्रयागराज के एसआरएन मे उपचार जारी बताया गया है। बतादें गुरूवार को दिन में एक बजे सांगीपुर थाना के सुजाखर गांव में जमीनी विवाद में मौसेरे भाईयों मे कहासुनी हुई थी। आरोप है कि बातचीत के दौरान आरोपी शिवेन्द्र बहादुर सिंह मुन्ना ने अपनी पत्नी कुसुम के ललकारने पर प्रमुख अशोक सिंह बब्लू के छोटे भाई संतोष सिंह पर फायर कर दिया था। गोली संतोष के जांघ मे लग गयी थी। शुक्रवार को प्रमुख की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी शिवेन्द्र बहादुर सिंह मुन्ना व उनकी पत्नी कुसुम के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस को शिवेन्द्र की तलाश थी। पुलिस ने आरोपी को दोपहर बाद जेल भेज दिया।

# लड़कियाँ शिक्षित होंगी तो पूरा परिवार शिक्षित होगा : राज्य सूचना आयुक्त

**प्रतापगढ़।** शहर के साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में ''बुलन्द भारत की बुलन्द तस्वीर'' प्रस्तुत करने के लिये छात्राओं द्वारा भारत प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। राज्य सूचना आयुक्त सुभाष चन्द्र सिंह ने कालेज पहुँचकर छात्राओं द्वारा लगायी गयी अभ्युदित भारत प्रदर्शनी का अवलोकन किया और सराहना की। इस अवसर पर राज्य सूचना आयुक्त सुभाष चन्द्र सिंह ने कहा कि जिस प्रकार छात्राओं ने स्वतंत्रता के समय के भारत और आज के विकसित भारत का प्रस्तुतीकरण किया है उसमें विकसित भारत का स्पष्ट स्वरूप परिलक्षित हो रहा है। संचार, परिवहन, रेल, कृषि, विद्युत एवं अंतरिक्ष तक की यात्रा को छात्राओं ने अपने मॉडल्स में बहुत ही सुन्दरता से उकेरा है। इस प्रदर्शनी में बदले हुये भारत की बदली हुई सोच को प्रदर्शित करने का सफल प्रयास किया गया है। उन्होने कहा कि जिस देश के बच्चे प्रतिभाशाली हैं जिनमें कुछ करने की इच्छा है, क्षमता है, जिज्ञ-ासा है वह देश कभी भी पीछे नहीं रह सकता है। हमें अपनी परम्पराओं और संस्कारों को नहीं भूलना चाहिये। विकास यदि संस्कार के साथ है तो कोई समस्या नहीं है। शिक्षा के साथ यदि संस्कार है तो किसी भी समाज को आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता। महिला शिक्षा गर्ल्स एजूकेशन का प्रभाव है, पूरे देश में गर्ल्स एजूकेशन को बहुत तेजी से बढ़ाया जाना चाहिये। लड़कियॉ शिक्षित होंगी तो पूरा परिवार शिक्षित होगा। इसलिये लड़कियों की शिक्षा और उनके संस्कार पर ज्यादा ध्यान देना चाहिये। क्योंकि उन्ही से परिवार बनता है उसी से परिवार का संस्कार मिलता है और लड़कियॉ जहां जाती है अपने संस्कारों से उस परिवार में उजाला कर देती हैं। इस दौरान राज्य सूचना आयुक्त ने साकेत गर्ल्स पीजी कालेज की छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शनी लगाने हेतु उन्हें प्रमाण पत्र, पुरस्कार एवं मेडल का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी की गयी। महाविद्यालय की छात्रा गौरी केसरवानी ने राज्य सूचना आयुक्त के चित्र का बनाकर उन्हें भेट किया जिस पर राज्य सूचना आयुक्त ने गौरी केसरवानी की प्रशंसा की। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की छात्राओं मानसी, अदिति, नेहा, शाम्भवी, सौम्या, अविका द्वारा प्रस्तुत साई वन्दना, सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत द्वारा किया गया। साकेत गर्ल्स पीजी कालेज के प्रबन्धक अरविन्द श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में आये हुये आगन्तुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की छात्रा नाजमीन द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में विशिष्ट अतिथि के रूप में रोशनलाल, एसपी त्रिपाठी, डा0 अखिलेश कुमार पाण्डेय, डा0 पीके सिंह सहित महाविद्यालय की प्रचार्या डा0 नीलिमा श्रीवास्तव, अध्यापकगण एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।





बच्चों द्वारा लगाई गई भारत प्रदर्शनी का अवलोकन करते राज्य सूचना आयुक्त व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं

## जनसंपादकीय

# वर-कन्या दो होकर भी एक

विवाह और सहजीवन - लिव इन पर चर्चा हो रही है। वह भी विवाह पर कम और सहजीवन पर ज्यादा। वैसे विवाह में सहजीवन होता है। विवाह रहित कोरा सहजीवन या लिव इन अधूरा है। इस सहजीवन में कोई बंधन नहीं। यह स्वच्छंद है। सामान्य आकर्षण का कड़वा परिणाम है। आकर्षण का आधार रूप होता है। रूप अस्थाई होता है। आपस में कुछ आश्वासन, यथार्थ से दूर कोरी कल्पनाएं। न बैण्ड, न बाजा, न बरात। न माता पिता के आशीष। न वरिष्ठों का शुभकामना प्रसाद। न सामाजिक समर्थन। न मंगल गीत, - न उपहार। दो और सिर्फ दो का संवाद और सहजीवन की अंधी सुरंग में प्रवेश। यह उत्तर आधुनिकता का नशा है। कई अभिनेत्रियों ने लिव इन में फंस कर आत्महत्या भी की थी। सम्प्रति श्रद्धा हत्याकाण्ड चर्चा में है। अपराधी और अपराध की चर्चा ज्यादा है। इसके मूल कारण की तरफ लोगों का ध्यान नहीं है। कटे अंग पुलिस खोज रही है। ऐसी घटनाएं सामान्य हो रही हैं। लेकिन अब भी सहजीवन के मूलभूत कारण और परिणाम की विवेचना नदारद है। विवाह की भारतीय परंपरा का जिक्र तक नहीं होता। कथित प्रगतिशील तत्व प्राचीन परंपराओं के निंदक हैं। बेशक प्राचीनता पर विचार और पुनर्विचार चलते रहना चाहिए लेकिन पुराने और नए के औचित्य की समीक्षा भी अनिवार्य है। लिव इन के परिणाम भयावह हैं। ऐसी रक्तरंजित जानलेवा आधुनिकता से जल्दी छुटकारा पाना होगा।

हिन्दू जीवन रचना में विवाह संस्कार है। भारत की विवाह संस्था वैदिक काल से भी प्राचीन है। विवाह के बिना व्यक्ति अधूरा है। विवाह से ही व्यक्ति पति बनता है। पिता बनता है। स्त्री भी विवाह से ही माता बनती है। माता पिता होने के लिए संतान जरूरी है। भारतीय जनमानस की श्रद्धा हैं माता पिता। वे तैत्तिरीय उपनिषद में मातृ देवो भव/पितृ देवो भव कहे गए हैं। माता पिता की श्रेष्ठता भारत के मन में बहुत गहरी हैं। पृथ्वी सबको धारण करती हैं। आकाश सबसे ऊंचा है, शब्द गुण का धारक है। इसलिए पृथ्वी माता और आकाश पिता हैं। तैत्तिरीय ब्राह्मण के अनुसार मनुष्य तीन ऋण लेकर जन्म लेता है - देवऋण, ऋषिऋण और पितृऋण। पितृऋण उतारने के लिए विवाह और संतान आवश्यक है। वैदिक समाज में अविवाहित को यज्ञ का अधिकारी नहीं माना गया। कुछ वामपंथी वैदिक समाज को स्वेच्छारी बताते हैं। उन्हें ऋग्वेद में विवाह संस्कार की सघन उपस्थिति नहीं दिखाई पड़ती। सहस्त्रों वर्ष प्राचीन ऋग्वेद (10-85) में विवाह का सुन्दर वर्णन है। यहाँ सूर्य की पुत्री सूर्या के विवाह पर सूक्त हैं। वैदिक ऋषियों के कथन व चित्रण वर्णन की अपनी शैली है। वे लोक से सामग्री लेते हैं। देवों के साथ जोड़ते हैं। सूर्या को ही देखिए। ऋषि के काव्य सृजन में सूर्या सूर्य देव की पुत्री हैं। आधुनिक काल के विवाह में कन्या की सखियां साथ रहती हैं। ऋग्वेद के अनुसार सूर्या के विवाह में ऋचाएं (काव्य) सखियां थीं। गीत गाथा उसके सुन्दर वस्त्र थे।ह्यह्य विवाह वैसे भी मंगल अनुष्ठान है। ऋषि का वर्णन आह्लादकारी है।

सूर्या के विवाह की गाथा पढ़ते हुए रोमांच होता है - काश हम भी उस विवाह के निमंत्रण में होते। ऋषि कहते हैं, मन उसका रथ था। आकाश रथ का चक्र था। मन का रथ होना मनोरथ है। विवाह पूर्व कन्या पितृकुल में रहती है और विवाह के बाद पतिकुल में हो जाती है। ऋषि कहते हैं, हे कन्या आपको पितृकुल से मुक्त करते हैं। पतिकुल से जोड़ते हैं। इन्द्र बड़े देवता हैं। उनसे प्रार्थना है कि यह कन्या सौभाग्यवती हो, पुत्रवती हो। वैदिक काल के विवाह में वरिष्ठ जनों से परामर्श की भी परंपरा थी। इन्द्र सहित सभी देवताओं से विवाह के अवसर पर आशीष मांगे जाते थे। हिन्दू परंपरा में विवाह महत्वपूर्ण संस्कार है। ऋग्वेद के एक मंत्र में अग्नि से स्तुति है, आप 33 प्रमुख देवों को पत्नियों सहित यज्ञ में लाएं। यहां प्रमुख 33 देव विवाहित हैं। मंगल कार्यों में पत्नियों सहित आहूत होते हैं।

आधुनिक काल के विवाह में भी प्राचीन विवाह के अनेक साक्ष्य देखे जा सकते हैं। विवाह मण्डप में दोनों पक्षों के विद्वान पुरोहित बैठते हैं। पुरोहित ऋषि परंपरा का प्रतिनिधित्व करते हैं। विवाह में वर वधू अग्नि के सात फेरें लेते हैं। अग्नि वैदिक देवता हैं। वे विवाह के प्रभावी साक्षी हैं। इसे देव साक्ष्य कह सकते हैं। दोनों पक्षों में आमंत्रित अतिथि भी विवाह में हिस्सा लेते हैं। दोनों को आशीष देते हैं। विवाह के इस संस्कार में गीत संगीत आतिशबाजी आदि लोक साक्ष्य हैं। प्रमुख रूप से विवाह के तीन साक्ष्य दिखाई पड़ते हैं। देव साक्ष्य, ऋषि साक्ष्य और लोक साक्ष्य। इस्लामी परंपरा में विवाह एक अनुबंध है। भारतीय परंपरा में सामूहिक सामाजिक उपस्थिति का संस्कार है। विवाह पवित्र बंधन है। विवाह समाज गठन का आधार है। विवाह से परिवार संस्था बनती है। परिवारों के योग से समाज बनता है। परिवार प्रेमपूर्ण इकाई है। इसीलिए भारतीय चिंतन में वसुधैव कुटुंबकम की अनुभूति है।

भारतीय विवाह का अनुष्ठान ध्यान देने योग्य है। ऋग्वेद में इस अवसर पर वर कन्या से कहता है, मैं सौभाग्य वृद्धि के लिए आपका हाथ ग्रहण करता हूँ - सौभगत्वाय हस्तंगमया। इसीलिए विवाह को प्राणिग्रहण संस्कार भी कहते हैं। देव शक्तियां दीघार्यु के लिए आशीर्वाद देती हैं, इसके पति दीघार्यु हों। सौ शरद जिएं। इस दंपत्ति को शत्रु और रोग पीड़ित न करें। ऋग्वेद के इसी सूक्त के सुन्दर मंत्र में कहते हैं, हे कन्या तुम सास ससुर ननद और देवरों की साम्राज्ञी बनों। यह मंत्र तत्कालीन समाज में स्त्रियों की स्थिति का संकेत हैं। यहाँ कन्या के लिए शासनकर्ता होने का आशीष है। वैदिक काल को पिछड़ा और स्त्री की कमतर स्थिति वाला बताने वाले विद्वानों के लिए यह मंत्र सूक्त पठनीय है। यहाँ नववधू सेविका नहीं साम्राज्ञी है। विवाह में सप्तपदी का अनुष्ठान भी भाव प्रवण है। वर कन्या से कहता है, हम आपके सुख और दुख में बराबर के भागीदार रहेंगे। मैं आपके सारे सपने पूरा करूँगा। केवल एक जन्म नहीं सात जन्म तक साथ साथ रहने सुख दुख में भागीदार रहने का संकल्प है। सात की संख्या रोचक है। प्रकाश की किरणों में सात रंग होते हैं। संगीत में सात सुर होते हैं। सप्ताह में सात दिन हैं। आकाश में सप्त ऋषि उगते हैं। वैदिक आर्यों का प्रिय स्थान सप्त सिंधु है। सात नदियों वाला क्षेत्र। वैसे वर कन्या का योग दो होता है। लेकिन दार्शनिक स्तर पर दोनों मिलकर एक हो जाते हैं। दोनों का मन अग्नि देव मिलाते हैं। ऋग्वेद में पति पत्नी के लिए साझा शब्द है दम्पत्ति। स्त्री पुरुष को एक साथ व्यक्त करने के लिए दम्पत्ति जैसा शब्द अन्य भाषाओं में नहीं है। ऋग्वैदिक दर्शन के अनुसार पहले धरती और आकाश भी मिले हुए थे। तब दोनों का साझा नाम रोदसी था। माना जाता है कि मरुदगणों ने दोनों को अलग अलग किया। वैदिक विवाह परंपरा में वर कन्या दो होकर भी एक हैं। लिव इन या सहजीवन में ऐसी मान्यता और संस्कार नहीं हैं। दुनिया के समाज विज्ञानी भारतीय विवाहों के स्थायित्व को लेकर विस्मय में रहते हैं। कुछ तो ऐसा है जो भारतीय विवाहों को स्थाई बनाता है। इसका मूल हिन्दुत्व के संस्कार हैं।



**हृदयनारायण दीक्षित**

**लेखक उप्र विधानसभा के अध्यक्ष रहे हैं**

## अनपढ़ा प्रेम

हम दोनों के दोनो
अनपढ़ गंवार निकले ,
एक को लिखना नहीं आया
एक को पढ़ना नहीं आया ,
हंसी तो हंस लिए साथ
पर साथ रोना जरूरी ,
नहीं देख पाए दुख दूजे का
दोनों को मन पढ़ना नहीं आया,
बहुत बड़ी रही दीवारें
ना उगे खरपतवार फूल,
बीज बीज ही रहे
फूल बन खिलना नहीं आया ,
नदी भी कुछ अनमनी
सागर भी अनमना हुआ ,
दोनों दूर देखते रहे दूजे को
दोनों को मिलना नहीं आया ,
दोनों चल पड़े वापस
अपनी ही भूमिकाओं में ,
कथानक को कहानी में
बदलना नहीं
आया,



**- रेखा शाह**
**आरबी**
**बलिया**
**(यूपी )**

# क्या यह स्मृति का दूसरा समय है?

**स्मरण**



**स्वप्निल श्रीवास्तव**

मंगलेश डबराल के नये संग्रह का नाम - 'स्मृति एक दूसरा समय है'- अब यह उनके अंतिम कविता संग्रह के रूप में याद किया जायेगा। यह भी याद रखा जाना चाहिये कि कवि के जीवन और उसके बाद भी कुछ भी अंतिम नही होता, उसके और उसकी कविताओं की स्मृति हमारे साथ बनी रहती है। उसे अपने जीवन - काल में यश और जाने के बाद अमरता की प्राप्ति होती है। लेकिन बहुत से कवि मंगलेश डबराल की तरह सौभाग्यशाली नही होते।

इस संग्रह का शीर्षक अब 2020 का बिडम्बनापूर्ण वर्ष का उनवान बन गया है। हमारी स्मृतियो में कोविड के मारक रंग शामिल हो गये हैं। दुनिया के लाखो लोग इस महामारी के शिकार हुये है। जब भी हम इस वर्ष को याद करेगे हमारी स्मृति ज्यादा दुखद होगी झउसमें तमाम लोगो की मृत्यु के साथ एक कवि की भी मृत्यु शामिल होगी। अपनी कविता में तानाशाहों, अत्याचारियों से लडने वाला कवि कोविड से परास्त हो गया, हमारी शुभकामनायें उनके काम नही आयी। मृत्यु जीवन का अंतिम सत्य है, जीवन में हमे इसका सामना करना पड़ता है लेकिन कुछ लोग ऐसे समय में हमारे बीच से चले जाते है जब हमे उनकी सर्वाधिक जरूरत होती है। हम जिस तरह के समय और व्यवस्था में रह रहे है उसमें प्रतिरोध की आवाजें निरंतर कम होती जा रही है।मंगलेश डबराल उन थोड़े बुद्धिजीवी कवियों में रहे हैं जिन्होने अपनी कविता विरोध का स्वर बुलंद किया है और प्रतिरोध की सभाओं में शामिल हुये हैं। मंगलेश डबराल की कीर्ति देश तक सीमित नही रही, उन्हे विश्व के तमाम देश के मंचो पर कविता - पाठ का अवसर मिला है।उनकी कवितायें अंग्रेजी, रूसी, इतालवी डच फ्रेंच भाषाओं में अनूदित हुई है। वे अमेरिका के आयोवा विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय लेखन कार्यक्रम में सम्मिलित हुये है जिसमे विश्व के मशहूर लेखक शामिल होते रहे हैं।विश्व के कवियों से उनकी दोस्तियां रही है, वे स्वयं विश्व कविता के कुशल अनुवादक रहे हैं। उन्होने ब्रेख्त, पाब्लो नेरूदा. नाजिम हिकमत, एर्नेस्तो कार्दनाल और यानिस रित्सोस जैसे कवियों की कविताओं के अनुवाद किये है। दुनिया के महत्वपूर्ण कवियों के अनुवाद उपलब्ध कर हमें विश्व की कविता से परिचय कराया और कविता के वितान को बड़ा किया। अनुवाद का काम मूल रचना के सृजन से कम कठिन नही होता। इस तरह वे दुनिया के तमाम भाषाओं के बीच आवाजाही करते रहे, इससे उनकी कविता भी समृद्ध होती रही। इसके अलावा वे एक अच्छे गद्य लेखक भी रहे हैं .लेखक की रोटी, कवि का अकेलापन उनकी गद्य कृतिया रही है। एक बार आयोवा और अभी प्रकाशित यात्रा संस्मरण एक सड़क एक जगह उनकी काव्य यात्राओ का विवरण प्रस्तुत करती हैं। एक सडक एक जगह के एक लेख झ कविता का शहरनामा में हालैंड के नगर रोतरडम के कविता समारोह का वर्णन जिस तरह करते है, वह हमें बहुत आकर्षित करता है और ताज्जुब से भर देता है। इसी प्रकार हायकू के इर्द- गिर्द में वे जापान के साहित्यिक समारोहों की चर्चा बेहद मनोयोग से करते हैं। हम पचास करोड़ हिंदी भाषी समाज में यह दूर की कल्पना हैं। यहां कवि से ज्यादा अपराधी लोकप्रिय है। साहित्य की चर्चा कुछ सीमित लोगो में होती है। शिक्षा संस्थाओं और विश्वविद्यालयों में अपढ़ लोगो की संख्या बढ़ रही है तो साहित्य के पाठक कहां से आयेगे।

हिंदी के कवियों ने कविता के साथ गद्य लेखन भी किया है।अपने अनुभव का विस्तार अन्य विधाओं में किया है. अज्ञेय, रघुवीर सहाय, कुवर नारायण, विनोद कुमार शुक्ल का नाम सहज लिया जा सकता है। कवि का गद्य स्वतंत्र गद्य लेखक होता है उसमें हमे काव्यछबियां दिखाई देती हैं। अपने समकालीनों में मंगलेश डबराल के गद्य की छटा अलग हैं, उनके अनुभव का इलाका विस्तृत है। कृष्ण बलदेव वैद, उदयप्रकाश जैसे लेखको के कृतियों के अनुवाद विदेशी भाषाओ में हुआ है, मंगलेश इस पंक्ति में शामिल हैं जिनकी रचनाये विश्व के अन्य भाषाओं में अनूदित हुई है। यह गौरव उनके साथ हिंदी भाषा को भी मिला है।हमारी भारतीय भाषाओं में विश्वस्तरीय साहित्य लिखा जा रहा है लेकिन अनुवाद न होने के कारण अपने देश तक उनका साहित्य सीमित होकर रह गया है। किसी कवि का जीवन उसकी कविता से कम रोचक नही होता। कवि को जानने समझने के लिये कवि के जीवन की जगहों को जानना जरूरी है, उन जगहों पर उसकी कविता के बीज छिपे होते हैं। कवि मंगलेश डबराल उत्तराखंड के टेहरी गढ़वाल के एक गांव काफलपानी में 16 मई1948 को पैदा हुये थे। उनकी शिक्षा देहरादून में हुई है, जीविका की खोज में वह 1960 में दिल्ली आ गये थे। दिल्ली उनकी रचनात्मकता का केंद्र बना। भारत भवन की पत्रिका पूर्वग्रह .समाचार पत्र अमृत प्रभात से होते हुये वे जनसत्ता के साहित्यिक सम्पादक बने।इस अखबार में वे लम्बे समय तक रहे। यह उनके जीवन का उत्कर्ष काल भी था।जहां जनसत्ता ने अखबारी भाषा को बदलने का काम किया, वही मंगलेश डबराल ने साहित्यिक पत्रकारिता को नई पहचान दी।जनसत्ता के रविवारीय संस्करण ने जो सांस्कृतिकी बनाई, उसे हम आज तक याद करते है।

जब वे अमृत प्रभात में आये तभी से मेरा उनसे जुड़ाव हुआ .वह जनसत्ता के दिनों तक बना रहा।उन्होने उन दोनो अखबारों में निरंतर मुझे प्रकाशित किया और लिखने के लिये विषय सुझाये मैं सिनेमा - महकमे में अधिकारी था, उन्होने मुझसे छोटे शहरों में सिनेमा के प्रभाव पर लेख लिखवाया .गद्य लिखने के लिये प्रेरित करते रहे।स्मृति के रूप में अमृत प्रभात और जनसत्ता के दफ्तरों उनसे अनगिनत मुलाकातें याद है। वे मिलते ही कवितायें भेजने के लिये कहते।किसी न किसी रूप से उनसे मेरा सम्वाद बना रहा।जहां यह सम्वाद भंग होता उसकी कवितायें इस भूमिका का निर्वाह करती रही। मै भले ही अच्छा कवि न बन सका लेकिन एक अच्छे पाठक का दायित्व निभाता रहा। वे मेरे पंसदीदा कवियों में एक थे जिन्हें मैं बहुत ध्यान से पढ़ता था। उनकी काव्य यात्रा पर मेरी नजर रहती थी।वीरेन डंगवाल, पंकज सिंह, नीलाभ की कवि मंडली में वे सर्वाधिक प्रतिभाशाली थे।मुझे सभी कवियो का सानिध्य मिला है।यह खिलदड काव्य मंडली थी, सभी मस्ताने किस्म के आवारगी में दक्ष लोग थे। उनके कवि कर्म को समझने के लिये साहित्य अकादमी में सम्मान मिलने पर उनके आख्यान की याद आती है। हिंदी के अनेक कवि छोटे शहरों और गांवों से बड़ी जगहों में आये है। वे पहाड के एक सुदूर गांव से दिल्ली आये थे। इस व्याख्यान में ब्रेख्त की कविता को उद्धत करते हुये अपनी बात इस तरह कहते है ....करीब तीस साल पहले पहाड़ी गांव के एक बीहड़ भूगोल निकल कर दिल्ली आने के बाद मैंनें जर्मन कवि बेटोल्ड ब्रेख्त की कविता पढ़ी थी ; पहाड़ो की यातनायें हमारे पीछे हैं, मैदानों की यातनायें हमारे आगे .। शायद वही अनुभव था जो मेरे भीतर इतने समय से घुमड़ता था और जिसे मैं समझ या व्यक्त नही कर पाता था। तब से मेरे पीछे पहाड़ों की यातनायें बढ़ती गयी और मेरे आगे मैदानों की यातनायें फैलती गयी जिसे जब कभी पहचान पाता हूं तो एक नयी कविता बन जाती है ..।

मंगलेश का यह आत्मकथन उनकी कविता को समझने के लिये एक कुंजी है। उनका पहला काव्य झ संग्रह झ पहाड़ पर लालटेन ( 1981 ) में प्रकाशित हुआ था। वे पहाड़ के लालटेन की रोशनी से दिल्ली की नियोन- लाइट की दुनिया में पहुंचे थे। इस संग्रह के बाद उनका दूसरा संग्रह- घर का रास्ता प्रकाशित हुआ तो लोगो ने कहना शुरू कर दिया था कि वे घर का रास्ता भूल चुके है। दरअसल दिल्ली पहुंच कर उनके अनुभव-क्षेत्र का विस्तार हो चुका था, पहाड़ की यातनायें कम दिखाई दे रही थी लेकिन वे जब कभी पहाड़ के जीवन के बारे में लिखते तो उनकी तकलीफें दिखाई दे जाती थी .।

....दिन भर लकड़ी ढ़ोकर /मां आग जलाती है /पिता डाकखाने में चिट्ठी का इंतजार करेगे / लौटते हैं हाथ - पांव में / दर्द की शिकायत के साथ / रात में जब घर कांपता है /पिता सोचते हैं जब मैं नही रहूंगा / क्या होगा इस घर का ..
हम आ गये हैं / घर से बहुत दूर/ अब यह परदेश की भूमि है /हमारे पास जो कुछ है /उसे बाट लेना चाहिये .। ( घर का रास्ता - संग्रह से )

हम सब के जीवन में कहीं न कहीं कोई विस्थापन जरूर है। हमें जहां होना चाहिये, वहां हम नही है, हम अपने केंद्र से बहुत दूर है। यह दूरी एक कवि के जीवन में अनुभव बन जाती है। दुनिया के बड़े कवि विस्थापन की यातना के शिकार रहे हैं - ब्रेख्त, पाब्लो नेरूदा, नाजिम हिकमत और महमूद दरवेश इसके उदाहरण हैं। दुनिया की बेहतरीन कविताओं की जन्मभूमि ये यंत्रणायें ही रही हैं।

कवि केदारनाथ सिंह को मृत्युपरांत याद करते हुये मंगलेश डबराल ने कहा था कि वे नागार्जुन के बाद सबसे लोकप्रिय कवि थे। मंगलेश डबराल की लोकप्रियता नही थी। उनके प्रशंसक देश भर में फैले हुये हैं। ये दोनों कवि गांव से दिल्ली जैसे शहर में आये थे। केदार जी दिल्ली की जिंदगी से घबड़ा कर पूर्वी उत्तर प्रदेश के इलाके में चले जाते थे और कविता के लिये नये बिम्ब लेकर लौटते थे।मंगलेश डबराल के पीछे पहाड़ की जमीन छूट चुकी थी .इसके बरअक्श वे नागर झ जीवन के अनुभव को अपने काव्य अनुभव में बदल रहे थे। वे नये शत्रुओ की पहचान कर रहे थे।घर का रास्ता के बाद झ हम जो देखते हैं, आवाज की एक जगह हैं, मुझे दिखा एक मनुष्य, नये इलाके में शत्रु और स्मृति एक दूसरा समय की कविताओं उनकी काव्य भाषा बदलती हुई दिखती है। उनकी कविताओ में बड़े संदर्भ दिखते है। इक्कीसवीं सदी में जिस तरह के संकट आये हैं झमनुष्यता की भूमिका कम हुई, सत्ताओं में तानाशाही प्रवृतियां बढ़ी हैं, उनके अक्स उनकी कविताओं में प्रमुखता से आते हैं।

मंगलेश डबराल की कविताओं में हत्यारे, तानाशाह, शासक, अत्याचारी और बड़ी - बड़ी महंगी गाडीयों में अपने शानदार मोबाइल से खेलते हुये संदिग्ध लोग खूब मिलते, वे नये झ नये रूप धारण करते हैं।बड़े शहरों की दुनिया इन्ही आततायियों से भरी हुई है। हत्यारे हत्यारों की तरह नही लगते ..

सेनायें कट मरेगी हत्यारा जीतेगा / हर बार जीतने के बाद / लाशों के बीच अकेला खड़ा / हत्यारा कहेगा / अब मैं जाता हूं बुद्ध की शरण में

ये हत्यारे अपनी मोक्ष की खोज में बुद्ध की पनाह में नही जाते, यह उनका ढोंग है। यह बात साहित्य में उस समय तस्दीक हो गयी थी जब हिंदी के एक प्रवर आलोचक ने एक अपराधी की आत्मकथा का लोकार्पण किया था। हिंदी साहित्य में अब लोग अपराध की शब्दावलियों का उपयोग करते हैं। राजनीति कम हिंसक नही हुई है, उसमें हिटलर के कई प्रतिरूप दिखाई देते हैं। हिटलर की शैली को प्रचलित किया जा रहा है

दुनिया और देश में हुई तमाम घटनाओं ने हमें कम प्रभावित नही किया है। चाहे वह सोवियत संघ का पतन हो, या बाबरी मस्जिद का ध्वंस। गुजरात का नरसंहार ने भारतीय मानस को गहरे प्रभावित किया है। उसके बाद धर्म और राजनीति का जो खेल हुआ, वह हम सबके सामने है। यह राजनीति में धुर्वीकरण की शुरूवात थी जिसके बाद देश की राजनीति बदलने लगी थी। मंगलेश डबराल अपने समय की घटनाओं को अपनी कविता में दर्ज करते हैं। उनकी कविता गुजरात के मृतक का बयान- की इस कविता की कुछ पंक्तियां देखे ..

मुझे इस तरह मारा गया / जैसे मारे जा रहे एक साथ हो बहुत से लोग / मेरे जीवित होने का कोई मकसद नही था / और मुझे मारा गया इस तरह / जैसे मुझे मारना कोई बड़ा मकसद हो।

मंगलेश डबराल की कविताओं में हत्यायो और मारे जाने के बिम्ब बहुत मिलेगे, ये हमारे जीवन की सामान्य घटनायें बनती जा रही है। अपराधियो ने हिंसा को जीवन झ मूल्य के रूप में स्वीकर कर लिया है। कभी - कभी हत्यारों के बीभत्स वर्णनों से उब भी होती है लेकिन हम उनकी छाया से कहां बच पाते है। उनकी कविता - हत्यारों का घोषणापत्र .हत्यारा चाकू, हत्यारा प्रेम तथा पुराना अपराधी पढते हुये लगता है कि हत्यारे कही बहुमत में न हो जाय। हत्यारे परम्परागत नही रह गये है, वे अपनी भेष झ भूषा में सभ्य दिखाई देते है। संसद और विधानसभाओं में उनका प्रतिनिधित्व बढ़ा है, वे ताकतवर हुये है। हत्यारे प्रेम भी करते हैं-

हत्यारा हत्या करके घर लौटा / तो देखा घर में फूल वैसे ही खिले हुये हैं / जैसे वह सुबह छोड़ कर गया था / उसकी पत्नी ने रोज की तरह दरवाजा खोल कर / उसका स्वागत किया..../ एक पुराने गाने की पंक्तियां याद आयी /जो एक जमाने में उसे बहुत प्रिय थी ; कोई सागर दिल को बहलाता नही।



यह हत्यारों का अलग रूप है, उसकी दिनचर्या आम आदमी से भिन्न नही है लेकिन वह भीतर से क्रूर है। यह ह्वाइट कालर क्राइम का जमाना है।शासक भी किन्ही हत्यारे से कम नही हैं।यकीन न हो तो उनकी कविता शासक ( नये युग में शत्रु ) पढ़ लीजिये। शासक हो या आततायी उनके बीच का अंतर लगातार कम होता जा रहा है। नये युग में शत्रु--. उनका महत्वपूर्ण संग्रह है। इसमें 21वीं सदी के तमाम संकटों का अपनी कविता में परीक्षण किया है।

हम सब एक शत्रु - समय में रह रहे है, इसमें मित्र भी संदेह से परे नही रह गये हैं।जीवन की शब्दावली के साथ कविता की शब्दावली में भी परिवर्तन हुये हैं। मंगलेश डबराल की कविता में ऐसे विषय आये हैं जो एकदम नये है। प्रायः हिंदी कवियों के पास बहुत से रूढ़ विषय है उसे थोड़े से परिवर्तनो के साथ नया कर दिया जाता रहा है इससे एकरसता नही टूटी है। मंगलेश डबरालन नये तथ्यों पर लिखने का खतरा उठाते हैं .वह यह नही सोचते कि कविता गद्यात्मक हो रही है।मोबाइल, मीडिया झ विमर्श, कुशल प्रबंधन, मदर डेयरी, निकोटीन, भूमंडलीकरण, यह नम्बर मौजूद नही है। ये कवितायें उत्तर आधुनिक दुनिया के शीर्षक भी हैं ।। हर समय के अपने औजार होते है ..

अंततः हमारा शत्रु भी एक नये युग में प्रवेश करता है / अपने जूते और मोबाइल के साथ / वह एक सदी का दरवाजा खटखटाता है / और उसके तहखाने में चला जाता है... हमारा शत्रु कभी हमसे नही मिलता सामने नही आता / हमे ललकारता नही .../ कभी कभी उसका संदेश आता है कि अब कहीं शत्रु नही है / ह्य सब एक दूसरे के मित्र हैं। हर कवि का एक नीरव झलोक होता है जिसमें वह दुनिया की हलचलों से दूर उन तमाम लोगो को शिद्दत से याद करता है। उसमें मां होती है, पिता होते है, कुछ दोस्त झ अहबाब और दृश्य होते हैं। कवि इस तरह की कविताओं में ज्यादा सहज और आत्मीय दिखाई देता है। दादा की तस्वीर, पिता की तस्वीर, अपनी तस्वीर .पिता का चश्मा और मां का नमस्कार झ ऐसी कवितायें जिसमें वे अपनी सघन स्मृतियों के साथ मौजूद हैं। गुणानंद पथिक, केशव अनुरागी, संगतकार, अमीर खां अत्याचारी के प्रमाण, पागलों का वर्णन, यह नम्बर मौजूद नही के अलावा मुझे उनकी बहुत सी कवितायें पसंद है। मित्रों पर कवितायें लिखने का चलन कम हुआ है, रिश्तों में खूब मंदी आयी है। उनकी मोहन थपलियाल और करूणानिधान पर लिखी कविता मुझे बहुत याद आती है। मोहन थपलियाल को मैं बहुत अच्छे से नही जानता था लेकिन बनारस से जीविका की खोज में दिल्ली मे आये हुये करूणानिधान को हापुड़ से दिल्ली या दिल्ली की सिटी - बस में सफर करते हुये उनसे भोजपुरी में खूब बात करता था लेकिन वे असमय ही हमारे बीच से चले गये। करूणानिधान कविता के अंश देखे–

सबसे मुलायम ब्रेड कहां मिलती है/ कम मीठे की मिठाई कम नमक की नमकीन कहां मिलती है / सबसे मजबूत कागज कहां बिकते हैं, सुंदर सस्ते झोले कहां टंगे रहते हैं / किस जगह से दिखता है सबसे ज्यादा आसमान /शहर के बारे में सब कुछ जानते थे करूणानिधान ...? कुछ खाता हुआ मनुष्य दुनिया का सबसे सुंदर दृश्य है ऐसे दृश्यों को वे रख लेते थे अपने थैले में ..।

मंगलेश डबराल की कविताओं में स्मृति के अनेक लोक हैं, उसमें ज्यादातर स्मृतियां मोहक नही है। यह अकल्पनीय और बर्बर घटनाओं का समय है, उनके जाने की स्मृति कम दारूण नही है लेकिन वह हमारे बीच अनुपस्थित नही हैं, उनकी कवितायें हमारे साथ है और यह उनकी स्मृति का समय है। जापानी लेखक हारूकी मुराकामी कहते है कि मृत्यु जीवन का विलोम नही बल्कि उसका हिस्सा है।

**(510 .. अवधपुरी कालोनी - अमानीगंज फैजाबाद - 224001, मोबाइल - 09415332326)**

# आदिवासी समाज के संघर्ष की कहानियां

**मूल्यांकन**



**रमेश प्रजापति**

चर्चित युवा कथाकार जमुना बीनी, भारत में सूर्योदय की धरती कहे जाने वाले अरुणाचल प्रदेश की उर्वरा भूमि में उगा ऐसा बिरवा है हो कथा साहित्य में अपने पहले कहानी-संग्रह अयाचित अतिथि और अन्य कहानियाँ से चर्चित हो चुका है। जमुना बीनी की इन कहानियों को आज हिंदी का पाठक बड़ी ही गहन विश्लेणात्मक दृष्टिकोण के साथ पढ़ रहा है। ये कहानियां हमारे समय की बहुत ही सशक्त कहानियां हैं। जो यथार्थ की कठोर जमीन पर खड़े होकर वांचों आदिवासी समाज के जीवन की विकट स्थितियों और उबड़-खाबड़ परिस्थितियों को तो हमारे सामने रखती ही हैं, साथ ही उनकी मनोव्यथा , संघर्ष, पीड़ा, संत्रास,सामाजिक, आर्थिक, और सांस्कृतिक संकटों को बहुत ही मार्मिकता और सम्वेदनशीलता से उठाती हैं। ये कहानियां हमें जरा ठहरकर सोचने पर मजबूर करती हैं। इस संग्रह में कुल दस कहानियां संकलित हैं। सभी कहानियां अपने कथ्य, शिल्प और भाषा-शैली के प्रभावित तो करती ही हैं और साथ तथाकथित सभ्य समाज के सामने ढेरों जरूरी प्रश्न भी खड़े करती हैं।


संग्रह की पहली कहानी 'नाइल' अपने कथ्य से हमें भीतर तक झकझोर देती हैं। इस उत्तर आधुनिक समय में भी आदिवासी समाज में निहित परम्पराएँ और रूढ़ियाँ स्त्री अस्मिता और उसके वजूद को अहमियत नहीं देती है। एक लड़की की अस्मिता के साथ जीवन की भयावह स्थिति को बड़े ही दारुण रूप से जमुना बीनी ने चित्रित किया है। यह कहानी प्रेमी युगल की कहानी है। जो समाज में व्याप्त सड़ी गली रूढ़ि के कारण अपने अस्तित्व को बचाने में नाकाम हो जाती है। कहानी की परिणति आदर्शवादी यथार्थ के साथ अपने अंत तक पहुंचती है। नालाइ का प्रेमी गांतोंग अपनी प्रेयसी के खुशहाल जीवन में कोई दखल नहीं देना चाहता है। यह आदर्श प्रेम का चरमोत्कर्ष ही कहा जाएगा जिसमें उनका प्रेम समाज की भयंकर रूढ़ि की भेंट चढ़ जाता है। गांतोंग ताउम्र शादी नहीं करता है। वह, अपनी प्रेमिका के खुशहाल जीवन में कोई दखल भी देना नहीं चाहता है। यह कहानी प्रेमी युगल के अंतर्द्वंद की सशक्त कहानी है।

हर समाज की अपनी जटिलताएं और संघर्ष होते हैं। साम्राज्यवाद बहुत वर्चश्वशाली होता है जो सबसे पहले भाषा पर ही आक्रमण करता है। साम्राज्यवाद ने यही आदिवासियों के साथ भी किया। आजआदिवासियों के पास भले ही अपनी भाषा को बचाने के लिए कोई लिपि न हो परंतु उन्होंने अपनी भाषा की अस्मिता की सुरक्षा हेतु बहुत संघर्ष किया है। पूर्वोत्तर के लोगों ने रोमन,देवनागरी या अपनी क्षेत्रीय बोलियों-गारो, वांचो, राभा, बोडो और कार्बी में ही लेखन किया। हिंदी भाषा मे जमुना बीनी का यह कहानी संग्रह आना सिर्फ पूर्वोत्तर के लिए ही नहीं हिंदी कथा साहित्य के लिए भी बड़ा जरूरी कदम है। इस साहसिक कदम का हिंदी पट्टी में जिस स्तर पर स्वागत होना चाहिए दरअसल वह स्वागत अभी होना बाकी है। अगर हम जमुना बीनी के हिंदी में रचित कथा साहित्य वह स्थान नहीं दे पाते हैं तो यह हिंदी भाषी बुद्धिजीवियों की क्षुद्र मानसिकता का परिचायक बन जाएगा।

वांचों आदिवासी समाज के अपने जीवन संघर्ष हैं। अपनी विडम्बनाएं हैं। साम्राज्यवाद ने सबसे पहले इसी समाज को ही रक्तरंजित किया है। उनके जीने के साधन छीने हैं, उनकी भाषा पर प्रहार किया है। 'अयाचित अतिथि' कहानी वांचों समाज और आधुनिक हथियारों से लैस ब्रिटिश सैनिकों के अत्याचारों के विरुद्ध संघर्षों की रक्तरंजित कहानी है। लेफ्टिनेंट हॉलकोंब ने अज्ञानता से पुमान के हाथों में राइफल देते समय यह नहीं सोचा, 'यह जंगली तीर-धनुष चलाने वाला राइफल चलाना इसकी बूते की बात कहाँ! उसे अपने आधुनिक हथियार पर अधिक भरोसा था। नए जमाने के अस्त्र-शस्त्र के प्रयोग से वांचो अनभिज्ञ जरूर था किंतु पारंपरिक तीर-धनुष और 'थांग' चलाने में वांचो का कोई सानी नहीं।' (पृष्ठ 55) अंततः हुआ भी वही वांचो 'थांगो' ने ब्रिटिश सिपाहियों के रक्त से तिस्ता नदी को रक्तरंजित कर दिया। इस कहानी का काल-परिवेश ऐतिहासिक तो है ही साथ ही वांचो समाज की वीरगाथा का साहसिक चित्रण भी है।

जमुना बीनी की कहानी 'बाँस का फूल' अपने कथ्य और शिल्प से तो प्रभावित करती ही है साथ ही आदिवादी जीवन की उन विकट परिस्थितियों से भी साक्षात्कार कराती है जिनसे यह समाज हर दिन दो-चार होता है। यह कहानी उनके जीवन के ऐसे अनछुएँ पहलुओं से पर्दा उठाती है। जिन तक हमारी दृष्टि नहीं जा पाती है। दरअसल यह प्रतीकात्मक कहानी है। जहां यह कहानी जमुना बीनी की सौंदर्य चेतना को अभिव्यक्त करती है वहीं यह आदिवासी समाज में निहित कुप्रथाओं , अपशकुनों और परम्पराओं पर भी गहरी चोट करती है। लालिन के बाँस के बाग में जब से फूल खिले थे तब से ही लालिन के भीतर गहरी चिंता ने घर कर लिया था। ऐसी मान्यता है कि जब बाँस फूलता है तो वह कुछ दिनों में सूख जाता है। कहानी का मुख्य पात्र लालिन के स्तनों से गाढ़ा दूध आना एक अस्वाभाविक घटना है परन्तु जमुना बीनी की यह कहानी थर्ड जेंडर की कहानी है। 'लालिन अपना कौतुक दबा न सका। उसने चूचक को नन्ही जान के अधरों से खींचकर निकाला। यह क्या!! अद्भुत!आश्चर्य! चूचक से सफेद - सफेद दूध की अविरल धारा बह रही थी। बिल्कुल गाढ़ा , एकदम फव्वारा बनकर फूट रही थी। क्या है यह! कोई चमत्कार, करिश्मा, जादू! प्रकृति की लीला... कुदरत का अजूबा!' (पृष्ठ 155) जमुना ने बहुत ही शिद्दत से अपनी इस कहानी में थर्ड जेंडर के दुःख और संत्रास से भरी व्यथा और पीड़ा को बड़ी ही सहजता से उठाया है। यह कहानी विषम्य और कौतुक से हमारे भीतर के देश को बैचेनी तथा उदासी से भर देती है। अपने सशक्त कथ्य से बहुत ही प्रभावशाली और मार्मिक बन गयी है।

इसी तरह जमुना बीनी की 'नौमाइ', 'पुरोइक', 'फिफोट' और 'लाइफ टैक्स' आदि कहानियां हमारे सामने अनछुएँ जीवन के पक्षों को बड़ी ही शिद्दत से रखती हैं। अपने कहन, अपने समय से जूझती, टकराती ये कहानियां अपने शिल्प के कारण अधिक आकर्षक बन गयी हैं।





भौगोलिक परिवेश कोई भी हो परंतु कुछ विसंगतियां हमें हर जगह देखने को मिल जाती है। जैसे कि 'वर्दी में भिखारी' कहानी रोजमर्रा के जीवन की टकराहट से उपजी कहानी है जो पुलिस की संवेदनहीनता और उनकी कार्यशैली पर प्रश्न खड़ा करती है।

समग्रतः जमुना बीनी अरुणाचल प्रदेश के काल परिवेश से निकलकर जो हिंदी की कहानियां लेकर आयी है वे हिंदी कथा साहित्य के लिए बहुत ही महत्त्वपूर्ण कहानियां है। आदिवासी समाज बाहरी और आंतरिक उपनिवेशवाद के वर्चस्ववाद से अधिक प्रभावित हुआ है। दमितों, वंचितों और पीड़ितों के साहसिक जीवन का व्याख्यान है जमुना बीनी की ये कहानियां। आजादी से पहले ब्रिटिश उपनिवेशवाद ने और आजादी के बाद सरकार और जमींदारों ने आदिवासियों को जल, जंगल और जमीन से बेदखल कर दिया। विकास की भयावह नीतियों ने आदिवासियों के सामने विस्थापन की स्थिति पैदा कर दी है। जमुना बीनी अपनी इन कहानियों के माध्यम से हमें वांचो समाज की बोली वाणी से भी साक्षात्कार कराती है। पाठक की सविधा के लिए कथाकार ने जो शब्द आदिवासी समाज की भाषा के आये हैं उनका हिंदी में अर्थ भी दिया है। जो बहुत जरूरी भी लगता है। वैसे जमुना उन शब्दों के अर्थ भी मूल शब्दो की जगह रख सकती थी परन्तु नहीं रखे यह अच्छा किया क्योंकि उन शब्दों ने इन कहानियों के कथ्य और भाषा को सशक्त और प्रवाहमान बनाया है।

**(लेखक स्वयं कवि एवं टिप्पणीकार हैं, संपर्क 70119 54149)**

# शब्दसत्ता का अदम गोंडवी विशेषांक समृद्ध और काबिले-गौर

**पत्र- पत्रिका**



**डा.अजीत प्रियदर्शी**

काजू भुने प्लेट में व्हिस्की गिलास में/ उतरा है रामराज विधायक निवास में जैसे जिनके शेर जनता की जबान पर चढ़ गए, उस जनवादी गजलगो का नाम है अदम गोंडवी।आम आदमी की तकलीफों को आवाज देने वाले और जनविरोधी व्यवस्था को अपनी गजलों, नज्मों,कविताओं में ताउम्र ललकारते रहने वाले
अदम गोंडवी को याद करना सभी के लिए बहुत जरूरी है।

गोमती नदी संरक्षण को लोक अभियान बनाकर अग्रसर समाजसेवी,साहित्यकार सुशील सीतापुरी द्वारा लखनऊ से निकलने वाली पत्रिका शब्दसत्ता का अक्टूबर 2022 अंक अदम गोंडवी विशेषांक के रूप में छपकर आया है।इस विशेषांक के
अतिथि संपादक हैं वीरेन्द्र कुमार सिंह। शब्दसत्ता का यह विशेषांक रचनात्मक रूप से समृद्ध है।

जीवन सिंह,वशिष्ठ अनूप, कमलेश भट्ट कमल,प्रशांत कुमार,ईश मिश्र,हरेराम समीप,रमाशंकर सिंह, भूपेंद्र बिष्ट,जानकी शरण द्विवेदी और वीरेन्द्र कुमार सिंह के तलस्पर्शी और सारगर्भित आलेखों में अदम गोंडवी के गजलों के कथ्य,कहन एवं उनके तेवर को बखूबी उजागर किया गया है।

अजय कुमार, कौशल किशोर,अखिलेश मयंक, डा.डी.एम. मिश्र, जमुना प्रसाद उपाध्याय, दिलीप सिंह ने अपने संस्मरणों में अदम गोंडवी के व्यक्तित्व के ऐसे अनेक जाने-अनजाने पहलुओं-प्रसंगों को सामने रखा है,जिनसे उनकी संवेदनशीलता, गरीब-गुरबों के प्रति पक्षधरता तथा बेचैनी का पता चलता है।

प्रसिद्ध पत्रकार प्रभात द्वारा वर्ष 2002 में अप्रतिम पत्रिका के प्रवेशांक के लिए अदम गोंडवी से लिया गया साक्षात्कार भी यहाँ प्रकाशित किया गया है।इस आत्मीय बातचीत में अदम गोंडवी के जीवन संघर्ष और उनके कृति व्यक्तित्व के बारे में बहुत कुछ अच्छी जानकारी प्राप्त होती है।इस बातचीत में वे स्पष्ट रूप से कहते हैं कि रोजी के लिए खेती और रचना के लिए अपने लोग और अपने इर्द-गिर्द का माहौल ही उनकी रचनाओं की खुराक है।

अदम गोंडवी से डा.विजय बहादुर सिंह की लंबी बातचीत,जो कल के लिए पत्रिका के अदम गोंडवी विशेषांक -अंक 75-77- में प्रकाशित हुआ था, के एक अंश को यहाँ पुनः प्रकाशित किया गया है।उस बातचीत का यहाँ प्रकाशित अंश अदम के व्यक्तित्व-कृतित्व और उनकी रचना प्रक्रिया को समझने के लिए बहुत उपादेय है।इसमें अदम ने अपने व्यक्तित्व और कृतित्व पर पड़ने वाले प्रभावों की विस्तार से चर्चा की है।उन्होंने बताया है कि गजल की
तरह उनके रूझान का एकमात्र कारण अपने गाँव के बगल के एक आश्रम के महंत रघुनाथ दास थे,जो उर्दू-फारसी के बहुत बडे.विद्वान थे और वे खुद अच्छे गजलगो थे।उन्होंने बताया है कि चमारों की गली कविता/नज्म ,जो अपने गाँव की एक सच्ची घटना पर आधारित थी, उसमें उन्होंने गाँव के ठाकुरों के खिलाफ लिखा तो एक स्थानीय जागीरदार ने उनसे नाराज होकर कई बार परेशान किया और अनेक बार झूठे मुकदमों में फँसाने की कोशिश की।इस बातचीत में उन्होंने बताया है कि हम जनसंगठन में पहले आ गए और कविता हमने बाद में लिखना शुरू किया।तो इस तरह से संघर्ष से बिल्कुल जुड़े रहे।

अदम गोंडवी के भतीजे दिलीप सिंह ने अदम गोंडवी के अंतिम दिनों के कठिन जीवनदशा,उनकी बीमारी,
अथार्भाव,आर्थिक मदद की छिटपुट पहल,देर से मिली सरकारी मदद,उनके निधन के बाद कर्ज में डूबा परिवार तथा रेहन पड़ी खेती को मुक्त कराने में प्रशासन की मदद आदि का यथार्थ वर्णन किया है।अथार्भाव, उपेक्षा और अन्य तकलीफों का ही देखा-सुना,परखा वर्णन किया है हरिशंकर शाही ने अपने रिपोर्ताज में। हरिशंकर शाही ने यह रिपोर्ताज अदम गोंडवी के निधन(18 दिसंबर 2011)के एक साल बाद उनके गाँव से लौट कर लिखा था। द संडे इंडियन पत्रिका में प्रकाशित यह रिपोर्ताज
यहाँ साभार प्रकाशित किया गया है।सामाजिक, प्रशासनिक उपेक्षा और बदहाल पारिवारिक हालात में उनके परिवार का एक सदस्य तकलीफ के साथ कहता है : अब न बने कोई जनकवि। इसे ही रिपोर्ताज का शीर्षक बनाया गया है।





आम आदमी की गहरी बेचैनियों के उम्दा गजलगो अदम गोंडवी के व्यक्तित्व और कृतित्व से युवा पीढ़ी को परिचित कराने के महत उद्देश्य से प्रकाशित यह विशेषांक अदम को कमोबेश जानने वालों के लिए भी पठनीय तथा संग्रहणीय है।

लखनऊ से मुद्रित और प्रकाशित शब्दसत्ता का यह अदम गोंडवी विशेषांक 150 पृष्ठों का है और इस बहुमूल्य विशेषांक की कीमत मात्र चालीस रुपए रखी गई है।इस विशेषांक को पढ़ने और अदम गोंडवी को गहराई से जानने-समझने के इच्छुक साहित्य प्रेमियों
को शब्दसत्ता त्रैमासिक पत्रिका के संपादक
सुशील सीतापुरी से इन नम्बरों पर सम्पर्क करना चाहिए: 9839160215, 8765295905

**( लेखक एसोसिएट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग, डी ए वी डिग्री कॉलेज,लखनऊ, मो.8687926800)**

# आंचल बनीं अधिशासी अधिकारी

## रिजल्ट आने पर खुशी की लहर

जनसंदेश न्यूज


आंचल पाण्डेय

मीरजापुर। यूपी अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के परीक्षा परिणाम में नगर की बेटी आँचल पांडेय को अधिशासी अधिकारी का पद मिला है। इस उपलब्धि से लोगों में खुशी की लहर फैल गयी है। आँचल माता प्रसाद माता भीख इंटर कालेज के अंग्रेजी प्रवक्ता अवधेश पांडेय की बेटी हैं।

आँचल ने हाईस्कूल कचहरी स्थित जेसी कन्या विद्यालय इंटर कालेज, इंटर गुरुनानक गर्ल्स इंटर कालेज से करने के बाद यूसीईआर प्रयागराज से बीटेक किया और अपने प्रथम प्रयास में यूपी अधीनस्थ सेवा चयनआयोग की परीक्षा उत्तीर्ण की। शुक्रवार की देर शाम परीक्षा परिणाम आने पर उन्हें अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत का पद मिला है। आँचल का पिछले साल गोरखपुर के वरुण चतुर्वेदी के साथ ब्याह हुआ, जो वर्तमान में राज्यसभा में यूडीए पद पर कार्यरत हैं। आँचल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता अवधेश पांडेय, माँ शीला पांडेय, भाई तरुण पांडेय व बहन तूलिका और इति पांडेय को दिया है। इस उपलब्धि पर बृजदेव पांडेय, डॉ0 रमा शंकर शुक्ल, डॉ0 संजय मिश्र, अरुण गुप्ता, उमेश पांडेय, बबलू दूबे, अशोक मिश्र, त्रिलोकी दूबे आदि ने बधाई दी है।

### राजस्व टीम ने बार्डर के गांव में सीमांकन कर विवाद बढ़ाया

मड़िहान। तहसील अंतर्गत खनवर दुबार में धारा 24 के तहत सीमांकन करने पहुंची राजस्व टीम ने बार्डर के गांव मझारी में खनवर दुबार के काश्तकारों की जमीन का सीमांकन कर विवाद गहरा कर दिया। खनवर दुबार निवासी बार्डर के काश्तकार लालमणि गुप्ता बताते है कि इस स्थल का सीमांकन इसके पहले सात बार चकबन्दी व राजस्व टीम ने सीमांकन किया था किंतु इस बार जैसा गलत सीमांकन कोई नही किया। मझारी गांव के बॉर्डर के किसान पुनीत कुमार मिश्र के आरोप है कि मझारी पूर्वी खनवर से सटा मेरे घर की पौधरोपित बाउंड्री मेरे बाबा ने बनाया था। कई बार सीमांकन हुआ अभी तक मेरे बाउंड्री में खनवर नहीं घुसा था। इस बार के सीमांकन में चार लट्ठा जमीन मझारी में घुसा कर राजस्व टीम विवाद खड़ा दिया। सबसे अहम बात यह भी है कि बार्डर के लेखपाल भी नही थे और न ही मुझे नोटिस ही मिली। इसी प्रकार खनवर दुबार निवासी काश्तकार जितनारायण मिश्र के आरोप है कि खनवर दुबार का मैप ही गड़बड़ बनाया गया है। उक्त प्रकरण में राजस्व निरीक्षक शिव कुमार चौबे ने बताया कि लेखपाल जब प्रकाश को नोटिस देनी थी। यदि नोटिस नही दिया है तो गलत किया है कार्यवाही की जाएगी और बार्डर के दोनों लेखपालों को साथ लेकर विवाद का निपटारा कराया जाएगा।

# मंडलायुक्त ने मंडी समिति में धान क्रय केंद्र का किया निरीक्षण

## 9415376315 पर वार्ताकर किसान कर सकते हैं समाधान : मंडलायुक्त

जनसंदेश न्यूज


मण्डी में क्रय केंद्र का निरीक्षण करते आयुक्त।

मीरजापुर। मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 द्वारा मण्डी समिति में संचालित धान क्रय केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। मण्डलायुक्त द्वारा केन्द्र पर उपलब्ध किसानों के खतौनी व पंजीयन रजिस्टर का निरीक्षण किया तथा मौके पर उपस्थित किसानों से धान क्रय से सम्बन्धित विषय पर वार्ता की गयी। किसानों के द्वारा बताया गया कि धान की खरीद नियमानुसार सुचारू ढंग से किया जा रहा है।

उन्हें क्रय केन्द्र पर कोई परेशानी नही हैं। मण्डलायुक्त द्वारा धान से भरे बोरा का भी वजन कराया गया। उन्होने कहा कि धान खरीद में किसानों को किसी प्रकार परेशानी न होने पायें। मण्डलायुक्त द्वारा किसानों से अपील करते हुये कहा गया कि धान खरीद में यदि किसी प्रकार की परेशानी, शिकायत हो तो आर0एफ0 सी0 विन्ध्याचल मण्डल के मोबाइल नम्बर-9415376315 पर वार्ता कर समाधान कर सकते हैं।

निरीक्षण के दौरान रजिस्टर पर अंकित किये गये बिक्री करने वाले किसानों के विवरण एवं टोकन रजिस्टर को भी देखा गया। उन्होने कहा कि किसानों के धान का क्रय टोकन रजिस्टर पर दर्ज नम्बर के अनुसार ही सुनिश्चित किया जाय ताकि किसान बिना किसी कारण के केन्द्र से वापस न जाये।

# बाइक की टक्कर से किसान की मौत

दुखद

### हादसे के बाद बाइक चालक हुआ फरार

जनसंदेश न्यूज

कछवां। स्थानीय थाना क्षेत्र के आही गांव के पास गुरुवार की रात्रि सुंदर प्रसाद अपने घर के समीप ही सड़क पार करते समय बाइक के टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में परिजन घायल वृद्ध को उपचार के लिए कछवां क्रिश्चियन अस्पताल ले गए। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। थाना क्षेत्र के आही गांव निवासी सुंदर प्रसाद गौड़ उम्र 88 वर्ष जोकि खेती बारी का कार्य करते थे। वहीं गुरुवार की रात घर के पास ही सड़क पार कर रहे थे। इस बीच तेज रफ्तार बाइक सवार ने उनको जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे किसान सुंदर प्रसाद हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। और बाइक सवार मौका पाकर हादसे के बाद फरार हो गया। हो हल्ला के बाद परिजन तत्काल घायल किसान सुंदर प्रसाद को उपचार के लिए क्रिश्चियन अस्पताल ले गए। जहां उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। वहीं सुंदर प्रसाद को दो पुत्र व चार पुत्रियां है। मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष राम स्वरूप वर्मा ने बताया कि बाइक के टक्कर से किसान की मौत हुई है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत

मीरजापुर। बारात से वापस घर लौटते समय संदिग्ध परिस्थियो में अधेड़ की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार पड़री थाना क्षेत्र के कम्हारी देवरी गांव निवासी अर्जुन शंकर दुबे पुत्र भगवती प्रसाद दुबे उम्र 53 वर्ष शुक्रवार को लालगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में बारात में शामिल होने के लिए गए हुए थे। देर रात घर वापस लौटते समय पड़री थाना क्षेत्र के बरजी गांव के पास हाइवे पर चाय पीने के लिए दुकान पर रुके, जहां अचानक गिरने से उनकी मौत हो गयी। जिसकी सूचना दुकानदार के द्वारा ही उनके फोन से परिजनों को दी गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया। परिजनों द्वारा ठंड से मौत की आशंका जताई गई। घटना से परिजनों का रो रो कर बुला हाल था।

## सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

मड़िहान। सन्तनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिरसी कोटवा संपर्क मार्ग पर शुक्रवार को दो बाइक की आमने सामने से हुई टक्कर में घायल युवक की शनिवार की सुबह ट्रामा सेंटर वाराणसी में इलाज के दौरान मौत हो गई। शुक्रवार को ककरद मोड़ पर दो बाइक की आमने सामने हुई टक्कर में महिला समेत तीन लोग घायल हुए थे। पिउरी गांव निवासी दीपक (30) पुत्र कमला यादव घर से दूध लेकर दीपनगर बाजार में बेचने गया था। वापस लौटते समय ककरद गांव के पास मोड़ पर बाइक सवार घोरी के पनियरा गांव निवासी राजेंद्र (25) पुत्र राजू अपनी बड़ी मां दशवन्ती देवी (40) को बाइक से लेकर दीपनगर जा रहा था। दोनों बाइक में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में तीनों बाइक सवार घायल हो गए। गम्भीर रूप से घायल राजेन्द्र को चिकित्सक ने ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान शनिवार की सुबह उसकी मौत हो गई। मृतक दो भाइयों में सबसे छोटा था। उसे एक तीन माह की पुत्री भी है।

# महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति करें जागरूक : एसपी

## गांव-गांव चलायें मिशन शक्ति कार्यक्रम

जनसंदेश न्यूज

मीरजापुर। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में सैनिक सम्मेलन किया गया। सैनिक सम्मेलन के आयोजन में सर्वप्रथम जनपद के सभी थानों व शाखाओं से आये पुलिसकर्मियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी की गयी व उनके निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा डॉयल-112 शाखा, मीरजापुर के अधिकारी एवं कर्मचारीगण के साथ बैठक कर पीआरवी रूट चार्ट को समयानुकूल कर, उन्नत कार्यशैली एवं रिस्पान्स टाइम को अत्यधिक बेहतर करने सम्बन्धित आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया, इसके उपरान्त अपराध गोष्ठी सम्बन्धित समीक्षा प्रारम्भ की गयी। इस दौरान जनपद के समस्त थानों व क्षेत्राधिकारीगण के कार्यालय के पैरोकारों से आरोप पत्र, अन्तिम रिपोर्ट को न्यायालय में जमा करने की स्थिति की समीक्षा की गयी तथा जनपद की कानून व्यवस्था प्रमुख अपराधों विवेचनाओं के निस्तारण एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही व आगामी नगर निकाय चुनाव सहित अन्य बिन्दुओं पर समीक्षा की गयी। इस दौरान क्षेत्राधिकारीगण को अपने क्षेत्रांतर्गत थानों का निरीक्षण कर महिला हेल्प डेस्क, जन शिकायत आदि की समीक्षा करने हेतु निर्देशित किया गया। शासन द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपदीय पुलिस द्वारा गांवो, मोहल्लों मे चौपाल लगाकर, स्कूल व कालेजों में जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलम्बन के प्रति तथा उन्हे सुरक्षित परिवेश की अनुभूति, जनजागरूकता, आत्मरक्षा के बारे में जन जागरूकता के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी दी गई।

## संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग, पुआल जल कर राख



हलिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के सिकटा गाँव से पुआल लाद कर जा रहे ट्रक्टर टाली में अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गयी। पीछे से जा रहा बाइक सवार ने पुआल में आग लगने की जानकारी राजपुर गाँव में चालक को दिया। जिस पर चालक मुन्नू कोल ने ट्रक्टर रोक कर ट्राली पर पानी फेंक कर आग पर काबू पाया। पुआल को नीचे गिराया जिससे पुआल तो जल गया परन्तु ट्रक्टर ट्राली सुरक्षित बच गया। ट्रक्टर मालिक सरकारे सेठ ने बताया की संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से सिकटा गांव से पुआल खरीद कर ला रहा था कि जल गया है संजोग ठीक था कि चालक व वाहन सुरक्षित है।

### मणिपुर के गवर्नर ने किया मां विन्ध्यवासिनी का दर्शन



मीरजापुर। मणिपुर के राज्यपाल ला गणेशन ने माँ विन्ध्यवासिनी का दर्शनपूजन किया। शनिवार की शाम करीब सवा छह विन्ध्यधाम पहुँचे राज्यपाल का अभिनंदन नगर विधायक रत्नाकर मिश्र ने अंगवस्त्र तथा अपर जिलाधिकारी शिवप्रताप शुक्ला व नगरमजिस्ट्रेट विनयकुमार सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। दर्शन पूजन का कार्य नगर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्रा मिश्र ने सम्पन्न कराया। उक्त अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर परमानन्द कुशवाहा, क्षेत्राधिकारी सदर शैलेश त्रिपाठी, एसडीएम सदर चंद्रभानु सिंह, तहसीलदार सदर अरुण गिरी इत्यादि लोग मौजूद रहे। दर्शनोपरांत पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि माँ का दर्शन कर मैं धन्य हो गया । काशी आने के पश्चात मुझे इस पावन स्थल के बारे में ज्ञात हुआ । मैं पहली बार यहाँ दर्शन के लिए आया हूँ । कॉरिडोर के बारे में पूछे जाने पाए उन्होंने कहा कि इसके बारे में मुझे अभी जानकारी नही है, पर जो भी होगा अच्छा होगा।

### युवक का गायब पर्स पुलिस ने किया वापस

मीरजापुर। पुलिस के सार्थक प्रयास से खोये हुए पर्स के धारक को ढूंढ़कर वापस किया गया। सर्विलांस सेल में तैनात आरक्षी आशुतोष कुमार सिंह को कार्यालय आते समय रास्ते में एक पर्स प्राप्त हुआ, जिसमें कुछ कागजात आधार कार्ड इत्यादि तथा नकदी थी। आरक्षी द्वारा पर्स में रखे आधार कार्ड के माध्यम से पर्स धारक प्रभाकर सरोज निवासी चड़िया थाना कछवां मीरजापुर को थाना कछवां के माध्यम से सूचना भिजवायी गयी। पर्स मिलने के सम्बन्ध में सूचना मिलते ही नाउम्मीद हो चुके पर्स धारक प्रभाकर सरोज द्वारा तत्काल पुलिस अधीक्षक कैम्प कार्यालय, पहुंचा गया। जहां पर्स में रखे डॉक्यूमेंट व सम्पूर्ण नगदी को पाकर अत्यधिक खुशी प्रकट करते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का बेहतरीन ढंग से निर्वहन कर रही जनपदीय पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया गया।

### निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए अनिल सिंह, पंकज बने उपाध्यक्ष

मीरजापुर। शनिवार को बीआरसी कार्यालय मड़िहान परिसर में प्राथमिक विद्यालय शिक्षक संघ के सदस्यों का चुनाव संपन्न हुई, जिसमें निर्विरोध सभी पदाधिकारियों का चयन किया गया, जिसमें अनिल कुमार सिंह अध्यक्ष विनय कुमार सिंह मंत्री पंकज कुमार सिंह उपाध्यक्ष संरक्षक रमेश कुमार सिंह वहीं जिला उपाध्यक्ष के लिए ओमपाल सिंह का निर्विरोध चयन कर लिया गया। जिलाध्यक्ष प्रभु नारायण सिंह ने कहा कि शिक्षकों के हक की लड़ाई के लिए यह चुनाव संपन्न हुआ है किसी प्रकार से शिक्षकों का शोषण जो समाज को दिशा देते हैं। उनका बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान शिक्षकों ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर भी मांग की। इस मौके पर मांडलिक मंत्री रमाकांत दुबे, सत्य तिवारी, दिनेश कुमार तिवारी, गोपाल प्रसाद मिश्र, धर्मेंद्र कुमार सिंह, ईशा सिंह, अंजनी कुमार सिंह, सुधीर तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

### गैंगस्टर एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

मीरजापुर। एसपी के निर्देश के क्रम में उ0नि0 अनिल कुमार चौकी प्रभारी पैड़ापुर मय पुलिस बल द्वारा थाना पड़री क्षेत्र से गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित आरोपी आशुतोष कुमार शर्मा पुत्र मेवालाल शर्मा निवासी चौहानपट्टी थाना पड़री मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया। गिरफ्तार आरोपी आशुतोष कुमार शर्मा उपरोक्त द्वारा गैंग के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर भौतिक एवं आर्थिक लाभ हेतु वाहनों की चोरी की जाती है।

### कूटरचित दस्तावेज गिरोह का चौथा आरोपी गिरफ्तार

मीरजापुर। एसपी के निर्देश के क्रम में 05 सितम्बर 2022 को थाना चुनार पुलिस द्वारा 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। जिनके कब्जे से चोरी, धोखाधड़ी की 02 चार पहिया वाहन टाटा आर्या कीमत करीब 15 लाख दोनों वाहनों पर नम्बर प्लेट पर एक ही नम्बर लिखा हुआ बरामद किया गया था। जिसके सम्बन्ध में थाना चुनार पर मुकदमा पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही विधिक कार्यवाही की गयी थी। उक्त अभियोग की विवेचना के दौरान शनिवार को व0उ0नि0 संजीत बहादुर मय पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित आरोपी राजेश यादव पुत्र पन्नालाल निवासी तेजपुर थाना केराकत जौनपुर को थाना चुनार क्षेत्र से गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### अराजक तत्वों ने पुआल में लगाई आग

जिगना। विंध्याचल थाना के रामपुर भटेवरा गांव में शनिवार को अराजक तत्वों द्वारा दशरथ सरोज की एक बीघे की पुआल रामपुर भटेवरा में फूंक दी गई। जिस पर ग्रामीणों द्वारा तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाया गया। जिसकी सूचना फायर ब्रिगेड को भी दी गई। फायर ब्रिगेड के पहुंचने के पहले ही ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था। भुक्तभोगी ने पुलिस विशेष मांग किया है कि आगजनी करने वाले लोगों को चिन्हित की जाए और कार्यवाही की जाए।

### बहू और पोते की वापसी के लिए डीएम को सौंपा ज्ञापन

मीरजापुर। जनपद के कछवां थानाक्षेत्र के जमुआं बाजार चौकी क्षेत्र के हीरापुर गांव निवासी एयरफोर्स ऑफिसर यमुना प्रसाद दूबे पुत्र स्व. राजनाथ दूबे ने अपनी बहू और पोते की वापसी के लिए जिलाधिकारी से गुहार लगाई है। पीड़ित का आरोप है कि उनके बेटे के ससुराल वाले आरोपी विपक्षी राजकिशोर पुत्र रामप्यारे और उनकी पत्नी मीला देवी निवासी बलहरा, पोस्ट बलहरा, थाना मड़िहान ने उनकी बहू और पोते के गैरकानूनी तरीके से अपने पास रखा है और पैसे की लालच में वे उन्हें घर वापस नहीं भेज रहे हैं।

# 2024 में मायावती को पीएम बनाने का लिया संकल्प

## बसपा की समीक्षा बैठक संपन्न

जनसंदेश न्यूज

मीरजापुर। बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान शनिवार में एक दिवसीय पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता की मंडल स्तरीय समीक्षा बैठक मुहकोचवा स्थित मैरिज लान में संपन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद घनश्याम खरवार जोन इंचार्ज मीरजापुर मंडल व विशिष्ट अतिथि अभिषेक कुमार गौतम मुख्य जॉन इंचार्ज मीरजापुर मंडल भी उपस्थित रहे।

अभिषेक कुमार गौतम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी लोग अपने अपने नगर पालिका और नगर पंचायत में जाकर के बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के 2007 से 12 तक की सरकार की उपलब्धियों को बता कर सर्व समाज को साथ जोड़ने का कार्य करें ताकि नगर निकाय चुनाव के बाद आने वाले 2024 के लोकसभा में बहुजन समाज पार्टी मजबूत बनाकर के सर्व समाज को जोड़कर के मायावती को इस देश का प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया।

मुख्य रूप से गुड्डू राम, शशि भूषण, निशांत कुशवाहा, कमला शंकर भारती, सद्दाम राईन, जिलाध्यक्ष राज कुमार भारती, जिलाध्यक्ष सोनभद्र बी सागर, जिलाध्यक्ष भदोही कमला शंकर भारती, राजेश गौतम, पूर्व विधायक श्री राम भारती, पूर्व विधायक सूर्यभान, जिला आदि लोग उपस्थित रहे।

### मानवाधिकार दिवस का किया गया आयोजन

मीरजापुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया गया। विभिन्न संगठनों द्वारा इस दिवस पर वृहद कार्यक्रमों को आयोजित कर आम जनमानस को उनके अधिकारों के प्रति सजग एवं जागरूक करने के क्रम में भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन द्वारा भी नगर के लाल डिग्गी स्थित रॉयल गार्डन में एक वृहद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक जिला अध्यक्ष मंजीत सिंह, संचालन प्रवक्ता समिति गुप्ता व धन्यवाद ज्ञापन ओपी सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर जनपद न्यायाधीश एल बी यादव ने संगठन के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर सुरेश त्रिपाठी एडवोकेट, सुरेंद्र दुबे एडवोकेट सलाहकार कोर्ट, प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अमृत महोत्सव के दौरान 2 अक्टूबर से 14 नवंबर तक किए गए महोत्सव में कार्यकर्ताओं को सर्टिफिकेट व चुनरी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संबोधन में शमा नवाज, धीरज पांडेय, एडवोकेट मयंक पांडेय, कल्पना, कुसुम, रूपा गुप्ता, धनंजय सिंह, विक्की जेकब, शैलेन्द्र अग्रहरी ने संबोधित किया।

# एडीएम ने किया धान क्रय केंद्र मुजेहरा कला का निरीक्षण

जायजा

### शत प्रतिशत किसानों का भुगतान समय से किये जाने का निर्देश

### धान : बिक्री किसान साथ में लाये आधार कार्ड व अन्य कोई पहचान पत्र : एडीएम वित्त

जनसंदेश न्यूज


मुजेहरा में क्रय केंद्र का निरीक्षण करते एडीएम वित्त।

मीरजापुर। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल ने तहसील सदर क्षेत्रान्तर्गत धान कय केन्द्र का निरीक्षण किया। खाद्य विभाग विपणन शाखा क्रय केन्द्र मुजेहरा कोन निरीक्षण के समय केन्द्र प्रभारी नसरीन मौके पर उपस्थित रही। इस केन्द्र पर खरीद हेतु 143 किसानों द्वारा सम्पर्क किया गया है।

निरीक्षण के समय तक 76 किसानों से 2637.20 कु0 खरीद की गयी है, जिसके सापेक्ष 52 किसानों का भुगतान किया जा चुका है। कुल क्रय किये गए धान के सापेक्ष 1140 कु0 का प्रेषण मिलों पर किया गया है।

निरीक्षण के समय पाया गया कि श्री राम सिंह की खरीद की जा रही थी, जिनके पास सत्यापन प्रपत्र था, किन्तु पहचान पत्र व आधार कार्ड उपलब्ध नहीं था, जबकि पूर्व में सभी केन्द्र प्रभारियों को कई बार निर्देशित किया गया है कि किसान का पहचान पत्र से अथवा उसके नामिनी का पहचान पत्र से सत्यापन करने के उपरान्त ही खरीद की जाये। अपर जिलाधिकारी ने केन्द्र प्रभारी को निर्देशित करते हुये कहा कि अवशेष किसानों के क्रय धान का भुगतान दो दिवस के अन्दर सुनिश्चित करें। उन्होने किसान बन्धुओं से भी अपील करते हुये कहा कि धान बिक्री के लिये केन्द्र पर अपना आधार कार्ड अथवा अपने द्वारा नामित नामिनी का कोई पहचान पत्र अवश्य ले आये ताकि केन्द्र पर धान की खरीद असानी से कराया जा सकें।

# संयुक्त रूप से करें शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण : आयुक्त

समाधान दिवस

### गलत रिपोर्टिंग पर होगी कड़ी कार्रवाई : डीएम

### आयुक्त व डीआईजी ने देहात व डीएम ने कछवा में सुनी समस्याएं

जनसंदेश न्यूज


कछवां में समस्या सुनतीं डीएम।


एसडीएम मड़िहान से वार्ता करते पूर्व प्रधान।


चील्ह थाने में समस्या सुनते एडीएम वित्त।

मीरजापुर। शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी थाना, कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। मण्डलायुक्त डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 व उप पुलिस महानिरीक्षक आर0पी0 सिंह ने थाना देहात कोतवाली व जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा थाना कछवां में पहुँचकर जन समस्याओं को सुनकर निस्तारण के निर्देश दिया गया। मण्डलायुक्त ने उपस्थित राजस्व कर्मियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जमीन विवाद से सम्बन्धित मामलों को राजस्व व पुलिस टीम संयुक्त रूप से मौके पर जाकर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाय ताकि फरियादियों को न्याय मिल सकें। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा थाना कछवां में आये हुये फरियादियों की जन समस्याओं को सुना गया तथा उपस्थित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये गये। उन्होने कहा कि प्राप्त सभी शिकायतों का रजिस्टर पर सूचीबद्ध किया जाय तथा फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुये समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण करे, निस्तारण में गलत रिपोर्टिंग अथवा लापरवाही पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी, कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा कि शिकायत पंजिका में निस्तारित शिकायतों में से कुछ फरियादियों के मोबाइल नम्बर फोन कर सम्बन्धित उप जिलाधिकारी व थानाध्यक्ष द्वारा फीडबैक भी लिया जाय।

### तय समय सीमा के अन्दर हो मामलों का निस्तारण : एसडीएम

मड़िहान। संतनगर थाना पर सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। समाधान दिवस में कुल 5 मामले आये जिसमें से 3 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया व शेष मामलों के लिए टीम गठित कर दिया गया। एसडीएम ने शिकायतों से जुड़े अधिकारियों से शिकायतों का निस्तारण तय समय सीमा में करने का निर्देश दिये। एसडीएम ने कहा कि यह आयोजन सरकार के नीति के आधार पर हो रहा है ताकि पुलिस व राजस्व के निकलने वाले मामलों का निस्तारण तहसील महकमा व पुलिस महकमा के देखरेख में हो सकें। थाना दिवस में रैकल के पूर्व ग्राम प्रधान समेत दर्जनों लोगों ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर जंगली वनरोजो (घड़रोज) से किसानों की फसल नष्ट होना बताते हुए कहा कि किसानों की मेहनत से फसल तैयार हो रहा है तो वही किसानों के सामने ही लगभग 50 की संख्या में जंगली घड़रोज पहुँचकर नष्ट कर रहे है जबकि किसान पूरी रात इनको भगाने का कार्य करते है। बताया कि किसान किसी तरह बैंकों से कर्ज लेकर सूखे की मार झेलते हुए फसल की बोआई कर रखा है किन्तु अब मेहनत लग्न के बावजूद भी वनरोजो से फसल नहीं बचा पा रहे है जबकि इस सम्बंध में तहसील के सम्पूर्ण समाधान दिवस में 15 दिन पूर्व प्रार्थना पत्र दिया जा चुका है लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ। किसानों में पूर्व प्रधान अशोक उपाध्याय, हौशिला प्रसाद मिश्र, कामता प्रसाद, नागेश पाण्डेय, रामसभा पटेल, आशीष, राजेश, रजनीश, ओमप्रकाश समेत दर्जनों लोग मौजूद रहें।

### थाना दिवस पर पड़े ग्यारह प्रार्थना पत्र, एक का भी नहीं हुआ निस्तारण

हलिया। स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन नायब तहसीलदार रामनारायण वर्मा के अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें कुल ग्यारह प्रार्थना पत्र भूमि संबंधी तथा पानी निकासी हेतु पड़े। हलिया निवासी लव कुमार दुबे ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि पड़ोसी द्वारा लैट्रिन का पानी सड़क पर बहाया जा रहा है मना करने पर नहीं मान रहे हैं। तथा सिकटा निवासी कृष्णकांत दुबे ने तहरीर देकर बताया कि भूमि धरी जमीन को गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा धान जबरन काट लिया।

### निष्पक्षता से करें न्याय तो नहीं लगाना पड़ेगा फरियादी को चक्कर : एडीएम

मीरजापुर। अपर जिलाधिकारी वित्त शिव प्रताप शुक्ला ने शनिवार को चील्ह थाना में जनता की समस्याओं को सुना और मौके पर निस्तारण का निर्देश दिया। एडीएम वित्त शिव प्रताप शुक्ला ने सभी मामलों के निस्तारण के लिए टीम बनाने का निर्देश दिया। संबंधित विभाग के अधिकारी मौके पर जाकर मामले का निस्तारण करें। यह जानकारी देते हुए एडीएम वित्त शिव प्रताप शुक्ला ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप शनिवार को तहसील दिवस एवं थाना दिवस का आयोजन किया जाता है। सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह मौके पर जाकर पीड़ितों की समस्याओं को सुने और उसका यदि किन्हीं कारणवश संभावना हो तो निर्धारित समय सीमा के अंदर निस्तारण अवश्य करें। शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त ने चील्ह थाना में जनता की समस्याओं को सुना और समाधान किया। इस दौरान मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का समय पर निस्तारण कर दिया जाए।

# मच्छररोगी दवा का छिड़काव कराकर दें जानकारी : ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

लालगंज। थाना समाधान दिवस ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी नवनीत सेहरा के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। फरियादियों द्वारा कुल चार प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ जिसमें दो का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष दो मामलों के निस्तारण के लिए पुलिस के साथ राजस्व टीम मौके पर जाने का निर्देश दिया गया। आयोजित समाधान दिवस ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी नवनीत सेहरा ने शेष दो मामले में थाना क्षेत्र के नेवढिया और उरुवा के फरियादियों की सुनवाई करते हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने निस्तारण के लिए अवैध अतिक्रमण और जमीन की पैमाइश के प्रकरण को हल्का लेखपाल पुलिस बल की टीम गठित कर मौके पर पहुंचकर निस्तारण का निर्देश दिए। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नवनीत सेहरा ने क्षेत्र में मच्छर रोधी दवा के छिड़काव के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को दूरभाष से बात कर निर्देश दिया कि 1 सप्ताह के अंदर इन गांव में मच्छर रोधी दवा का छिड़काव कराएं और दवा छिड़काव करा कर रिपोर्ट दें। जिसमें लालगंज, मेढरा, सौरेह, निनवार उत्तर, अमहा, बरडीहा, भर्रोह, बस्तरा राजा आदि गांव शामिल है। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक दीक्षांत राज, थाना प्रभारी रामनारायण, राजस्व निरीक्षक सुर्जवली बिंद, विजय शंकर दुबे, लेखपाल मनोज कुमार सिंह, सच्चिदानंद, अनूप कुमार पांडे, आदि लेखपाल मौजूद रहे।


लालगंज में समस्या सुनते ज्वाइंट मजिस्ट्रेट।

## उषा बनी आईओए की पहली महिला अध्यक्ष

नई दिल्ली। पूर्व महिला एथलीट पी टी उषा भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की पहली महिला अध्यक्ष बनी हैं। उषा के आईओए अध्यक्ष बनने से भारतीय खेल प्रशासन और बेहतर होने की उम्मीद है। एशियाई खेलों की पदक विजेता और 1984 के लॉस एंजलिस ओलंपिक खेलों में 400 मीटर दौड़ में चौथे स्थान पर रही उषा को चुनाव के बाद आईओए पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। उषा के अध्यक्ष बनने के बाद से ही आईओए में गुटीय राजनीति भी समाप्त हो गयी है। वहीं इससे पहले अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने इस महीने चुनाव नहीं कराने की दशा में आईओए को निलंबित करने की चेतावनी दी थी। इन चुनावों को पहले दिसंबर 2021 में होना था। उषा अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करने वाली एकमात्र प्रत्याशी भी थीं।



# ईशान किशन से हारा बांग्लादेश: 182 पर ऑलआउट हुई टीम, ईशान ने अकेले बनाए थे 210 रन, विराट ने भी जमाई सेंचुरी

### भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ वनडे में हासिल की सबसे बड़ी जीत, ईशान किशन और कोहली ने किया धमाका

**चटगांव।** भारत ने तीन वनडे मैचों की सीरीज के तीसरे मुकाबले में बांग्लादेश को 227 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही वह सीरीज में क्लीन स्वीप होने से बच गया। बांग्लादेश ने सीरीज को 2-1 से अपने नाम कर लिया। तीसरे मुकाबले में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। भारत ने 50 ओवर में आठ विकेट पर 409 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेशी टीम 34 ओवर में 182 रनों पर सिमट गई। भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज के आखिरी मुकाबले में 227 रन से जीत हासिल की। बांग्लादेश के खिलाफ टीम इंडिया की वनडे में यह सबसे बड़ी जीत है। उसने इससे पहले 11 अप्रैल 2003 को उसके खिलाफ ढाका में 200 रन से जीत दर्ज की थी।



भारतीय पारी में चोटिल कप्तान रोहित शर्मा की जगह प्लेइंग-11 का हिस्सा बने ईशान किशन ने इंटरनेशनल क्रिकेट की सबसे तेज डबल सेंचुरी जमाई। उन्होंने 126 बॉल में यह कारनामा किया है। ईशान 131 गेंद पर 24 चौके और 10 छक्कों की मदद से 210 रन बनाकर आउट हुए। 24 साल के किशन ने क्रिस गेल (138 बॉल पर) के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। गेल ने 2015 में जिम्बाब्वे के खिलाफ यह कारनामा किया था। ईशान के अलावा पूर्व कप्तान विराट कोहली ने वनडे करियर का 44वां वनडे शतक जमाया है। कोहली ने 1214 दिनों के बाद इस फॉर्मेट में शतक जमाया है। उन्होंने अपना आखिरी शतक 14 अगस्त 2019 को पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ जमाया था। उसके बाद से वे 25 पारियों तक शतक नहीं जमा सके थे। ईशान और विराट की पारियों के दम पर भारत ने वनडे छठी बार 400+ स्कोर बनाया है। भारत के अन्य बल्लेबाजों में वाशिंगटन सुंदर ने 37 और अक्षर पटेल ने 20 रन की पारी खेली। शिखर धवन और श्रेयस अय्यर 3-3 रन बनाकर आउट हुए। इस मैच में कप्तानी कर रहे केएल राहुल 8 रन ही बना सके।

***विराट ने तोड़ा पोंटिंग का रिकॉर्ड अब सिर्फ सचिन हैं आगे***

विराट कोहली ने इंटरनेशनल क्रिकेट में 72वीं सेंचुरी बनाई है। इसके साथ ही वे सबसे ज्यादा शतक जमाने के मामले में दुनिया के दूसरे नंबर के बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का रिकॉर्ड तोड़ा है। पोटिंग ने 560 मैचों में 71 सेंचुरी जमाई थी। विराट ने 482 मैचों में ही 72 शतक पूरे कर लिए हैं।

***बांग्लादेश में सबसे बड़ी पारी***

किशन (210) ने बांग्लादेश की पिच पर सबसे बड़ी पारी खेली हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर शेन वाटसन (185*) के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा है। बांग्लादेश में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में विराट कोहली (183) तीसरे नंबर पर हैं।

***किशन-कोहली के बीच 290 की पार्टनरशिप***


15 रन पर शिखर धवन के आउट होने के बाद ईशान किशन और विराट कोहली ने पारी संभाली। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 290 रन की साझेदारी हुई।

***दोनों टीमों की प्लेइंग-11***

भारतः केएल राहुल (कप्तान) ईशान किशन शिखर धवन विराट कोहली श्रेयस अय्यर वॉशिंगटन सुंदर अक्षर पटेल कुलदीप यादव शार्दूल ठाकुर मोहम्मद सिराज और उमरान मलिक।

बांग्लादेश - लिटन दास (कप्तान) अनामुल हक शाकिब अल हसन मुशफिकुर रहीम यासिर अली महमूदुल्लाह आफिफ हुसैन मेहदी हसन मिराज तस्कीन अहमद मुस्ताफिजुर रहमान और इबादत हुसैन।

## सानिया से तलाक मामले पर बोले शोएब हमारे निजी मामले में हस्तक्षेप न करे मीडिया



**लाहौर।** पाकिस्तान के क्रिकेटर शोएब मलिक ने सानिया मिर्जा से तलाश की खबरों को लेकर मीडिया के हस्तक्षेप पर नाराजगी जतायी है। शोएब ने कहा है कि यह हम दोनो का निजी मामला है। इसलिए इस मामले में किसी को हस्तक्षेप नहीं करना चाहिये। इस क्रिकेटर ने कहा कि वह अपने निजी मामले में मीडिया के लगातार हस्तक्षेप से परेशान हैं। मलिक ने कहा यह हमारा निजी मामला है। इस सवाल का जवाब न तो मैं और न ही मेरी पत्नी दे रहे हैं। इसलिए इस मामले में हमे अकेला छोड़ दो। इससे पहले मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि सानिया और शोएब पहले से ही अलग-अलग रह रहे थे और अब उन्होंने अपने तलाक को आधिकारिक रूप देने के लिए कानूनी रास्ता अपनाया है। यह भी बताया गया कि सानिया ने कथित तौर पर शोएब को धोखा देते हुए पकड़ा था और उनके साथ अलग होने का फैसला किया था। वहीं पाक मीडिया के अनुसार यह स्टार जोड़ी पहले से ही तलाकशुदा है। वहीं तलाक की अटकलों के कुछ दिनों बाद सानिया और शोएब दोनों ने एक साथ मिलकर द मिर्जा मलिक शो नामक एक चैट शो की घोषणा की थी। तब दोनों ने अपने शो की घोषणा करने के बाद रिपोर्ट्स में कहा गया था कि उनकी पेशेवर प्रतिबद्धताओं ने उन्हें सार्वजनिक रूप से अपने तलाक की घोषणा करने से रोक दिया था। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि आधिकारिक रूप से अलग होने से पहले शोएब और सानिया शो के सभी एपिसोड शूट करने के लिए एक अनुबंध के तहत अनुबंधित हैं। सानिया और शोएब की शादी एक दशक पहले 12 अप्रैल 2010 को हुई थी।

## मार्च में होंगे महिला आईपीएल मुकाबले, पांच फ्रेंचाइजियों के बीच कुल 22 मैचों का आयोजन होगा

### देश में पहली बार होने जा रहे महिला आईपीएल मुकाबले तीन से 26 मार्च तक होंगे

**मुम्बई।** देश में पहली बार होने जा रहे महिला आईपीएल मुकाबले तीन से 26 मार्च तक होंगे। बीसीसीआई का लक्ष्य महिला टी20 विश्व कप 2023 के समाप्त होने के एक सप्ताह बाद ही इस टूनार्मेंट का आयोजन करना है। विश्व कप मुकाबले 10 से 26 फरवरी के बीच खेले जाएंगे। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई विदेशी महिला क्रिकेटरों की उपलब्धता के कारण ही इन तारीखों पर महिला आईपीएल कराने जा रही है। इस संबंध में हालांकि अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।



इस साल अक्टूबर में बीसीसीआई ने महिला आईपीएल कराने की औपचारिक घोषणा की थी। इसमें तय योजना के अनुसार पांच आईपीएल फ्रेंचाइजियों के बीच कुल 22 मैचों का आयोजन होगा। इसमें सभी टीमों के पास 18 खिलाड़ियों का दल हो सकता है। इसमें छह विदेशी खिलाड़ियों को भी शामिल किया जाएगा। अंतिम ग्यारह में पांच विदेशी खिलाड़ी जोड़े जा सकते हैं। लीग स्तर पर हर टीम अन्य चार फ्रेंचाइजी के साथ दो-दो मैच खेलगी। इस प्रकार लीग स्तर पर ही 20 मैचों का आयोजन होगा।

इसमें टेबल टॉपर को सीधे फाइनल में प्रवेश मिलेगा जबकि दूसरे और तीसरे नंबर की टीम के बीच एलिमिनेटर दौर होगा। इसमें विजेता टीम टेबल टॉपर से खिताबी मुकाबले में उतरेगी। बीसीसीआई की ओर से अगले पांच साल के मीडिया अधिकारों के लिए टेंडर निकाले गए हैं। इसमें 31 दिसंबर तक टेंडर के लिए आवेदन देने की अंतिम तारीख है। इसके बाद आठ जनवरी 2023 को निलामी की प्रक्रिया पूरी होगी।

## बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए शमी की जगह उनादकट शामिल होंगे



**मुम्बई।** बांग्लादेश के खिलाफ 14 दिसंबर से शुरू हो रही टेस्ट सीरीज के लिए चोटिल तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी चोट की जगह पर तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट को शामिल किया जाएगा। उनादकट ने विजय हजारे ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया था। उनादकट ने अब तक 1 टेस्ट 7 एकदिवसीय और 10 टी20 मुकाबले खेलें हैं। वह टेस्ट में हालांकि एक भी विकेट नहीं ले पाये हैं। उन्होंने एकदिवसीय में 8 और टी20 अंतरराष्ट्रीय में 14 विकेट लिए हैं। उनादकट ने टेस्ट क्रिकेट में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ डेब्यू किया था। उसके बाद वह एक भी टेस्ट नहीं खेल सके। वह 2010 में दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर गए थे। उन्होंने तब एक पारी में 26 ओवर किये थे पर तब भी वह एक भी विकेट नहीं ले पाये थे। वहीं विजय हजारे ट्रॉफी 2022 में उनादकट सौराष्ट्र टीम के कप्तान थे। उन्होंने इस टूनार्मेंट में 10 मैचों में कुल 19 विकेट लिए थे। उनकी कप्तानी में सौराष्ट्र 14 साल बाद चैंपियन बनी थी। गौरतलब है कि भारतीय घरेलू क्रिकेट में सबसे सफल तेज गेंदबाजों में से एक उनादकट ने अपने 96 मैचों के करियर में 353 विकेट लिए हैं।

# फीफा विश्वकप : अर्जेंटीना सेमीफाइनल में पहुंची नीदरलैंड को पेनल्टी शूटआउट में हराया

**लुसैल।** कप्तान लियोनेल मेसी के शानदार प्रदर्शन से अर्जेंटीना फीफा विश्वकप फुटबॉल के सेमीफाइनल में पहुंच गयी है। अर्जेंटीना ने एक कड़े क्वार्टर फाइनल मुकाबले में नीदरलैंड को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराया। मेसी ने शूटआउट में अपनी पेनल्टी को गोल में बदला। इसके बाद लुटारो मार्टिनेज ने निर्णायक गोल किया। वहीं टीम के गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज ने दो गोल रोककर डच टीम की जीत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। यह मैच अतिरिक्त समय में 2-2 से बराबरी पर था।इसके बाद परिणाम के लिए पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया जिसमें अर्जेंटीना भारी पड़ गयी। मेसी ने एक गोल किया जबकि एक गोल करने में सहायता की। वहीं नीदरलैंड ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के 11वें मिनट में गोल करके मैच को बराबरी पर ला दिया। अब सेमीफाइनल में अर्जेंटीना का मुकाबला मंगलवार को क्रोएशिया से होगा। वहीं क्रोएशियाई टीम ने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में ब्राजील को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया। साल 1990 के बाद यह दूसरा अवसर है जब अर्जेंटीना की टीम विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंची है। इससे पहले मेसी साल 2014 में उस टीम भी भी शामिल थे जो फाइनल में जर्मनी से हार गयी।



मेसी का लक्ष्य अब टीम को खिताब जिताना रहेगा क्योंकि अपने करियर में वह एक बार भी टीम को विश्वकप नहीं जिता पाये हैं। इस मैच में मेसी ने खेल के 35वें मिनट में शानदार प्रदर्शन करते हुए मूव बनाया। जिसपर नाहुएल मोलिना ने गोल किया। इसके बाद 73वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर अर्जेंटीना को 2-0 से बढ़त दिलाई। यह उनका वर्तमान विश्वकप में चौथा गोल था। अब तक के सभी विश्वकप में मेसी ने कुल मिलाकर 10 गोल किये हैं। इस प्रकार उन्होंने उन्होंने गैब्रियल बतिस्तुता के रिकॉर्ड की बराबरी की है।

मेसी के नाम पर अब 169 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 94 गोल दर्ज हैं। वहीं नीदरलैंड की ओर से वॉट वेगहार्स्ट ने 78वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतर कर पांचवें मिनट में ही अपनी टीम के लिए पहला गोल किया और फिर इंजरी टाइम के अंतिम क्षणों में गोल दागकर स्कोर बराबरी पर ला दिया।

### विश्व कप कवरेज के लिए कतर गये अमेरिकी पत्रकार वाहल का निधन

**दोहा।** अमेरिकी खेल पत्रकार ग्रांट वाहल का कतर में निधन हो गया है। वाहल यहां फीफा विश्व कप फुटबाल के कवरेज के लिए गये थे। अमेरिकी फुटबॉल ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर दिए एक बयान में कहापूरे अमेरिकी फुटबॉल जगत में वाहल के निधन से शोक की लहर है। वाहल ने फुटबॉल के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। वहीं अमेरिकी फुटबॉल ने वाहल के जुनून और खेल में विश्वास की प्रशंसा की और उनकी पत्नी सेलीन गाउंडर और उनके प्रियजनों के प्रति संवेदना प्रकट की। गाउंडर ने अमेरिकी फुटबॉल सॉकर के बयान को ट्विटर पर पोस्ट किया और लिखा मैं अपने पति ग्रांट वाहल के फुटबॉल परिवार और इतने सारे दोस्तों के समर्थन के लिए बहुत आभारी हूं।

## खिलाड़ियों का चोटिल होना और टी20 पर अधिक ध्यान रहा हार का कारण : राहुल



**चटोग्राम।** भारतीय क्रिकेट टीम के कार्यवाहक कप्तान लोकेश राहुल ने बांग्लादेश के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में भारतीय टीम की हार का कारण बताया है। राहुल ने कहा है कि खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण ही टीम के हाथ से एकदिवसीय मैच निकले हैं। तीसरे एकदिवसीय मैच में टॉस के बाद राहुल ने कहा खिलाड़ियों का चोटिल होना इस दौरे पर एक बड़ी समस्या रही है हालांकि इससे नये खिलाड़ियों को भी अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि नियमित कप्तान रोहित शर्मा और तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर दीपक चाहर फिट नहीं हैं। इसी कारण ईशान किशन और कुलदीप यादव को शामिल किया गया है। एक टीम के रूप में हमारे पास हमेशा गुणवत्ता रही है। इसी कारण हमारे पास शामिल करने के लिए योग्य खिलाड़ी रहते हैं। अभी हमारे लिए व्यक्तिगत रूप से बेहतर होना और विभिन्न हालातों में रन बनाना अहम है। इसके साथ ही हमने लंबे समय से एकदिवसीय क्रिकेट नहीं खेला है। इसका भी प्रभाव पड़ा। बीच के दौर में हमारा ध्यान टी20 प्रारुप पर था। हम हमेशा जीतना चाहते हैं और देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहते हैं पर कभी-कभी ऐसा नहीं होता। ऐसा कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं होता है जिसमें दबाव ना होता हो। हमारा लक्ष्य निडर होकर खेलना रहा है।

## भारत-पाक क्रिकेट को लेकर बोले विदेश मंत्री जयशंकर देखते हैं आगे क्या होता

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एशिया कप के लिए अपनी टीम पाकिस्तान नहीं भेजे जाने की घोषणा के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भी भारत में होने वाले विश्वकप के बहिष्कार की बात कही है। अब इसी मामले पर पहली बार भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर का बयान आया है। जयशंकर ने कहा है कि टूनार्मेंट आते रहते हैं और आप सरकार का रुख जानते हैं। देखते हैं आगे क्या होता है।



उन्होंने कहा हमें यह कभी स्वीकार नहीं करना चाहिए कि एक देश जिसके पास आतंकवाद का अधिकार है। हमें उसे अवैध बनाना होगा और इसके लिए उस देश पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बनना चाहिए। यह दबाव तब बना रहेगा जब आतंकवाद के शिकार लोग अपनी आवाज उठाएंगे। हमें इसमें नेतृत्व करना होगा क्योंकि हमें आतंकवाद से सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है।

वहीं भारत-पाक के बीच फिर से बातचीत शुरू करने के बारे में जयशंकर ने कहा कि यह एक कठिन मामला है। अगर आपका पड़ोसी आतंकवाद में सहायता करता है तो बातचीत कैसे की जा सकती है। ये सभी जानते हैं कि आतंक का साथी कौन हैं शिविर कहां हैं?

हमें यह कभी नहीं सोचना चाहिए कि सीमा पार आतंकवाद सामान्य है। मुझे एक और उदाहरण दें जहां एक पड़ोसी दूसरे के खिलाफ आतंकवाद को प्रायोजित कर रहा हो। ऐसा कोई उदाहरण नहीं है। एक तरह से यह असामान्य भी नहीं बल्कि असाधारण है।इससे पहले बीसीसीआई ने कहा था कि यह सुरक्षा संबंधी मामला है और ऐसे में एशिया कप के लिए पाक जाने पर फैसला सरकार को ही लेना है।

### पेले ने नेमार को सबसे अधिक गोल का रिकार्ड बनाने बधाई दी

**साओ पाउलो।** ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले ने नेमार को राष्ट्रीय टीम की ओर से सर्वाधिक गोल करने का रिकार्ड बनाने पर बधाई दी है। वहीं इससे पहले नेमार ने क्रोएशिया के खिलाफ मुकाबले में सबसे अधिक गोल करने के पेले के रिकार्ड की बराबरी कर ली है। पेले आजकल बीमार हैं और अस्पताल में भर्ती हैं। इसके बाद भी ब्राजील के क्वार्टर फाइनल में क्रोएशिया के हाथों पेनल्टी शूटआउट में हारने के बाद पेले ने इंस्टाग्राम पर अपना संदेश पोस्ट कर टीम का हौसला बढ़ाया।

82 वर्षीय पेले ने नेमार को भेजे अपनी संदेश में कहा मैंने आपको बड़े होते हुए देखा है और मैंने हर दिन आपके लिए जश्न मनाया है और अब मैं अंत में ब्राजील की तरफ से सर्वाधिक गोल करने के मेरे रिकॉर्ड की बराबरी करने के लिए आपको बधाई दे सकता हूं। हम दोनों जानते हैं कि इनका महत्व आंकड़ों से भी अधिक है।



### ईशान सबसे तेज दोहरा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने

चट्टोग्राम। टीम इंडिया के युवा बल्लेबाज ईशान किशन ने यहां बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय में अपने दोहरे शतक के साथ ही एक अहम उपलब्धि हासिल की है। किशन ने 126 गेंदों में ही अपना दोहरा शतक पूरा किया। ईशान ने 131 गेंदों में 210 गेंदों की पारी खेली जिसमें 24 चौके और 10 छक्के शामिल रहे। इस पारी के साथ ही ईशान ने एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे तेज दोहरे शतक लगाने का वेस्टइंडीज के आक्रामक बल्लेबाज क्रिस गेल का विश्व रिकार्ड तोड़ दिया है। गेल ने जिंम्बाब्वे के खिलाफ साल 2015 में 138 गेंदों में दोहरा शतक लगाया था। वहीं भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने 140 गेंदों में दोहरा शतक लगाया था। ईशान अपनी पहले ही शतक को दोहरे शतक में बदलने में सफल रहे हैं। वह दोहरा शतक लगाने वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज बने हैं। उनसे पहले एकदिवसीय में सचिन तेंदुलकर वीरेंद्र सहवाग व रोहित शर्मा ने दोहरा शतक जमाया था। ईशान ने 24 साल की उम्र में यह शतक लगाया है। ऐसे में वह सबसे कम उम्र में दोहरा शतक शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

# आप में शामिल हुए कांग्रेस पार्षदों की घर वापसी: 18 घंटे पहले ज्वाइन की थी आम आदमी पार्टी, हाथ जोड़कर राहुल से मांगी माफी

## दिल्ली कांग्रेस के उपाध्यक्ष अली मेहदी और दो नवनिर्वाचित पार्षद पार्टी में लौट आए, नेता अली मेहदी ने माफी मांगी और कहा कि मैं राहुल गांधी का कार्यकर्ता हूं

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी में शामिल होने के कुछ घंटों बाद ही दिल्ली कांग्रेस के उपाध्यक्ष अली मेहदी और दो नवनिर्वाचित पार्षद पार्टी में लौट आए हैं। मेहदी ने शुक्रवार की देर रात 1:25 बजे वीडियो जारी कर इसकी जानकारी दी। कांग्रेस के ये नेता 9 दिसंबर को आप में शामिल हुए थे। इसके बाद एमसीडी में आम आदमी पार्टी की सीटें 134 से बढ़कर 136 हो गईं। हालांकि, नेताओं की वापसी के बाद पार्टी की सीटें फिर 134 हो गई हैं। अली मेहदी ने ट्वीट किया- मैं राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का कार्यकर्ता था और रहूंगा। मुझसे बहुत बड़ी गलती हुई है। मैं राहुल, प्रियंका, क्षेत्रों के लोगों और कांग्रेस पार्टी से माफी मांगता हूं। कांग्रेस पार्टी मेरे दिल में है। उन्होंने यह भी कहा कि मुस्तफाबाद से पार्षद सबिला बेगम और बृजपुरी से नाजिया खातून, जो उनके साथ आप में शामिल हुई थीं, उनकी भी कांग्रेस में वापसी हो गई है। दिल्ली नगर निगम का रिजल्ट आने के बाद कांग्रेस में शामिल हुए मेहदी के फैसले का कार्यकर्ता कड़ा विरोध कर रहे थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उनका मानना था कि इन सभी नेताओं को मेयर इलेक्शन में आप को फायदा पहुंचाने के लिए पार्टी में शामिल किया गया है। हालांकि, मेहदी की वापसी के बाद कांग्रेस कार्यकताओं में खुशी की लहर है। आप में शामिल के बाद अली का कहना था कि क्षेत्र के विकास की खातिर, उन्होंने और दोनों पार्षदों ने आप से जुड़ने का फैसला किया है।



दिल्ली नगर निगम में पिछले 15 साल से काबिज भाजपा का पत्ता साफ हो गया है। आप ने यहां बहुमत से जीत दर्ज की है। पार्टी को 250 सीटों वाले एमसीडी में आप को 134 सीटें मिली हैं, जो बहुमत से 8 ज्यादा हैं। भाजपा के 104 और कांग्रेस के 9 उम्मीदवार जीते हैं। 3 सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशियों की जीत हुई है। वहीं, कांग्रेस के 2 पार्षद कांग्रेस का हाथ छोड़कर आम आदमी के पार्टी के साथ चले गए थे, इसके बाद कांग्रेस के पार्षदों की संख्या घटकर 7 रह गई थी, लेकिन नेताओं ने थोड़ी देर बाद फिर से कांग्रेस में वापसी कर ली।

### अभिनेत्री वीणा कपूर की बेटे ने ही की बेरहमी से हत्या

**मुंबई।** टीवी की जानी-मानी अभिनेत्री वीणा कपूर को उसके बेटे ने ही मौत के घाट उतार दिया है। रिपोर्ट की मानें तो 74 साल की वीणा कपूर को उनके बेटे ने बैट से मारकर उनकी हत्या कर दी है। इस खबर को सुनने के बाद हर कोई स्तब्ध है। एक्ट्रेस की मौत की जानकारी उन्हीं की को-एक्ट्रेस नीलू कोहली ने दी हैं। नीतू ने सोशल मीडिया पर भावुक कर देने वाला एक लंबा चौड़ा पोस्ट लिखा है। टीवी शो मेरी भाभी शो की एक्ट्रेस वीणा कपूर की मौत की खबर उन्हीं की को-एक्ट्रेस नीलू कोहली ने दी है। नीलू ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर वीणा की तस्वीर पोस्ट करते हुए एक लंबा चौड़ा नोट लिखा है। नीलू ने लिखा वीणा जी आप बहुत कुछ डिजर्व करती थीं। मेरा दिल बुरी तरह से टूट गया है आपके लिए यह पोस्ट लिख रही हूं। क्या बोलूं? आज मेरे पास इस बारे में लिखने के लिए कोई शब्द नहीं है। मैं आशा करती हूं कि जिंदगी के इतने सालों के संघर्ष के बाद आखिरकार आप शांति से आराम कर रही होंगी। नीलू कोहली ने आगे लिखा ये जुहू स्थित वहीं बंगला है जहां पर ये दुखद घटना हुई है।

### बॉयफ्रेंड संग फीफा विश्वकप एंजॉय कर रहीं मानुषी छिल्लर, तस्वीर में मुस्कुराते दिखे दोनों



**कतार।** फीफा विश्वकप का खुमार बॉलीवुड सितारों पर भी खूब चढ़ा नजर आ रहा है। फीफी विश्वकप मैच के लिए अभिनेत्री मौनी रॉय अपने पति सूरज नांबियार संग कतर में हैं। एक्ट्रेस और पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर भी फीफा एंजॉय कर रही हैं, वहीं उनके साथ कथित बॉयफ्रेंड निखिल कामत भी स्टेडियम में मैच का लुत्फ उठाते नजर आए। मौनी रॉय कतर से लगातार एक के बाद एक तस्वीरें साझा कर रही हैं। अब एक्ट्रेस ने अपनी इंस्टा स्टोरी से लेटेस्ट तस्वीर शेयर की है, जिसमें उनके साथ मानुषी छिल्लर और निखिल कामत को भी मुस्कुराते हुए पोज करते देखा जा सकता है। इस पोस्ट में मौनी रॉय ने अपने पति सूरज नांबियार समेत मानुषी और निखिल को भई टैग किया है। इस तस्वीर में मानुषी छिल्लर व्हाइट जंपसूट में नजर आई तो वहीं निखिल काले रंग की टीशर्ट और जींस में दिखाई दिए। उन्होंने फोटो में सूरज, मानुषी और निखिल को भी टैग किया। मौनी और सूरज ने आधिकारिक अर्जेंटीना किट पहनी थी, जबकि मानुषी ने सफेद जंपसूट और निखिल ने काले रंग की टी-शर्ट और जींस पहनी थी। मानुषी छिल्लर ने भी अपने इंस्टा से मैच के दौरान की तस्वीर शेयर की है, हालांकि उन्होंने निखिल कामत के साथ कोई तस्वीर पोस्ट नहीं की है।

## खास खबर

### देश के 55 शहरों में होगा जी-20 सम्मेलन सबसे बड़ा आयोजन काशी में-जयशंकर

वाराणसी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि दिसंबर 2022 से नवंबर 2023 के बीच भारत की मेजबानी में जी-20 का शिखर सम्मेलन होगा। इसका आयोजन देश के 55 शहरों में होगा। सबसे बड़ा आयोजन (डेवलपमेंट मिनिस्टर्स की बैठक) वाराणसी में होगा। जिसकी अध्यक्षता वो खुद करेंगे। इसकी योजना बनाई जा रही है।
अपने दो दिवसीय दौरे पर शनिवार दोपहर वाराणसी पहुंचे विदेश मंत्री जयशंकर ने बीएचयू में आयोजित काशी-तमिल संगमम में भाग लिया। मीडिया से बातचीत में काशी-तमिल संगमम को अनूठी पहल बताया। काशी-तमिल संगमम का आयोजन पीएम मोदी की सोच का नतीजा है। यह एक बेहतर पहल है। इससे काशी और तमिलनाडु के प्राचीन सांस्कृतिक संबंधों का परिचय होगा। सबके लिए यह नया अनुभव है। युवा पीढ़ी को सीखने को बहुत कुछ मिलेगा। उम्मीद है कि यह कार्यक्रम सफल होगा। देश के विभिन्न शहरों के बीच पुराने संबंध और बेहतर होंगे।

### पिता के सामने बेटी को जबरन उठा ले गए 100 लोग

**हैदराबाद।** तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले के आदिबाटला इलाके में शुक्रवार को हैरान करने वाली घटना घटित हुई। यहां शादी से इंकार करने पर 100 से ज्यादा लोग जबरन एक महिला डॉक्टर को उसके घर से उठाकर ले गए। बदमाशों ने उसके घर पर जमकर तोड़फोड़ मचाई और लड़की के पिता को लाठी-डंडों से पीटा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हलाकि पुलिस ने घटना के छह घंटे के अंदर महिला को रेस्क्यू कर लिया था।
मारपीट में लड़की के पिता के सिर पर चोट आई है। परिवार का कहना है कि 100 से ज्यादा बदमाशों ने घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया। हालांकि पुलिस ने करीब छह घंटे बाद महिला डॉक्टर को रेस्क्यू कर उसके घर पहुंचा दिया।

## '2002 में सिखाया सबक', चुनाव आयोग ने बोला शाह का बयान गलत नहीं

### गुजरात चुनाव के दौरान दिया था यह बयान



**नई दिल्ली।** गुजरात में हुए विधानसभा चुनाव में प्रचार के दौरान गृह मंत्री अमित शाह की '2002 में एक सबक सिखाया' वाली टिप्पणी को चुनाव आयोग ने गलत नहीं माना है। चुनाव आयोग ने माना है कि इस टिप्पणी के कारण आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं हुआ है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की रिपोर्ट को देखने और कानूनी राय लेने के बाद चुंनाव आयोग ने निष्कर्ष निकाला कि 'उपद्रवियों' के खिलाफ कार्रवाई करने का जिक्र करना चुनाव संहिता के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं था।

***अमित शाह ने दिया था ये बयान***

एक पूर्व नौकरशाह ने पिछले महीने खेड़ा जिले के महुधा शहर में एक चुनावी रैली में अमित शाह की तरफ से दिए गए बयान को लेकर चुनाव आयोग का रुख किया था। रैली में शाह ने कहा था कि, 'गुजरात में कांग्रेस के शासन के दौरान (1995 से पहले) साम्प्रदायिक दंगे बड़े पैमाने पर होते थे। कांग्रेस विभिन्न समुदायों और जातियों के लोगों को एक-दूसरे के खिलाफ लड़ने के लिए उकसाती थी। ऐसे दंगों के जरिए कांग्रेस ने अपने वोट बैंक को मजबूत किया और समाज के एक बड़े वर्ग के साथ अन्याय किया।
केंद्रीय मंत्री अमित शाह में रैली के दौरान ये भी कहा था कि, "2002 में उन्हें सबक सिखाने के बाद इन तत्वों ने वो रास्ता (हिंसा) छोड़ दी। उन्होंने 2002 से 2022 तक हिंसा में शामिल होने से परहेज किया। गौरतलब है कि, साल 2002 के फरवरी महीने में गोधरा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में आग लगने की घटना के बाद गुजरात के कुछ हिस्सों में बड़े पैमाने पर हिंसा हुई थी।

### आरक्षण संबंधी अध्ययन के लिए उत्तराखंड आयोग की टीम पहुंची प्रयागराज

**प्रयागराज।** उत्तराखण्ड सरकार के एकल सदस्यीय आयोग का दल पंचायतों और नगर निकायों के आरक्षण में पिछड़े वर्गों के प्रतिनिधित्व और अनारक्षित सीटों में पिछड़े वर्गों के निर्वाचन का अध्ययन करने के लिए शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज पहुंचा। शनिवार को मिली जानकारी के अनुसार आयोग के सदस्य सचिव और उत्तराखंड के अपर सचिव पंचायतीराज ओंकार सिंह ने सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में जनपद स्तरीय अधिकारियों से आंकड़ों की जानकारी ली। साथ ही आरक्षण के नियमों प्रक्रियाओं के संबंध में चर्चा की गई। बताया जाता है कि शीघ्र ही प्रदेश में नगर निकायों के निर्वाचन होने हैं इस हेतु आरक्षण सम्बन्धी प्रक्रिया की तैयारी की जा रही है। बैठक में उपनिदेशक पंचायती राज उत्तराखंड मनोज तिवारी अशोक पांडेय अपर निदेशक शहरी विकास उत्तराखण्ड मदन कुमार अपर ज़िलाधिकारी नगर प्रयागराज अरविंद राय अपर नगर आयुक्त प्रयागराज आलोक सिन्हा ज़िला पंचायत राज अधिकारी प्रयागराज उपस्थित रहे। इससे पूर्व एकल सदस्यीय समर्पित आयोग उत्तराखंड के अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत न्यायाधीश बीएस वर्मा ने लखनऊ में उप्र शहरी विकास विभाग एवं निदेशक पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों से वार्ता की।

## विदेशों में टीम योगी को मिल रहा भरपूर समर्थन, माय हेल्थ सेंटर ने साइन किया 2050 करोड़ का एमओयू

### विदेशी निवेशकों को आमंत्रित करने के लिए मुख्यमंत्री ने टीमों को दुनिया के अलग-अलग देशों में भेजा

**लखनऊ।** अगले वर्ष 10 से 12 फरवरी के मध्य लखनऊ में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के जरिए 10 लाख करोड़ से अधिक निवेश का लक्ष्य तय कर चुकी योगी सरकार की इस मुहिम को विदेशों में भी भरपूर समर्थन मिल रहा है। यूपीजीआईएस 2023 के लिए विदेशी निवेशकों को आमंत्रित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी कई टीमों को दुनिया के अलग-अलग देशों में भेजा है।
इन टीमों ने 9 दिसंबर को जर्मनी के फ्रैंकफर्ट, यूके के लंदन, मैक्सिको और कनाडा के टोरंटो में रोड शो का आयोजन किया। यहां विदेशी निवेशकों से उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं को लेकर चर्चा की गई और उन्हें यहां व्यापार के अनुकूल माहौल, सुरक्षित निवेश और इंसेंटिव्स को लेकर सरकार की सुगम नीतियों के बारे में बताया गया।
ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के साथ ही ईज ऑफ स्टार्टिंग बिजनेस की संभावनाओं से भी उन्हें परिचित कराया गया। इस अवसर पर निवेशकों ने भी उत्तर प्रदेश में निवेश की इच्छा जाहिर की। वहीं, कुछ निवेशकों ने तो ऑन द स्पॉट ही उत्तर प्रदेश में निवेश का एमओयू भी साइन कर दिया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी ने पीएम मोदी की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य तय किया है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 उसी लक्ष्य की पूर्ति के लिए उठाया गया कदम है।



***टोरंटो में दिया गया सुरक्षित निवेश का भरोसा***

उत्तर प्रदेश सरकार के एक प्रतिनिधि मंडल ने कनाडा के टोरंटो में रोड शो किया। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह सैनी और मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता वाले इस प्रतिनिधिमंडल ने निवेशकों को उत्तर प्रदेश में सुरक्षित निवेश का भरोसा दिलाया और उनकी हर क्वेरी का जवाब भी दिया। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने इंडो-कनाडा चेंबर्स ऑफ कॉमर्स के सदस्यों का स्वागत किया और उत्तर प्रदेश में निवेश को लेकर हर तरह का सहयोग दिए जाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर इंडो कनाडा चैंबर ऑफ कॉमर्स के 70 से 80 निवेशक उपस्थित रहे। इस दौरान इन्वेस्ट यूपी और कनाडा इंडिया फाउंडेशन (सीआईएफ) यूपीजीआईएस 2023 के प्रमोशन को लेकर हाथ मिलाए हैं। सीआईएफ कनाडा में उत्तर प्रदेश के ब्रांड एंबैस्डर के तौर पर कार्य करेगा।

***माय हेल्थ सेंटर उत्तर प्रदेश में करेगा निवेश***

रोड शो से पहले वन टू वन बिजनेस मीटिंग का भी आयोजन किया गया। इसी मीटिंग में कनाडा की कंपनी माय हेल्थ सेंटर के सीईओ सुरेश मदान ने कानपुर में मल्टी स्पेशियल्टी हॉस्पिटल और मेडिकल कॉलेज व मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के लिए उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल के साथ 2050 करोड़ रुपए के एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इससे पहले प्रतिनिधिमंडल ने टोरंटो में इंडियन कांसुलेट द्वारा आयोजित डिनर में माय हेल्थ सेंटर, ओएमईआरएस, आईएमईसी, ओटीपीपी जैसी कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और उन्हें यूपीजीआईएस के लिए आमंत्रित किया।

## देश में चालू हवाईअड्डों की संख्या 2014 के मुकाबले हुई दोगुनी

### 74 से बढ़कर 140 हुआ आंकड़ा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को गोवा में मोपा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे का उद्घाटन करेंगे। वहीं, देश में 2014 के मुकाबले एयरपोर्टों की संख्या करीब दोगुनी हो गई है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि 2014 में पीएम मोदी के कार्यभार संभालने के बाद से देश में परिचालन हवाई अड्डों की संख्या 74 से बढ़कर करीब दोगुनी होकर 140 से अधिक हो गई है। उन्होंने कहा कि सरकार की अगले पांच साल में 220 हवाईअड्डों को विकसित करने और उसे चालू करने की योजना है। सूत्रों ने कहा कि पीएम मोदी ने देश में कनेक्टिविटी बढ़ाने पर जोर दिया है और विभिन्न हवाईअड्डों का उद्घाटन और शिलान्यास करते हुए सामने से इसका नेतृत्व किया है। उन्होंने नवंबर में अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में ग्रीनफील्ड डोनी पोलो हवाई अड्डे का उद्घाटन किया था, जुलाई में देवघर हवाई अड्डे का उद्घाटन किया था, पिछले साल नवंबर में उत्तर प्रदेश के जेवर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का शिलान्यास किया था और पिछले साल अक्टूबर में कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन किया था, जो एक प्रसिद्ध बौद्ध स्थल है। बता दें कि नवंबर 2016 में प्रधानमंत्री ने मोपा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की आधारशिला रखी गई थी। यह गोवा में दूसरा हवाई अड्डा होगा, पहला डाबोलिम में स्थित है। अधिकारियों ने कहा कि मोपा हवाईअड्डा डाबोलिम हवाईअड्डे की तुलना में काफी अपग्रेड है।

## जैस्मिन शाह मामले में केजरीवाल और उपराज्यपाल आमने-सामने, मामला पहुंचा राष्ट्रपति के पास

### उपराज्यपाल कार्यालय ने कहा है कि जैस्मीन शाह के मामले को पहले ही कार्रवाई के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा जा चुका है

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल कार्यालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के उस आदेश को अवैध बताया है जिसे उन्होंने योजना विभाग को दिया था, जिसमें जैस्मिन शाह के समर्थन में कहा था कि जैस्मिन शाह को सभी सुविधाएं बहाल की जाएं। उपराज्यपाल कार्यालय ने कहा है कि जैस्मीन शाह के मामले को पहले ही कार्रवाई के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा जा चुका है। बता दें कि उपराज्यपाल के निर्देश पर पिछले 17 नवंबर को योजना विभाग ने दिल्ली संवाद एंव विकास आयोग के उपाध्यक्ष के पद के तहत शाह को मिलने वाली सभी सुविधाओं को रोक दिया था। एलजी ने शाह को पद से हटाने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखा था। वहीं पिछले महीने उपराज्यपाल के एक आदेश के बाद उन्हें दी जा रही सुविधाओं को वापस ले लिया गया था। सिविल लाइन्स के एसडीएम ने गत 17 नवंबर को जैस्मिन शाह के दफ़्तर को सील कर दिया था। जैस्मिन शाह ने इस कदम के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है।



***क्या कहा सीएम केजरीवाल ने?***

शाह को हटाने और उनके विशेषाधिकार वापस लेने का प्रशासनिक आदेश भी 17 नवंबर को एलजी सक्सेना के निर्देश के बाद योजना विभाग द्वारा जारी किया गया था, इस पर प्रतिक्रिया देते हुए सीएम ने आदेश में लिखा है कि इस मुद्दे पर कोई अधिकार उनके पास नहीं है। केजरीवाल ने आदेश में कहा है कि डीडीसी उपाध्यक्ष को कैबिनेट के एक फैसले से नियुक्त किया गया था और केवल आयोग के अध्यक्ष की मंजूरी से ही उन्हें हटाया जा सकता है, यह अधिकार केवल मुख्यमंत्री के पास है।

***भाजपा सांसद ने की थी शिकायत***

भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा की शिकायत पर योजना विभाग ने 17 अक्टूबर को शाह को कथित तौर पर सरकारी संसाधनों और सार्वजनिक कार्यालय का दुरुपयोग करने के लिए एक राजनीतिक दल के प्रवक्ता के रूप में काम करने के आरोप में नोटिस दिया था। योजना विभाग की रिपोर्ट और शाह द्वारा प्रस्तुत जवाब के आधार पर एलजी ने मुख्यमंत्री को डीडीसी उपाध्यक्ष के रूप में जस्मिन शाह को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने से रोकने और कार्यालय से जुड़े किसी भी विशेषाधिकार और सुविधाओं का उपयोग नहीं करने देने का निर्देश दिया था।

## दरवाजे पर दस्तक दे रहा है जलवायु परिवर्तन, समाज को करना होगा विचार

### जलवायु परिवर्तन को लेकर राष्ट्रपति ने जताई चिंता

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कहा कि जलवायु परिवर्तन दरवाजे पर दस्तक दे रहा है और गरीब देशों के लोग पर्यावरण के क्षरण के लिए 'भारी कीमत' चुकाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज को अब न्याय के पर्यावरणीय आयाम पर भी विचार करना चाहिए। मानवाधिकार दिवस के मौके पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुर्मू ने ये भी अपील की कि मनुष्यों को प्रकृति और जैव विविधता के साथ सम्मान के साथ व्यवहार करना भी सीखना चाहिए।

***'सभी प्राणियों से सम्मान के साथ व्यवहार करना चाहिए'***

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि, "मैं पूछती हूं कि अगर हमारे आसपास के जानवर और पेड़ बोल सकते तो वो हमें क्या बताते। हमारी नदियां मानव इतिहास के बारे में क्या कहतीं और हमारे मवेशी मानवाधिकार के विषय पर क्या कहते। हमने लंबे वक्त तक उनके अधिकारों को कुचला है और अब परिणाम हमारे सामने है." उन्होंने कहा कि, "जिस तरह से मानवाधिकारों की अवधारणा समाज को, प्रत्येक मनुष्य को हमसे अलग ना मानने पर विचार करने के लिए प्रेरित करती है उसी तरह हमें सभी प्राणियों और उनके आवास स्थान से सम्मान के साथ व्यवहार करना चाहिए।"



राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि, "हमें प्रकृति से सम्मान के साथ व्यवहार करना सीखना, बल्कि फिर से सीखना होगा। ये ना केवल हमारा नैतिक दायित्व है, बल्कि हमारे अपने अस्तित्व के लिए भी आवश्यक है।"

## तीन राज्यों में कांग्रेस को चुनौती देगी आम आदमी पार्टी, आसान नहीं होगा चुनाव जीतना

### दिल्ली नगर निगम चुनाव में आशातीत सफलता पाने और गुजरात में 12.9 फीसदी वोट हासिल करने बाद आप उत्साहित

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी इन दिनों बड़ी उत्साहित है। दिल्ली नगर निगम के चुनाव में आशातीत सफलता पाने गुजरात में 12.9 फीसदी वोट हासिल करने राष्ट्रीय पार्टी बन जाने की खुशी नेताओं के चेहरे पर दिख रही है। आम आदमी पार्टी अगले वर्ष होने वाले मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ एवं राजस्थान के विधानसभा चुनाव में पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ेगी। उपरोक्त 3 राज्यों में चुनाव लड़ने के बाद वह 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए अपनी दावेदारी पेश करेगी। मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ और राजस्थान तीनों ही राज्यों में भारतीय जनता पार्टी का कांग्रेस के साथ सीधा मुकाबला है। यदि आम आदमी पार्टी यहां से चुनाव लड़ती है और वही दमखम दिखाती हैजो उसने गुजरात में दिखाया है। तो निश्चित रूप से इन राज्यों में कांग्रेस को सत्ता से बाहर करने के लिए आम आदमी पार्टी अपना पूरा जोर लगा देगी।



***जीत हार का अंतर***

मध्य प्रदेश की 71 सीटों पर 5 फीसदी 7 सीटों पर 4 फीसदी44 सीटों पर 3 फीसदी और 30 सीटों पर 2 फीसदी तथा 16 सीटों पर 1 फीसदी से कम वोटों पर जीत हार हुई थी। छत्तीसगढ़ में 18 सीटों पर 5 फीसदी से कम 14 सीटों पर 3 फीसदी 6 सीटों पर 2 और 2 सीट पर 1 फीसदी से कम वोटों का जीत हार के बीच में अंतर था। राजस्थान में पिछले चुनाव में 58 सीटों पर जीत हार का अंतर 5 फीसदी से कम था। 13 सीटों पर 1 फीसदी से कम और 23 सीटों पर 2 फीसदी से कम 39 सीटों पर 3 फीसदी से कम और 43 सीटों में 4 फीसदी से कम अंतर से जीत हार हुई थी। गुजरात में लगभग 13 फीसदी वोट लेकर आम आदमी पार्टी अति उत्साहित है। भाजपा भी चाहेगीकि आम आदमी पार्टी पूरी तरह से मुकाबले में तीनों राज्यों के चुनाव में उतरे और कांग्रेस के वोट बैंक में सेंध लगाए। यदि ऐसा हुआ तो तीनों राज्यों में भाजपा का डंका गुजरात की तरह बजेगा। सूत्रों के अनुसार आम आदमी पार्टी सबसे ज्यादा चुनाव प्रचार मध्यप्रदेश और राजस्थान में लडेगी। यहां पर उसके लिए अनुकूल वातावरण है। पिछले 5 वर्षों से वह मध्य प्रदेश में लगातार सक्रिय है। राजस्थान दिल्ली का सीमावर्ती राज्य है। गुजरात की तरह मध्यप्रदेश और राजस्थान उसके निशाने पर है।

***भाजपा और आम पार्टी साधन संपन्न***

भारतीय जनता पार्टी को सबसे ज्यादा चुनावी चंदा मिलता है। भाजपा चुनाव में पार्टी की ओर से बहुत बड़ी राशि खर्च करती है। ठीक उन्हीं के पद चिन्हों पर आम आदमी पार्टी चल रही है।

### पुरानी पेंशन योजना लागू होने पर राज्य सरकारें होंगी दिवालिया

**नई दिल्ली।** कई राज्यों में पुरानी पेंशन स्कीम को लागू करने की घोषणा राजनीतिक दलों द्वारा की गई है। इस स्कीम को लागू करने पर राज्यों के ऊपर भारी वित्तीय बोझ बढ़ेगा।जो अगले 10 सालों में गंभीर स्थितियां पैदा कर देगा। रिजर्व बैंक ने जो ताजे आंकड़े जारी किए हैं।उसमें पुरानी पेंशन स्कीम को लागू किए जाने पर बढ़ रहे वित्तीय भार को दशार्ते हुए चेतावनी दी गई है। हिमाचल के चुनाव परिणामों ने केंद्र सरकार और कई राज्य सरकारों को हिला कर रख दिया है।अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में पुरानी पेंशन योजना को लेकर केंद्र सरकार विशेष रूप से भाजपा की चिंता बढ़ गई है। हिमाचल का चुनाव कांग्रेस पुरानी पेंशन योजना लागू करने के आश्वासन पर जीती है। ऐसा केंद्र सरकार और भाजपा का मानना है। रिजर्व बैंक ने आंकड़ों के अनुसार यह बताया है कि पिछले 5 वर्षों में राज्यों का पेंशन खर्च 48 फीसदी वृद्धि के साथ बढ़ा है।




मध्य प्रदेश की सबसे लंबी और देश की सबसे चौड़ी 6-लेन टनल देश को समर्पित कर दी गई है। गुढ़-सीधी मार्ग पर बनी मोहनिया टनल का शनिवार को केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उद्घाटन किया। इसके अलावा करीब 2500 करोड़ रुपये की योजनाओं का लोकार्पण और भूमि पूजन भी किया गया।



**सेंसेक्स**

389.01 अंक नीचे आकर 62181.67 अंक पर बंद हुआ



**सोना**

सोना 250 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ

# सेंसेक्स और निफ्टी एक फीसदी नुकसान पर रहे

## सेंसेक्स 389 अंक टूटकर 62181.67 पर बंद, निफ्टी 112 अंक टूटकर 18496.60 पर बंद




**मुंबई।** बीते समाप्त हुए सप्ताह में लगातार दो सप्ताह की तेजी थमी और शेयर बाजार साप्ताहिक आधार पर एक फीसदी प्रतिशत नुकसान में रहा। बाजार के जानकारों का कहना है कि वैश्विक शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख के बावजूद सूचना प्रौद्योगिकी और ऊर्जा शेयरों में भारी बिकवाली से बाजार नीचे आया। इसके अलावा कच्चे तेल के दाम में तेजी और लगातार पूंजी निकासी से भी शेयर बाजार की धारणा प्रभावित हुई। पिछले सप्ताह के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच सोमवार को बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 156.76 अंकों की गिरावट के साथ 62711.74 पर खुला और 33.9 अंक की गिरावट के साथ 62834.60 पर बंद हुआ। वहीं व्यापक एनएसई निफ्टी 38.95 अंक गिरकर 18657.15 पर खुला और 4.95 अंक की मामूली बढ़त के साथ 18701.05 अंक पर बंद हुआ। मंगलवार को सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 444.53 अंक टूटकर 62390.07 पर खुला और 208.24 अंक की गिरावट के साथ 62626.36 पर बंद हुआ। निफ्टी भी शुरूआती कारोबार में 123.15 अंक के नुकसान से 18577.90 पर खुला और 58.30 अंक की गिरावट के साथ 18642.75 अंक पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 34.28 अंक के नुकसान से 62592.08 पर खुला और 215.68 अंक गिरकर 62410.68 पर बंद हुआ। निफ्टी 14.55 अंक नुकसान से 18628.20 अंक पर खुला और 82.25 अंक की गिरावट रही और यह 18560.50 पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 28.87 अंक की मामूली बढ़त के साथ 62439.55 पर खुला और 160 अंक की बढ़त के साथ 62570.68 पर बंद हुआ। निफ्टी 8.60 अंक के मामूली लाभ के साथ 18569.10 पर खुला और 48.85 अंक की तेजी के साथ 18609.35 पर बंद हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स 115.09 अंक की तेजी के साथ 62685.77 पर खुला और 389.01 अंक टूटकर 62181.67 पर बंद हुआ। निफ्टी 33.25 अंक बढ़कर 18642.60 पर खुला और 112.75 अंक की गिरावट के साथ 18496.60 पर बंद हुआ।

## चांदी में आसमानी उछाल, सोना भी चढ़ा



**नई दिल्ली।** वेडिंग सीजन और विवाह के शुभ मुहूर्त के बीच चांदी के कीमतों में आसमानी उछाल आया है। 10 दिसम्बर को अचानक चांदी 1200 रुपये प्रति किलो महंगा हुई है। वहीं बात सोने की कीमत की करें तो सोना भी धीमी रफ्तार से बढ़ रहा है। शनिवार को सोना 250 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ। बता दें कि सोने चांदी का भाव हर दिन उत्पाद शुल्क, मेकिंग चार्ज के कारण घटता बढ़ता रहता है। सराफा बाजार में 10 दिसम्बर को 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 50850 रुपये हो गई। इसके पहले 9 दिसम्बर को इसकी कीमत 50600 रुपये थी। 8 दिसम्बर को भी सोने का यही भाव था। इसके पहले 7 दिसम्बर को सोने की कीमत 50,400 रुपये थी। वहीं बात 6 दिसम्बर की करें तो इसकी कीमत 50,700 रुपये थी। इसके पहले 5 दिसम्बर को इसकी कीमत 50,550 रुपये थी। 22 कैरेट के अलावा बात यदि 24 कैरेट शुद्ध सोने की करें तो 10 दिसम्बर को 10 ग्राम सोने की 55,565 रुपये रही। वाराणसी सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश वर्मा ने बताया कि वेडिंग सीजन में सोने चांदी की कीमतों में लगातार उतार चढ़ाव का दौर देखने को मिल रहा है।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 561.162 अरब डॉलर



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के मुता?बिक देश का विदेशी मुद्रा भंडार दो दिसंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान 11.02 अरब डॉलर बढ़कर 561.162 अरब डॉलर पर पहुंच गया। पिछले सप्ताह देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 2.9 अरब डॉलर बढ़कर 550.14 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। वहीं 11 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश के कुल विदेशी मुद्रा भंडार 14.72 अरब डॉलर की वृद्धि हुई थी। गौरतलब है कि अक्टूबर 2021 में विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। केंद्रीय बैंक ने कहा कि कुल मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाली फॉरेन करेंसी एसेट्स (एफसीए) दो दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 9.694 अरब डॉलर बढ़कर 496.984 अरब डॉलर हो गईं। एफसीए में यूरो पौंड और येन जैसी गैर अमेरिकी मुद्राओं में आई गिरावट व बढ़त के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है। इसके अलावा स्वर्ण भंडार का मूल्य समीक्षाधीन सप्ताह में 1.086 अरब डॉलर बढ़कर 41.025 अरब डॉलर हो गया। आंकड़ों के अनुसार स्पेशल ड्रॉइंग राइट्स (एसडीआर) 16.4 करोड़ डॉलर घटकर 18.04 अरब डॉलर रह गया। समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में रखा देश का मुद्रा भंडार भी 7.5 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ 5.108 अरब डॉलर रह गया। पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक (एसबीपी) का विदेशी मुद्रा भंडार दो दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 78.4 करोड़ डॉलर घटकर चार साल के निचले स्तर 6.72 अरब डॉलर पर आ गया।

## ऑनलाइन दवाइयों की बिक्री मै छूट गैरकानूनी


**नई दिल्ली।** देश में ऑनलाइन दवाइयों की मांग और बिक्री बढ़ती जा रही है। कई कंपनियां इसमें 30 से 40 फीसदी तक की छूट दे रही हैं।ड्रग्स और कॉस्मेटिक रूल्स का उल्लंघन बताया जा रहा है। नीति आयोग के सदस्य डॉ बीके पाल और ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन आफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों की एक बैठक इस संदर्भ में हुई है।

ऑनलाइन दवाइयों की बिक्री गैरकानूनी तरीके से हो रही है। इस पर रोक लगाने का सुझाव केंद्र सरकार को भेजने का निर्णय दोनों संगठनों ने मिलकर लिया है। बैठक में कहा गया कि इस तरीके की छूट और बिक्री दोनों ही ड्रग्स और कॉस्मेटिक नियमों का उल्लंघन है।

सूत्रों के अनुसार हर साल दवा कंपनियों द्वारा अरबों रुपए की नजराना राशि देकर अपने हिसाब से कानून बनवाए जाते हैं। ऑनलाइन कंपनियों द्वारा छूट देकर इसका लाभ सीधे ग्राहकों तक पहुंचाया जा रहा है। जिसके कारण दवा कंपनियों की हालत आर्थिक दृष्टि से खराब हो रही है। कहीं-कहीं इसमें दवाओं की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

# देश में गिग वर्कफोर्स में होगी जबरदस्त बढ़ोतरी

## 1.10 करोड़ लोगों को मिलेगा रोजगार



**नई दिल्ली ।** आगामी समय में देश के अंदर गिग वर्कफोर्स में जबरदस्त बढ़ोतरी होगी। भारत में 2025 तक गिग वर्कफोर्स में 90 लाख से 1.10 करोड़ लोग और जुड़ेंगे। ग्लोबल जॉब साइट्स इनडीड के मुताबिक गिग वर्कर्स घंटे के आधार पर अस्थायी तौर पर काम करने वाले कर्मचारी होते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि कंपनियों ने गिग वर्क प्लेटफॉर्म और प्रक्रियाओं में भी निवेश करना शुरू कर दिया है। इससे पता चलता है कि भारत में जॉब क्रिएशन में गिग वर्क का कितना अहम है। इनडीड की रिपोर्ट में कहा गया है कि सर्वेक्षण में शामिल अधिकांश नियोक्ता (58 प्रतिशत) का अनुमान है कि गिग कार्यबल 2025 तक बढ़कर 90-110 लाख हो जाएगा। इनडीड इंडिया हेड शशि कुमार का कहना है कि ऐप बेस्ड मॉडल्स के बढ़ते प्रभुत्व के कारण डिलीवरी और होम सर्विसेज जैसी सेवाएं देने वाले लोगों की मांग बढ़ रही है। आने वाले समय में इस क्षेत्र में नौकरियां तेज गति से बढ़ेंगी।रिपोर्ट में कहा गया है कि डोर डिलीवरी जैसी नौकरियों की मांग अब ज्यादा है। सर्वेक्षण में शामिल 22 प्रतिशत नियोक्ताओं ने माना कि फूड डिलीवरी के लिए वे ज्यादा कर्मचारियों को काम पर रख रहे हैं। वहीं अन्य डिलीवरी सर्विसेज के लिए ज्यादा कर्मचारियों की नियुक्ति करने वाले नियोक्ताओं का प्रतिशत 26 है। सर्वेक्षण में शामिल लगभग 16 प्रतिशत नियोक्ता घरेलू या वाहन की मरम्मत और रखरखाव के लिए और कैब या दोपहिया वाहन चलाने के लिए गिग कर्मचारियों को काम पर रख रहे हैं। नीति आयोग के अनुसार 2020-21 में 77 लाख कामगार गिग इकोनॉमी में शामिल थे। ये कर्मचारी मुख्य रूप से खुदरा व्यापार और बिक्री तथा परिवहन क्षेत्र में थे। इसके अलावा मैन्युफैक्चरिंग और वित्त तथा इंश्योरेंस गतिविधियों में भी इनकी उल्लेखनीय भूमिका थी।

अमेरिका सहित पश्चिमी देशों में इस तरह का वर्क कल्चर काफी पॉपुलर है जो अब भारत में भी बढ़ रहा है। गिग कर्मचारियों को मोटे तौर पर प्लेटफॉर्म और गैर-प्लेटफॉर्म कर्मचारियों में वर्गीकृत किया जाता है। प्लेटफॉर्म कर्मचारियों का काम ऑनलाइन सॉफ्टवेयर ऐप या डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आधारित होता है। गैर-प्लेटफॉर्म गिग कर्मचारी आमतौर पर दैनिक वेतन वाले श्रमिक होते हैं जो अल्पकालिक या पूर्णकालिक काम करते हैं।

## फेडरल रिजर्व की प्रथम उपाध्यक्ष बनीं भारतीय मूल की सुष्मिता शुक्ला

**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल की सुष्मिता शुक्ला को न्यूयॉर्क में फेडरल रिजर्व बैंक की प्रथम उपाध्यक्ष (फर्स्ट वाइस प्रेसिडेंट) एवं मुख्य परिचालन अधिकारी नियुक्त किया गया है। अब वह इस प्रतिष्ठित केंद्रीय बैंक की दूसरी सबसे बड़ी अधिकारी बन गई हैं। न्यूयॉर्क स्थित केंद्रीय बैंक ने कहा कि शुक्ला की नियुक्ति को फेडरल रिजर्व सिस्टम के निदेशक मंडल ने मंजूरी दी है। शुक्ला (54) को न्यूयॉर्क के फेडरल रिजर्व बैंक के निदेशक मंडल ने प्रथम उपाध्यक्ष एवं मुख्य परिचालन अधिकारी नियुक्त किया है यह नियुक्ति मार्च 2023 से प्रभाव में आएगी। शुक्ला ने कहा कि वह सम्मानित महसूस कर रही हैं। उन्होंने कहा इस अहम संस्थान के समर्पित नेतृत्व को समर्थन देने और इसकी महत्वपूर्ण गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए मैं अपने पूरे अनुभव का उपयोग करूंगी। केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी जॉन विलियम्स ने कहा कि शुक्ला ऊर्जा से भरी प्रेरणादायी और बहुत ही प्रभावीशाली हैं।

## पोलैंड के युवक ने मैच देखते हुए कराई सर्जरी आनंद महिंद्रा ने फीफा से मांगी ट्रॉफी



**नई दिल्ली।** फीफा वर्ल्ड कप का उत्साह चरम पर है। फुटबॉल प्रेमी अपने प्यार के लिए कुछ भी कर गुजरने को तैयार होते हैं। अब इस फैन को ही ले लीजिए। इस शख्स ने पूरी सर्जरी फुटबॉल वर्ल्ड कप का मैच देखते हुए करा ली। इसकी तस्वीर वायरल हो रही है भारत के मशहूर उद्यमी आनंद महिंद्रा ने इस फैन के लिए फीफा से ट्रॉफी के लिए भी पूछा है।


अक्सर ऐसी खबरें सामने आती हैं कि किसी ने वायलिन सुनते हुए सर्जरी करा ली तो किसी डॉक्टर ने गिटार सुनते हुए बड़ी सर्जरी को अंजाम दिया। यह अपने आप में रोचक है क्योंकि सर्जरी इतनी आसान नहीं होती है। फैन का जुनून 7वें आसमान पर था। उसने फुटबॉल मैच देखते हुए पूरी सर्जरी करा ली।

भारत के धाकड़ बिजनेसमैन आनंद महिन्द्रा ने ट्वीट करते हुए इस शख्स के लिए फीफा से ट्रॉफी की मांग की है। उन्होंने लिखा- फीफा आपको नहीं लगता कि यह जेंटलमैन किसी ट्रॉफी का हकदार है? बता दें कि यह तस्वीर पोलैंड के किल्स की है। तस्वीर में किल्स के सामने टीवी पर फुटबॉल मैच चल रहा है जबकि उनके आस-पास मेडिकल स्टाफ है। नोट्स फ्राम पोलैंड नाम के ट्विटर हैंडल से शेयर हुई इस तस्वीर के कैप्शन में लिखा है- पोलैंड में किल्स स्पाइनल एनेस्थीसिया के तहत ऑपरेशन के बावजूद फुटबॉल वर्ल्ड कप का मैच देखता रहा। यह तस्वीर अस्पताल की है।

## प्राकृतिक गैस के दाम बढ़ने से वाहनों में सीएनजी का इस्तेमाल घटा : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** प्राकृतिक गैस की कीमतों में बढ़ोतरी ने चालू वित्त वर्ष में वाणिज्यिक वाहनों में सीएनजी के प्रयोग को घटाकर 9-10 प्रतिशत कर दिया है जबकि पहले यह अनुपात 16 प्रतिशत था। इक्रा रेटिंग्स की एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है। रेटिंग एजेंसी की जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर प्राकृतिक गैस की कीमतें बढ़ने से पिछले एक साल में सीएनजी के दाम 70 प्रतिशत तक बढ़ चुके हैं। इसकी वजह से डीजल और सीएनजी के बीच कीमतों का अंतर काफी कम हो गया है जिससे लोग सीएनजी वाहनों की तरफ बढ़ने से परहेज करने लगे हैं। इक्रा रेटिंग्स ने कहा कि सीएनजी वाहनों के इस्तेमाल से परिचालन लागत में होने वाली बचत इसके दाम बढ़ने से डीजल की तुलना में कुछ खास नहीं रह गई है। इसकी वजह से घरेलू वाणिज्यिक वाहन क्षेत्र में सीएनजी के इस्तेमाल में चालू वित्त वर्ष में गिरावट देखने को मिली है खासकर मझोले वाणिज्यिक ट्रक खंड में।

## अर्बन क्रूजर हाइराइडर की 994 यूनिट वापस मंगाया



**नई दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने हाल ही में लॉन्च की गई एसयूवी अर्बन क्रूजर हाइराइडर की 994 यूनिट को वापस मंगाया है। कंपनी का मानना है कि इस मॉडल की लगभग 994 इकाइयों में सीट बेल्ट की खामी हो सकती है। लिहाजा इन इकाइयों को वापस मंगाकर गड़बड़ी दूर की जाएगी। कंपनी के मुताबिक अब तक प्रभावित हिस्से के खराब होने की कोई सूचना नहीं मिली है। टोयोटा ने इस साल जुलाई में अर्बन क्रूजर हाइराइडर मॉडल को बाजार में उतारा था।दूसरी तरफ देश की प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने भी आगे आगे की सीट बेल्ट में संभावित गड़बड़ी को ठीक करने के लिए सियाज ब्रेजा एर्टिगा एक्सएल 6 और ग्रैंड विटारा की 9125 इकाइयां बाजार से वापस मंगाई हैं। मारुति ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि इन प्रभावित वाहनों का विनिर्माण दो से 28 नवंबर 2022 के दौरान हुआ है। कंपनी ने कहा ह्यह्यआगे की सीट बेल्ट में कुछ संभावित गड़बड़ी का पता चला है। इसे सीट बेल्ट खुल सकती है। कंपनी ने कहा है कि वह प्रभावित वाहनों को जांच के लिए वापस मंगा रही है और खराब बेल्ट को निःशुल्क बदला जाएगा। कंपनी की अधिकृत डीलरशिप की ओर से जल्द ग्राहकों से इस बारे में संपर्क किया जाएगा। कंपनी ने एक बयान में कहा कि उसने अर्बन क्रूजर हाइराइडर मॉडल में अगली सीट पर लगे सीट बेल्ट की कुछ खामियां दूर करने के लिए इसकी कुछ इकाइयों को स्वेच्छा से वापस मंगाने का फैसला किया है।

# एलपीजी इंश्योरेंस कवर में होता है 50 लाख तक का बीमा

*रसोई गैस कनेक्शन लेते ही कनेक्शन लेने वाले का हो जाता है बीमा*



**नई दिल्ली।** अगर आपके घर में रसोई गैस की वजह से कोई दुर्घटना होती है तो आप ऑयल कंपनी से नुकसान की भरपाई ले सकते हैं। बहुत कम लोगों को ही पता है कि रसोई गैस कनेक्शन लेते ही कनेक्शन लेने वाले का बीमा हो जाता है। इस पालिसी को एलपीजी इंश्योरेंस कवर कहते हैं। एलपीजी इंश्योरेंस कवर में 50 लाख रुपए तक का बीमा होता है। यह गैस सिलेंडर की वजह से होने वाली किसी भी प्रकार की दुर्घटना में जान-माल के नुकसान के लिए दिया जाता है। गैस कनेक्शन के लेते ही आपका 40 लाख रुपए का एक्सीडेंटल बीमा हो जाता है। इसके अलावा सिलेंडर फटने से किसी इंसान की मृत्यु होती है तो 50 लाख रुपए तक का क्लेम किया जा सकता है। हादसे में ग्राहक की प्रॉपर्टी या घर को नुकसान पहुंचता है तो प्रति एक्सीडेंट 2 लाख रुपए तक का इंश्योरेंस क्लेम मिलता है। सिलेंडर जिसके नाम पर है सिर्फ उसी को इंश्योरेंस की राशि मिलती है। आप किसी को भी इस पॉलिसी में नॉमिनी नहीं बना सकते हैं।

जब भी आप सिलेंडर लें तो इस बीमा कवर का लाभ लेने के लिए इस बात का ध्यान जरूर रखें की आपके सिलेंडर की एक्सपायरी डेट न बीत चुकी हो। आपको हमेशा एक्सपायरी डेट देखकर ही सिलेंडर लेना चाहिए क्योंकि ये इंश्योरेंस सिलेंडर की एक्सपायरी डेट से लिंक होता है। क्लेम का फायदा सिर्फ उन्हीं लोगों को मिलता है जिनके सिलेंडर का पाइप चूल्हा और रेगुलेटर आईएसआई मार्क का होता है। दुर्घटना के बाद क्लेम लेने का तरीका सरकारी वेबसाइट मायएलपीजी.इन पर दिया गया है। ग्राहक को दुर्घटना होने के 30 दिनों के अंदर अपने ड्रिस्ट्रीब्यूटर और पास के पुलिस को हादसे की सूचना देनी होती है। एफआईआर की कॉपी जरूर लेनी चाहिए। सिलेंडर के कारण हादसा होने पर मिलने वाले बीमा का पूरा खर्चा इंडियन ऑयल कंपनियां ही देती हैं।

# ग्रैंड आई10 निओस को नए अवतार में होगी लॉन्च, ये छोटी कार स्विफ्ट और पंच को देगी कडी टक्कर



**नई दिल्ली।** जापनी कंपनी हुंडई मोटर इंडिया जल्द ही ग्रैंड आई10 निओस को नए अवतार में लॉन्च करेगी। यह हैचबैक वर्षों से एक लोकप्रिय पसंद रही है और मारुति इंडिया की ज्यादातर कारों के लिए एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी बन गई है। हाल ही में कार के नए मॉडल को टेस्टिंग के दौरान भारत में देखा गया था। इस कार को 2019 में पेश किया गया था और ग्रैंड आई10 निओस का फेसलिफ्ट मॉडल जल्द ही बाजार में आने की उम्मीद है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक आने वाली नई ग्रैंड आई10 निओस का फ्रंट बिल्कुल नया होगा। उम्मीद की जा रही है कि इस हैचबैक में नए सिरे से डिजाइन की गई ग्रिल होगी जिसे बदले हुए हेडलैम्प्स से जोड़ा जा सकता है। इसके अलावा यूनिक बूमरैंग साइज के लेड डीआरएलएस को भी अलग तरीके से रखा जा सकता है। इस कार के साइड प्रोफाइल को हुंडई के मौजूदा मॉडल की तरह ही बरकरार रखा जा सकता है। इंटीरियर की बात करें तो ग्रैंड आई10 निओस के इस फेसलिफ्ट वर्जन में नई इंटीरियर थीम और बेहतर अपहोल्स्ट्री मिल सकती है। इसके अतिरिक्त इस हुंडई कार में एक बड़ा इंफोटेनमेंट सिस्टम एंड्राएड ऑटो और एप्पल कारप्ले के साथ एक नया इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर पेश करने की उम्मीद है। नई ग्रैंड आई10 निओस को ज्यादा फ्यूल एफिशिएंट 1.0छ टर्बो पेट्रोल इंजन के साथ भी उतारा जा सकता है। 2023 ग्रैंड आई10 निओस का मुकाबला नई जनरेशन मारुति स्विफ्ट और टाटा पंच से होगा। कार अपनी व्यावहारिकता और पैसे की कीमत के कारण बहुत लोकप्रिय हो गई है। ग्रैंड आई10 निओस को मिड-लाइफ अपडेट देकर हुंडई का का लक्ष्य हैचबैक के ग्राहक आधार को बढ़ाना है।पावरट्रेन की बात करें तो इस अपडेट ग्रैंड आई10 निओस को मौजूदा डीजल पेट्रोल और सीएनजी ऑप्शन को बरकरार रखा जा सकता है। कार में 1.2 एल पेट्रोल इंजन मिलता है जो 83 बीएचपी की पावर और 113.8 एनएम टॉर्क जनरेट करता है। इस इंजन को 5-स्पीड मैनुअल या एएमटी गियरबॉक्स से जोड़ा जाएगा। *एजेंसी*

## संक्षेप

### ई-नीलामी से बिकेगी अनिल अंबानी की कंपनी!

**नई दिल्ली।** कर्ज में फंसी अनिल अंबानी की रिलायंस कैपिटल लिमिटेड की बिक्री प्रक्रिया अब ई-नीलामी से होगी। दरअसल कर्जदाताओं ने कंपनी की बोली लगाने वाले बोलीदाताओं के लिए ई-नीलामी के संचालन से संबंधित नियमों एवं प्रक्रिया को लगभग अंतिम रूप दे दिया है। सूत्रों के अनुसार रिलायंस कैपिटल की एसेट्स के लिए ई-नीलामी 19 दिसंबर को शुरू होगी। इस नीलामी के लिए 5300 करोड़ रुपए का आधार मूल्य होगा। कॉस्मिया-पीरामल गठजोड़ ने यह बोली लगाई थी। पहले दौर की नीलामी में बोलीकताओं को आधार मूल्य से अधिक की बोली लगानी होगी। यह पहला मौका है जब इतने बड़े पैमाने पर किसी कर्ज से दबी कंपनी की ई-नीलामी की जाएगी। ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवाला संहिता के तहत रिलायंस कैपिटल के लिए बोलियां लगाई जाएंगी। सूत्रों ने कहा कि बढ़ती हुई बोलियों वाली ई-नीलामी करने का निर्णय एलआईसी और ईपीएफओ के आग्रह पर लिया गया है। सरकारी नियंत्रण वाली इन दोनों इकाइयों का कर्जदाता समिति में सम्मिलित नियंत्रण 35 प्रतिशत का है।

### सेबी के स्कोर्स मंच ने नवंबर में 3010 शिकायतें निपटाई

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की शिकायत निपटान प्रणाली स्कोर्स ने नवंबर में कंपनियों और अन्य बाजार मध्यवर्तियों के खिलाफ 3010 शिकायतों का निपटारा किया। सेबी की ओर से जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। सेबी ने स्कोर्स प्रणाली को जून 2011 में शुरू किया था। आंकड़ों के अनुसार नवंबर माह की शुरूआत में 2972 शिकायतें लंबित थीं। इस दौरान 2886 नई शिकायतें मिलीं।ये शिकायतें रिफंड आवंटन विमोचन और ब्याज से संबंधित थीं। नियामक ने कहा कि नवंबर 2022 तक 11 ऐसी शिकायतें थीं जो तीन माह से अधिक से लंबित थीं। ये शिकायतें शोध विश्लेषक निवेश सलाहकार गैर-डीमैट रीमैट और शेयर बाजारों से संबंधित हैं। स्कोर्स मंच पर मिली शिकायतों के निपटान का औसत समय 30 दिन है।

### अमेरिका में थोक मुद्रास्फीति नवंबर में घटकर 7.4 फीसदी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में थोक मुद्रास्फीति नवंबर में घटकर 7.4 प्रतिशत पर आ गई। यह लगातार पांचवां महीना है जबकि थोक मुद्रास्फीति में ?गिरावट आई है। आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर में थोक मुद्रास्फीति आठ प्रतिशत पर थी जबकि मार्च में यह 11.7 प्रतिशत के उच्च स्तर पर रही थी। थोक मुद्रास्फीति में लगातार पांचवें महीने आई इस गिरावट से यह संकेत मिलता है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर महंगाई का दबाव लगातार कम हो रहा है। अमेरिकी सरकार ने कहा कि मासिक आधार पर उसका उत्पादक मूल्य सूचकांक अक्टूबर की तुलना में नवंबर में 0.3 प्रतिशत बढ़ा है। यह लगातार तीसरा महीना है जबकि यह सूचकांक बढ़ा है। यह सूचकांक उपभोक्ताओं तक उत्पाद के पहुंचने से पहले की लागत के बारे में बताता है।

### राजस्थान और छत्तीसगढ़ में महंगा हुआ पेट्रोल-डीजल

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में शनिवार को गिरावट देखने को मिल रही है। ब्रेंट क्रूड 0.05 डॉलर गिरकर 93.50 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। डब्ल्यूटीआई में 0.44 डॉलर की गिरावट है और यह 71.02 डॉलर प्रति बैरल पर बिक रहा है। यहां कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव देखने को मिल रहा है। राजस्थान में 0.48 रुपए महंगा होकर पेट्रोल 109.10 रुपए प्रति लीटर और डीजल 0.43 रुपए बढ़कर 94.28 रुपए पर पहुंच गया है। छत्तीसगढ़ में पेट्रोल 0.60 रुपए बढ़कर 103.58 रुपए प्रति लीटर और डीजल 0.59 रुपए की तेजी के साथ 96.55 रुपए का हो गया है। उधर पंजाब में पेट्रोल की कीमत 0.30 रुपए घटकर 96.59 रुपए पर पहुंच गई है जबकि डीजल यहां 0.30 रुपए सस्ता होकर 86.94 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है। इसके अलावा महाराष्ट्र हिमाचल प्रदेश और केरल में भी ईंधन की कीमतों में कुछ गिरावट आई है। वहीं गुजरात जेएंडके व उत्तर प्रदेश में पेट्रोल और डीजल थोड़ा महंगा हुआ है। देश के 4 महानगरों में पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर नोएडा में पेट्रोल 97 रुपए और डीजल 90.14 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 96.58 रुपए और डीजल 89.75 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.44 रुपए और डीजल 89.64 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.24 रुपए और डीजल 94.04 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब?लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपए और डीजल 79.74 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

### एयर इंडिया को वर्ल्ड क्लास फ्लाइट बनाने किए जा रहे बदलाव

**नई दिल्ली।** कल तक घाटे में चल रही एयर इंडिया टाटा के हाथों में आने के बाद से चमकने लगी है। टाटा के हाथों में आने के बाद से महाराजा के ठाठ बढ़ गए हैं। एयर इंडिया को वर्ल्ड क्लास फ्लाइट बनाने के लिए लगातार बदलाव हो रहे हैं। पहले क्रू मेंबर्स के लिए ग्रूमिंग गाइडलाइंस फिर केबिन की सजावट पर 33 सौ करोड़ रुपए खर्च करने का फैसला और अब एयर इंडिया के लिए शॉपिंग की शुरूआत हो गई है। हाल ही में एयर इंडिया ने 400 मिलियन डॉलर (करीब 3300 करोड़ रुपए) अपने फ्लाइट्स के केबिन की सजावट पर खर्च करने का फैसला किया है। फ्लाइट के मेकओवर के बाद अब टाटा की एयर इंडिया ने विमानों की खरीद शुरू कर दी है। एयर इंडिया ने 150 नई फ्लाइटों की खरीदारी करने की तैयारी कर ली है। जिसमें 150 बोइंग 737 मैक्स जेट खरीदने के लिए बोइंग कंपनी के साथ डील करने जा रही है। एक खबर के मुताबिक टाटा ने करीब 150 737 मैक्स विमानों के लिए बड़ा ऑर्डर दिया है।

### स्पार्क मिंडा ने भारत में 28वें संयंत्र का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली।** मिंडा कॉर्पोरेशन लिमिटेड मिंडा कॉर्प या कंपनी के रूप में जाना जाता है, स्पार्क मिंडा की प्रमुख कंपनी ने अत्याधुनिक वायरिंग हार्नेस का उद्घाटन किया चाकन, पुणे में संयंत्र। नई ग्रीनफील्ड सुविधा देश भर में पौधों की संख्या को 28 तक ले जाती है। उद्घाटन समारोह में अशोक मिंडा, चेयरमैन और ग्रुप सीईओ ने कहा, "स्पार्क मिंडा ने 1958 में समूह की स्थापना के बाद से एक लंबा सफर तय किया है। अपने ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ प्रदान करने के इरादे से उत्कृष्टता हासिल करने की दिशा में काम करते हैं। हमारे विकसित तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ इस क्षेत्र में अनुभव ने हमें उनके अनुरूप समग्र समाधान प्रदान करके वक्र से आगे रहने में मदद की है। यह नए युग, अत्याधुनिक संयंत्र सुविधा परिवर्तन का नेतृत्व करेगी। शून्य-दोष वाले उत्पादों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, यह संयंत्र कई विनिर्माण मापदंडों पर बेंचमार्किंग को फिर से स्थापित करेगा, बार को ऊंचा करेगा। उसने जोड़ा। यह संयंत्र एक ग्रीनफील्ड सुविधा है जो 100 प्रतिशत सौर ऊर्जा पैदा करने में सक्षम है जो स्थिरता और ईएसजी मापदंडों पर स्पार्क मिंडा के फोकस को और समृद्ध करेगा। 1.90 लाख वर्ग फीट में फैली यह फैक्ट्री अत्याधुनिक तकनीक द्वारा समर्थित उन्नत मशीनों से सुसज्जित है। अन्य वायरिंग हार्नेस प्लांट पुणे, पिल्लईपक्कम, कक्कलूर, मैसूर, मुरबाड, ग्रेटर नोएडा, पीथमपुर, हरिद्वार और वियतनाम में स्थित हैं।

### तेल-तिलहन कीमतों में मिला-जुला रुख

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में तेजी के रुख के बीच दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में कारोबार का मिला-जुला रुख रहा। सस्ते आयातित तेल के सामने किसानों द्वारा नीचे भाव में बिक्री नहीं करने से सरसों तेल-तिलहन और बिनौला तेल कीमतों में सुधार आया। आयातित तेल के सस्ता होने से जहां सोयाबीन तेल में वहीं सर्दियों की मांग कम होने से पामोलीन कांडला की कीमतों में मामूली गिरावट आई। सामान्य कारोबार के बीच मूंगफली तेल-तिलहन सोयाबीन तिलहन कच्चा पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन दिल्ली तेल के भाव अपरिवर्तित रहे।

# आरबीएसके टीम स्कूलों में जाए व अधिक बच्चे बुलाए : सीएमओ


समीक्षा बैठक को सम्बोधित करती सीएमओ डा. लक्ष्मी सिंह

### तम्बाकू सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई

**जौनपुर।** बैठक में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान सभी को तम्बाकू से दूर रहने की शपथ दिलाई। नोडल अधिकारी व एसीएमओ डॉ. राजीव कुमार ने प्रतिभागियों से अपने कार्यालय परिसर को तम्बाकू मुक्त किए जाने का अनुरोध किया। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारियों से क्षेत्रीय विद्यालयों को तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान घोषित करने के लिए कहा। विभाग की ओर से 150 विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम किए जायेंगे। कार्यक्रम में गैर संचारी रोग (एनसीडी) सेल के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

**जौनपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह की अध्यक्षता में सीएमओ कार्यालय सभागार में शनिवार को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम तथा राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान नोडल अधिकारी व एसीएमओ डॉ. राजीव कुमार ने आरबीएसके और आरकेएसके योजनाओं के बेहतर परिणाम लाने के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग को आपस में तालमेल बनाकर काम करने के लिए निर्देशित किया।

उन्होंने बताया कि जिस दिन आरबीएसके की टीम स्कूलों या आंगनबाड़ी केंद्रों पर जाएं, उस दिन शिक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अधिक से अधिक बच्चों को अपने संस्थानों में बुलाएं जिससे ज्यादा से ज्यादा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित हो सके। डिस्ट्रिक्ट अर्ली इन्वेंशन सेंटर मैनेजर अमित गौड़ ने बताया कि आरबीएसके की स्क्रीनिंग में जन्मजात संसायाओं वालों की संख्या काफी कम है। इस पर नौ माह से एक भी सर्जरी नहीं कराने के लिए महराजगंज ब्लाक के डॉ. केके बौद्ध को डॉ. राजीव कुमार ने चेतावनी दी। जलालपुर की डॉ. नन्दनी को समय से उपस्थित होकर आरबीएसके का काम करने के लिए निर्देशित किया। केराकत के डॉ. राव और मड़ियाहूं के डॉ. मंगलेश को बैठक में भाग नहीं लेने के लिए चेतावनी के साथ पत्र जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने पोषण पुनर्वास केंद्र पर ज्यादा से ज्यादा अति गंभीर कुपोषित (सैम) बच्चों को भर्ती कराने के लिए निर्देशित किया। बैठक में जनपद के आरबीएसके संबंधी डॉक्टर, खंड शिक्षाधिकारी तथा बाल स्वास्थ्य एवं पुष्टाहार (आईसीडीएस) विभाग से सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों (सीडीपीओ) ने हिस्सा लिया।

# मेधावी छात्राओं को किया गया पुरस्कृत


मेधावी छात्रा को सम्मानित करते अतिथिगण

**पवांरा।** शनिवार को अशर्फी देवी बालिका इंटर कॉलेज के प्रांगण में मेधावी छात्राओं को पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम आयेजित किया गया। मुख्य अतिथि गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय गांधीनगर के प्रोफेसर संजीव कुमार दूबे ने कक्षा 10 की मेधावी छात्रा वर्षा जायसवाल, पलक पांडे, कक्षा 11 की साक्षी पाण्डेय, कक्षा 12 की शिल्पा पाण्डेय एवं रिया दूबे को 2000-2000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुंगराबादशाहपुर संस्कृत विद्यालय के प्रधानाचार्य ज्ञान द्विवेदी ने किया।

संचालन संतोष पटेल ने किया। अंत में सभी लोगों का आभार श्रीराम कृष्ण संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य राजेश दूबे द्वारा ज्ञापित किया गया। मुख्य रूप से विद्यालय के प्रबंधक इंदिरा दूबे, कुसुम दूबे, पुष्पा मौर्या, निर्मला यादव, पूजा दूबे, अभिषेक यादव, विकास, सुनील कुमार दूबे आदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### नाबालिग का अपरहण व दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**मछलीशहर।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने नाबालिग का अपरहण और दुष्कर्म करने के आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक देवानंद रजक ने बताया कि बरसठी थाना क्षेत्र के गहलाई गाँव निवासी राजन गौतम पर 23 नवंबर को एक नाबालिग युवती के पिता ने अपहरण कर जबर्दस्ती दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज कराया था। 9 दिसंबर को नाबालिग युवती की बरामदगी भी हो गई थी। किन्तु आरोपित तभी से फरार था। शनिवार भोर में मुखविर से सूचना मिली कि आरोपित राजन गौतम अरुआंवा मोड़ के मुजार गाँव के निकट सड़क पर बैठा और कहीं भागने की फिराक में है जिसके बाद उपनिरीक्षक राजेश सिंह ने हमराहियों के साथ घेरेबंदी कर उसे गिरफ्तार कर कोतवाली लेकर आये जहाँ कागजी कार्यवाही पूरी कर उसे जेल भेज दिया गया।

### थाना समाधान दिवस पर पड़े 5 प्रार्थना पत्र

**केराकत।** कोतवाली परिसर में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस तहसीलदार अमित त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। समाधान दिवस पर पड़े 5 प्रार्थना पत्रों में से एक का भी मौके पर निस्तारण नहीं हो पाया। 5 प्रार्थना पत्रों में 4 राजस्व व एक पुलिस विभाग से सम्बंधित मामला रहा। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा, प्रभारी निरीक्षक अपराध दिग्विजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

### प्लेटफार्म पर वेंडर से गाली-गलौज करते दो युवक धराए

**शाहगंज।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर नशे में धुत युवक प्लेटफार्म पर गंदगी कर वेन्डर से गाली-गलौज कर रहे थे। सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर रेलवे एक्ट की धारा में पाबंद कर चालान न्यायालय भेज दिया। सरपतहां थाना क्षेत्र के उपधियापुर गांव निवासी 24 वर्षीय मोहित उपाध्याय पुत्र शिवाकांत उपाध्याय व 22 वर्षीय राजकुमार पुत्र सरजू अपने परिवार के सदस्यों को ट्रेन में बिठाने आए थे। प्लेटफार्म नम्बर एक पर नाश्ता बेच रहा वेंडर से खाने का सामान खरीदा। प्लेटफार्म पर गंदगी फैलाने लगा। वेंडर के मना करने पर नशे में धुत दोनों गाली-गलौज करने लगे। सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर रेलवे एक्ट की धारा में पाबंद कर चालान न्यायालय भेज दिया।

### पत्रकार को पितृ शोक

**जलालपुर।** पत्रकार तथा पीपीसी के जिला सूचना मंत्री गुलजार अली के पिता बाबू कैसरबेग 60 वर्ष का लम्बी बीमारी के बाद शनिवार की सुबह देहांत हो गया। उनकी मौत की खबर लगते ही परिजनों एवं पत्रकारों मे शोक की लहर व्याप्त हो गयी। देर शाम तक उनको श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा। मुख्य रूप से पंकज भूषण मिश्रा, रामाज्ञा यादव, जिला पंचायत सदस्य पवन गुप्ता पिन्टू, मनोज कुमार सिंह कमलेश यादव, अजीत सिंह, जहीर, प्रदीप सिंह, बच्चेलाल, रोशन यादव, मनोज सोनकर, कृपाशंकर यादव के साथ ही सैकड़ों की संख्या मे लोग उपस्थिति रहे।

### अवैध तमंचा दो कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**गोपीगंज।** गोपीगंज कोतवाली के अंतर्गत ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन से तिलगा ग्राम जाने वाली मोड़ के पास पुलिस ने एक तमंचा सहित दो जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताया जाता है कि चौकी इंचार्ज मनोज कुमार राय को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर तिलगा मोड़ पर अवैध असलहे के साथ एक व्यक्ति को दबोच लिया और तलाशी के बाद दो कारतूस और एक 315 बोर का तमंचा बरामद किया। पकड़ा गया व्यक्ति रोशन यादव पुत्र नन्हकू यादव निवासी ग्राम पुरे झम्मन का बताया जाता है, पुलिस ने आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों व अधिकारियों के साथ बैठक 12 को

**आजमगढ़।** अर्हता एक जनवरी 2023 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बन्ध में जनपद के सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों, जन प्रतिनिधियों, वर्तमान सांसदगण, विधायकगण, जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आदि के साथ मण्डलायुक्त, रोल प्रेक्षक मनीष चैहान की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन 12 दिसम्बर को मण्डलायुक्त कार्यालय के सभागार में किया गया है। यह जानकारी देते हुए अपर आयुक्त हंसराज ने जनपद के समस्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों, जन प्रतिनिधियों, सांसद, विधायक तथा सम्बन्धित अधिकारियों से उक्त बैठक में समय से प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

# श्रीरामकथा स्थल का हुआ भूमिपूजन


श्रीरामकथा स्थल का भूमिपूजन करते विधायक

जनसंदेश न्यूज

**बदलापुर।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय श्रीकृष्णानगर परिसर में 13 दिसंबर से 19 दिसंबर तक होने वाली श्रीरामकथा के लिए शनिवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। आचार्य पंडित शिवप्रसाद मणि त्रिपाठी ने मुख्य यजमान विधायक रमेश चंद्र मिश्र के हाथों वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कार्यक्रम को संपन्न कराया गया। राष्ट्रीय संत मानस मर्मज्ञ आचार्य शांतनु महाराज द्वारा अपराहन 1 बजे से शाम 4 बजे तक रामकथा की अमृत वर्षा की जाएगी।

इस अवसर पर विहिप के जिलाध्यक्ष रामसहाय पांडेय, डॉ. प्रमोद मिश्र, जितेंद्र प्रताप सिंह, शुभम सिंह, जटाशंकर सिंह, महेंद्र शुक्ला, विकास सिंह, अजय सिंह, दिलीप जायसवाल, अनिल पांडेय, उमेश चतुर्वेदी, धीरज मिश्रा सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# ओपीडी के 10 प्रतिशत मरीजों के बलगम की होगी जांच

जनसंदेश न्यूज

**प्रयास**

**209 हेल्थ वेलनेस सेंटर सहित पीएचसी जिला महिला तथा जिला पुरुष चिकित्सालय में होगा आयोजन**

**संयुक्त निदेशक डॉ. एमपी सिंह ने सीएमओ डीटीओ के साथ निक्षय दिवस के सफल आयोजन पर किया विचार-विमर्श**

**जौनपुर।** जनपद को क्षय रोग मुक्त बनाने की दिशा में विविध प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में अब हर 15 तारीख को आयोजित होने वाले निक्षय दिवस की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

रीजनल टीबी प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट के संयुक्त निदेशक डॉ. एमपी सिंह, वाराणसी डिवीजन के विश्व स्वास्थ्य संगठन परामर्शदाता डॉ. विनोद कुमार, स्टेट टेक्निकल सपोर्ट यूनिट लखनऊ से डॉ. विनय कुमार शुक्रवार को जिला क्षय नियंत्रण केंद्र पहुंचे। आलाधिकारियों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह, जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. राकेश कुमार सिंह से निक्षय दिवस की तैयारी, निजी क्षेत्र में नोटिफिकेशन, निजी चिकित्सकों के प्रोत्साहन और क्षय रोगियों के डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के बारे में विस्तार से चर्चा की। अधिकारियों ने बताया कि निक्षय दिवस पर वर्तमान में जिले के 209 हेल्थ एंड वेलनेस केंद्रों, शहरी क्षेत्र के तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, जिला महिला और जिला पुरुष चिकित्सालय के साथ सभी स्वास्थ्य इकाइयों के वाह्य मरीज विभाग में आने वाले मरीजों के 10 प्रतिशत मरीजों की बलगम की जांच की जाएगी। जिला क्षयरोग अधिकारी ने बताया कि आशा कार्यकर्ता संभावित टीबी मरीजों की सूची तैयार कर उन्हें हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर तक लाएंगी। कम्युनिटी हेल्थ आफिसर मरीजों की प्रारम्भिक जांच एचआईवी, डायबिटीज और अन्य जांच करेंगे। साथ ही बलगम का नमूना लेंगे। उसे निक्षय पोर्टल पर आईडी बनाते हुए नजदीकी टीबी जांच केंद्र पर भेजा जाएगा।

सीएचओ और आशा के जरिए निक्षय दिवस पर मिलने वाली सुविधाओं का प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा। सीएचओ जाँच में टीबी की पुष्टि वाले मरीजों के परिवार के अन्य सदस्यों की भी टीबी स्क्रीनिंग सुनिश्चित करेंगे।

आशा कार्यकर्ता निक्षय दिवस पर टीबी मरीजों के बैंक खाते का विवरण आशा संगिनी को मुहैया कराएंगी और आशा संगिनी सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर को निक्षय पोर्टल पर दर्ज कराने को देंगी।

इस दिवस पर प्राइवेट प्रैक्टिशनर को टीबी नोटिफिकेशन, कांटेक्ट ट्रेसिंग और फालोअप के लिए प्रेरित किया जाएगा। शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए एनटीईपी की टीमें शहरी क्षेत्रों के साथ केराकत, मछलीशहर, मड़ियाहूं, बदलापुर, डोभी और बरसठी क्षेत्र में निजी सेक्टर के अस्पतालों/डॉक्टरों से नोटीफिकेशन बढ़ाने का प्रयास कर रही हैं। क्षयरोगियों के पालन पोषण के लिए दवा, पोषण सामाग्री, जांच आदि सभी मुफ्त हैं।

क्षयरोग में सबसे जरूरी बलगम की जांच कराना है। बलगम की जांच में क्षय रोग का पता चलने पर समझना चाहिए कि क्षयरोग है। उन्होंने कहा कि क्षय रोगियों के इलाज के दौरान सरकार 500 रुपए पोषण भत्ता के रूप में देती है।

# थाना समाधान दिवस में आये 102 प्रार्थना पत्रों में 29 का निस्तारण

**आयोजन**

**25 प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर भेजी गई**


ज्ञानपुर थाने में फरियादियों की शिकायतों को सुनते डीएम गौरांग राठी व एसपी डॉ. अनिल कुमार

**ज्ञानपुर।** जनपद के समस्त थानों पर शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जनपद के सभी थानों पर कुल मिलाकर 102 मामले सामने आए, जिसमें 29 मामलों का त्वरित निस्तारण किया गया। 25 मामलों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर भेजी गई। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी गौरांग राठी, पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने ज्ञानपुर थाने में फरियादियों की शिकायतों को सुना और त्वरित कार्यवाही के लिए संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया। डीएम ने तीनों तहसीलों के उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक तहसील के अंतर्गत आने वाले थानों से संबंधित स्थानीय लेखपाल व राजस्व निरीक्षक थाना दिवस पर उपस्थित रहे।

उन्होंने राजस्व विभाग व पुलिस विभाग में आपस में समन्वय कर समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने पर बल दिया। जिलाधिकारी ने पुलिस व राजस्व टीम को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किए जाने हेतु वर्कशॉप आयोजित कर और अधिक कुशल प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया। इसी क्रम में राजेश भारती, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही, उप जिला मजिस्ट्रेट भदोही द्वारा थाना सुरियावां व समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने सर्किल के थानों एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थानों पर समाधान दिवस का आयोजन कर जनता की समस्याओं को सुना गया व उनका निस्तारण राजस्व कर्मियों की उपस्थिति में किया गया।

# नाली निर्माण को अधूरा छोड़ने से नागरिकों के समक्ष विकट समस्या

**यह है हाल**

**पिछले दो माह से नाली का निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा मानक के अनुरूप नहीं कराया गया**

**गोपीगंज।** नगर पालिका परिषद गोपीगंज वार्ड नंबर 25 में नाली निर्माण का कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने से वार्डवासियों के समक्ष विकट समस्या खड़ी हो गई है। हाजी मोहम्मद शोएब से मंसूर कुरैशी तक नाली रेज का कार्य नगर पालिका परिषद द्वारा ठेकेदार को दिया गया परंतु किन्ही कारणों से नाली का निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। बताते चले की पिछले दो माह से नाली का निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा मानक के अनुरूप नहीं कराए जाने का विरोध स्थानीय नागरिकों द्वारा किया गया। जिसको लेकर अधिशासी अधिकारी अमिता सिंह से लेकर अवर अभियंता व जिलाधिकारी से की गई, जिलाधिकारी के हस्तक्षेप पर मौके पर अधिशासी अधिकारी ने जाकर जांच के दौरान अनियमितताएं पाई थी। वही नागरिकों का आरोप है जानबूझकर मोहल्ले वालों को ठिकेदार द्वारा परेशान किया जा रहा है। नाली का कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने से प्रतिदिन शकरी गली होने के कारण वृद्ध और बच्चे गिरते रहते है।

रात को चलना मुश्किल हो गया है। साथ ही नागरिकों ने बताया की जो पटिया उखाड़ी गई थी दुबारा उन्ही पटियो को नाली के ऊपर बेतरतीब रखने से हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी अमिता सिंह से बात करने पर उन्होंने बताया कि मानक के अनुरूप कार्य नहीं हो रहा था जिसको लेकर हमने पालिका के जेई आलोक कुमार को निर्देशित किया था कि अपने देखरेख में मानक के अनुरूप कार्य कराएं। जेई के नही आने के कारण कार्य रुका हुआ है दो एक दिन के अंदर कार्य को चालू करा दिया जाएगा।

# ओवरब्रिज पर खड़े ट्रेलर से नीचे गिरा हाई मास्ट पोल, अफरा-तफरी

जनसंदेश न्यूज


ओवर ब्रिज से गिरे हाई मास्ट के पोल पास जुटी लोगों की भीड़

**गोपीगंज।** नगर स्थित झिलिया पुल गिराई ओवरब्रिज से नगर के व्यस्त इलाका पड़ाव पर ब्रिज से जा रही ट्रेलर पर लदे पोलो में से लगभग तीन टन का एक पोल छिटककर ब्रिज के नीचे जा गिरा, जिसकी धमक से एक व्यक्ति दहशत से बेहोश हो गया। जिसे पुलिस ने तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि शनिवार को बंगाल से एक ट्रेलर हाई मास्ट का लगभग 15 टन पोल लादकर चंडीगढ़ को जा रहा था। टोलप्लाजा की रेलिंग तोड़ने पर दो दिन वहीं पर खड़ा रहा। ड्राइवर के मुताबिक टोल प्लाजा के कर्मचारियों ने उसके गाड़ी के कागजात व ड्राइविंग लाइसेंस थाना गोपीगंज को सुपुर्द करा दिया। दो दिनों के पश्चात वह अपनी गाड़ी को लेकर चंडीगढ़ के लिए निकल पड़ा। जैसे ही झिलियापुल गिराई ओवर ब्रिज के पड़ाव स्थित बरगदवा हनुमान मंदिर के पास पहुंचा था कि ट्रेलर पर बने हुए हाई मास्ट का पट्टा अचानक टूट गया, जिससे लगभग 3 टन वजनी पोल पुल ब्रिज से सड़क पर आ गिरा।

हादसा सुबह के समय होने के कारण सड़क के किनारे कोई मौजूद नहीं रहा, जिसकी वजह से बहुत बड़ा हादसा होने से टल गया अन्यथा भीड़भाड़ इलाका होने की वजह से बहुत बड़ी अप्रिय घटना घटित हो सकती थी।

जब की वही हाई मास्ट के गिरने की धमक से पास में खड़ा व्यक्ति बेहोश हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ट्रेलर ड्राइवर को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

# प्रदेश सचिव ने डीएम गौरांग राठी को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**मुलाकात**

**अवैध खनन व परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण लगाने पर मिला सम्मान**

**प्रशस्ति पत्र व सम्मान मिलने पर जनपद के अधिकारियों ने दी बधाई व शुभकामनाएं**

**ज्ञानपुर।** जनपद में अवैध खनन व परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण लगाने पर जिलाधिकारी गौरांग राठी को भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग उत्तर प्रदेश की सचिव डॉ.रोशन जैकब ने प्रशस्ति पत्र देकर उनके कार्यों की सराहना की।

लखनऊ में हुए सम्मान कार्यक्रम में यह प्रशस्ति पत्र जिलाधिकारी की तरफ से जिला खनन अधिकारी पारस नाथ यादव ने प्राप्त किया।जिलाधिकारी गौरांग राठी ने बताया कि स्वच्छ एवं पारदर्शी खनन प्रशासन हेतु सूचना एवं प्रौद्योगिकी का उपयोग कर विभाग से संबंधित नागरिक सेवाओं को ऑनलाइन किए जाने एवं अवैध खनन परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु एकीकृत खनन निगरानी प्रणाली को एक छतरी के नीचे लाते हुए भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा ₹माइंन मित्र₹ पोर्टल विकसित किया गया है, जिसे भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग द्वारा राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2022 स्वर्ण प्रदान किया गया है। जनपद स्तर पर जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा किए गए नेतृत्व एवं सतत पर्यवेक्षण से ही माइंन मित्र एक जन उपयोगी पोर्टल बन पाया है, जिसके लिए सचिव डॉ. रोशन जैकब ने जिलाधिकारी गौरांग राठी की सराहना करते हुए बधाई ज्ञापित किया है। डॉ. रोशन जैकब ने बताया कि माइन मित्र तथा खनन विभाग द्वारा विभिन्न सेवाओं को प्रदान करने में जिलाधिकारी गौरांग राठी की महती भूमिका है। प्रशस्ति पत्र व सम्मान मिलने पर मुख्य विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्र, शिव नारायण सिंह सहित सभी अधिकारियों ने जिलाधिकारी को बधाई व शुभकामना दिया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

# एक दूसरे को मिठाई खिला कर मनाया हिमाचल में जीत का जश्न


मशाल रोड स्थित भदोही कांग्रेस कार्यालय पर हिमाचल प्रदेश में जीत की खुशी मनाते कांग्रेसी

जनसंदेश न्यूज

**उत्साह**

**हिमाचल प्रदेश में जीत पर झूमे जिले के कांग्रेसी**

**भदोही।** भाजपा के सत्ता वाले दो राज्य गुजरात व हिमाचल प्रदेश में हुए चुनाव में हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की जीत पर कांग्रेस जन शुक्रवार देर शाम मशाल रोड स्थित भदोही कांग्रेस कार्यालय पर जुटे। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी एवं जमकर आतिशबाजी की। ढोल ताशों के साथ खुशी का इजहार किया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार दूबे राजन व प्रदेश सचिव वसीम अंसारी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में शानदार जीत के लिए पूरी कांग्रेस पार्टी को बधाई। जनता ने भाजपा की सरकार को आईना दिखा दिया। हिमाचल में आने वाली कांग्रेस की सरकार जनता के हितों के लिए व्यापक स्तर पर काम करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मुक्त भारत की कल्पना करने वालो को हिमांचल की जनता ने करारा जवाब दिया। यह जीत महगाई बेरोजगारी और नफरत के खिलाफ है। हिमाचल प्रदेश चुनाव के परिणाम ने बता दिया कि देश को नफ?त उन्माद नहीं बल्कि प्रेम व तरक्की चाहिए। लोकतंत्र पर बढ़ते हमलों के बीच हिमाचल में सत्ता परिवर्तन एवं कांग्रेस के पक्ष में आया जनादेश देश को नई उम्मीद दे रहा है।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मसूद आलम, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष नाजिम अली, अकबर अंसारी, शाबान करीमी, निजामुद्दीन, सैफ अली बाबू, सुरेश गौतम, विष्णु श्रीवास्तव, नसरुल्लाह हाशमी, सुरेश गौतम, जावेद अली, रामलाल, दीपचंद, बद्री पटवा आदि लोग मौजूद रहे।

# वाहनों की धुलाई पर हजारों लीटर पानी की बर्बादी

**लापरवाही**

**नगर पालिका प्रशासन बनी धृतराष्ट्र**

**गोपीगंज।** नगर पालिका परिषद नगरीय सीमा क्षेत्र में अवैध रूप से दर्जनों चल रहे सर्विस स्टेशनों पर पालिका ने आज तक नोटिस जारी नही किया और धड़ल्ले से प्रतिदिन हजारों लीटर पानी को सर्विस स्टेशनों पर बहाया जाता है। जल संकट से निपटने के लिए सिर्फ कागजों पर ही समाधान को तलाशा जाता है हकीकत में पानी की बर्बादी हो रही है पालिका प्रशासन बेबस है।

पानी की बर्बादी में बिना पंजीकरण चल रहे वाहन धुलाई केंद्र और सर्विस सेंटर भी आगे हैं। हर रोज हजारों लीटर पानी की बर्बादी हो रही लेकिन कार्रवाई तो दूर पालिका प्रशासन नोटिस तक नहीं भेज सका, गर्मी में पेयजल संकट तो बढ़ ही जाता है। जिसका उदाहरण नगर पालिका परिषद स्थित ट्यूबेल नंबर 5 पानी की कमी के कारण कई वर्षों से बंद पड़ा है और तीन नंबर ट्यूबेल का स्टेटस नीचे चले जाने से आए दिन समस्याएं खड़ी रहती हैं वही चार नंबर का पंप पानी की कमी के कारण बंद हो गया। दूसरे पंप को लगाया गया। बावजूद इसके पालिका प्रशासन इस तरह के पानी के दुरुपयोग पर रोक लगाने में असमर्थ साबित हो रहा है। समय-समय पर पालिका प्रशासन और जिला प्रशासन को जल संरक्षण की याद आती है लेकिन इसके लिए धरातल पर कुछ भी नहीं किया गया है, सिर्फ कागजी कोरम पूरी कर ली जाती है। सबसे ज्यादा पानी की बबार्दी सर्विस स्टेशन वाहन धुलाई केंद्रों पर हो रही है। नगर में देखा जाए तो लगभग एक दर्जन से ज्यादा सर्विस सेंटर खुले हुए हैं और सभी पालिका के आसपास ही है। लोगों का कहना है कि समय रहते अगर इन वाहन धुलाई केंद्रों पर कार्रवाई नहीं की गई तो निकट भविष्य में नगर में पेयजल आपूर्ति की विकट समस्या उत्पन्न हो सकती है।

# सूर्य के राशि परिवर्तन से होगा खरमास शुरू





**मांगलिक कार्यों पर लगेगा विराम**
**थम जायेगी शहनाई की आवाज**
**कई राशियों पर भी पड़ेगा इसका प्रभाव**

भारतीय ज्योतिष में सूर्य ग्रह का नव ग्रहों में प्रमुख स्थान माना गया है। सूर्य ग्रह वृच्छिक राशि से धनु राशि में प्रवेश करेंगे। इसके साथ ही 16 दिसम्बर से खरमास प्रारंभ हो जायेगा। खरमास में सभी मांगलिक कार्य स्थागित हो जायेंगे। इसके साथ ही शहनाई की धुन भी थम जायेगी। इनमें वैवाहिक कार्य के साथ ही गृह प्रवेश, गृह निर्माण, उपनयन संस्कार, मुंडन संस्कार, नवीन व्यापार आदि कार्य नहीं होंगे। ज्योतिषविद् पंय विमल जैन के मुताबिक सूर्य का राशि परिवर्तन शुक्रवार 16 दिसम्बर को दिन में 9.58 मिनट पर होगा। सूर्य ग्रह शनिवार 14 जनवरी 2023 को रात्रि 8.45 बजे तक धनु राशि में रहेगा। तत्पश्चात मकर राशि में प्रवेश करेगा। धनु संक्रांति का का पुण्यकाल रविवार 15 जनवरी 2023 को सूर्योदय से दिन में 12.45 बजे तक रहेगा। सूर्य धनु राशि में , चन्द्रमा सिंह राशि में तथा मंगल वृषभ राशि में, बुध शुक्र राशि में गुरु मीन राशि में, शनि मकर राशि में राहू मेश राशि, केतु तुला राशि में विराजमान रहेगा। ग्रहों के चलते विश्व में अकल्पनीय घटनाएं भी होंगी। इसके साथ ही राजनीतिक उथल पुथल भी होंगे। शेयर वायदा बाजार में विशेष हलचल देखने को मिलेगी। कई देशों में सत्ता परिवर्तन की भी खींचतान चलेगी। मौसम में भी अजीबोगरीब परिवर्तन देखने को मिलेगा। दैवीय आपदाएं भी प्रभावित करेंगी। आर्थिक घोटाले भी सिरदर्द बनेंगे। इनमें द्वादश राशियां भी प्रभावित होंगी। जिसमें मेष- आरोग्य में कमी, वृषभ- आपसी जनों में मतभेद, मिथुन- आर्थिक पक्ष से असंतोष, कर्क- धर्म-अध्यात्म में आस्था, सिंह- आरोप व प्रत्यारोप का सामना, कन्या- लाभ में बाधा, तुला- आय के नवीन स्त्रोत, वृच्छिक- धनागम में बाधा, धनु- शारीरिक कष्ट, क्रोध, मकर- मित्रों में मनभेद, कुंभ- मनोरंजन में रूचि, मीन- समाचार मिलने से खुशी। ज्योतिषविद् ने बताया कि सूर्य ग्रह की प्रसन्नता के लिए अपने आराध्य देवी-देवता की आराधना के साथ ही नित्य सूर्य की पूजा अर्चना करना चाहिए। इसके साथ रोज सुबह ताम्र पात्र में रोली डाल कर सूर्य को अर्घ्य देना चाहिए।

# बनारस घराने के तबला वादक नन्हकू महराज की याद में सजेगी महफिल

## सविता देवी की शिष्या श्वेता का गायन, विकास महराज पेश करेंगे सरोद



**वाराणसी।** बनारस घराने के मूर्घन्य कलाकार तबला ऋषि पं. नन्हकू महराज की जीवन भर की तपस्या व उनके द्वारा काशी व भारतीय संगीत जगत में प्रदत्त योगदान की स्मृति में पंचनाद व जनमित्र न्यास की ओर से 11 दिसम्बर को सायंकाल सात बजे से रामकटोरा में संगीत की महफिल सजेगी। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पं. विकास महराज, सौरभ अग्रवाल व प्रभाष महराज ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से की जायेगी। इसके बाद संगीत का कार्यक्रम शुरू होगा। इस मौके पर नई दिल्ली से पधारी सविता देवी की शिष्या व गायिका श्वेता दुबे का शास्त्रीय गायन होगा। इसके साथ ही पं. विकास महराज सरोद वादन के माध्यम से पं. नन्हकू महराज को अपनी स्वरांजलि अर्पित करेंगे। बताया कि पं. नन्हकू महराज जन्म शताब्दी संगीत समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

# भोजपुरी वेब सिरीज पकड़ुआ बियाह रिलीज



**वाराणसी।** भोजपुरी सिनेमा दुनिया में अपने बेहतरीन मनोरंजन के लिए जाना जाता है। चौपाल ओटीटी पर एक नई भोजपुरी वेब सीरीज 'पकडुआ बियाह' रिलीज हुई है। इससे पहले चौपाल ने दो वेब सीरीज रिलीज की थी जिन्हें भोजपुरी दर्शकों ने खूब पसंद किया था। पवन सिंह की 'प्रपंच' और रितेश पांडे की 'लंका में डंका' की सफलता के बाद अब 'पकडुआ बियाह' ने भी धूम मचा दी है। इस वेब सीरीज में अंकुश राजा, अनारा गुप्ता और रक्षा गुप्ता मुख्य भूमिकाओं में हैं। इस वेब सीरीज को अभय सिंह ने प्रोड्यूस किया है और विकास तिवारी ने डायरेक्ट किया है। कहानी कुमार देव सिंह ज्योति ने लिखी है। इस वेब सीरीज में अपराध, रहस्य और रोमांचक तत्व हैं जो कि दर्शकों को अंत तक बांधे रखते हैं। वेब सीरीज 'पकडुआ बियाह' मनोरंजन के साथ-साथ एक सामाजिक संदेश भी देती है। इसकी कहानी आधुनिक भारतीय समाज की रूढ़िवादी सोच और विश्वास प्रणाली को सामने लाती है। साथ हळी लोगों को उनके तर्कहीन और अंधविश्वासी व्यवहार से अवगत कराती है।

*जुआ या स्किल वाले गेम्स को लेकर भारत सरकार नया कानून बनाने की तैयारी में है। कई राज्यों ने पहले ही कई ऑनलाइन गेम्स पर प्रतिबंध लगाए हैं। बी. भवानी ने अपने पिता को ऑनलाइन कार्ड गेम छोड़ने का आश्वासन दिया था, एक ऐसा वादा जो उसने पहले कई बार किया था। दक्षिण भारत का रहने वाला यह परिवार उसके ऊपर बढ़ते कर्ज के बारे में चिंतित था। लेकिन उस वादे के कुछ घंटों बाद 29 साल की भवानी ने अपनी जान ले ली। भवानी शादीशुदा थी और उसके 2 छोटे-छोटे बच्चे हैं। उसके पति का अनुमान है कि ऑनलाइन कार्ड खेलने के कारण उसे 10 लाख रुपए का नुकसान हो चुका था। 1 साल पहले भवानी ने मोबाइल पर ऑनलाइन गेम रमी खेलना शुरू किया था। इसी साल जून में उसने खुदकुशी कर ली। चेन्नई के रहने वाले भवानी के पति आर. भाग्यराज ने थॉमसन रॉयटर्स फाउंडेशन को बताया कि यह धीरे-धीरे शुरू हुआ, पहले छोटे दांव के साथ मेरी पत्नी कुछ बार जीत गई और उसके बाद वह नहीं रुकी।*



# कानून और न्याय : भारत में ऑनलाइन गेम्स को लेकर कड़े कानून की तैयारी

संबंधित आत्महत्याओं के बारे में बढ़ती चिंता के बीच भारत सरकार ने देश के औपनिवेशिक युग के सार्वजनिक जुआ अधिनियम को बदलने और जिम्मेदार, पारदर्शी और सुरक्षित ऑनलाइन गेमिंग वातावरण सुनिश्चित करने के लिए एक नए कानून का मसौदा तैयार करने में मदद करने के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया है। इस समस्या से निपटने के लिए कई राज्य सरकारों ने अपने स्तर पर कदम उठाए हैं। भवानी जिस राज्य की रहने वाली थी, वहां की तमिलनाडु सरकार ने खुदकुशी के बढ़ते मामलों को देखते हुए अक्टूबर में ऑनलाइन रियल मनी गेम्स पर प्रतिबंध लगा दिया। इंटरनेट सुरक्षा कार्यकताओं का कहना है कि देश का जुआ कानून, जो 1867 से है और वह केवल गेम ऑफ चांस के खेल पर प्रतिबंध लगाता है। उनके मुताबिक यह पुराना कानून तेजी से बढ़ते ऑनलाइन गेमिंग उद्योग को संचालित करने और बच्चों और गरीबों जैसे कमजोर खिलाड़ियों की रक्षा करने के लिए अपर्याप्त है।मुंबई स्थित अधिकार समूह रेस्पॉन्सिबल नेटिज्म के सहसंस्थापक उमेश जोशी के मुताबिक हमने देखा कि महामारी के दौरान ऑनलाइन गेमिंग और जुआ खेलना बढ़ गया है और हमने कमजोर लोगों यहां तक कि बच्चों पर पड़ने वाले मानसिक स्वास्थ्य प्रभाव और अन्य प्रभाव देखे हैं। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से इस क्षेत्र में नियमन की जरूरत है, लेकिन हमें यूजर्स की शिक्षा, विज्ञापन पर नियम, आयु सत्यापन और प्लेटफॉर्म द्वारा ऐप्स की बेहतर निगरानी की भी जरूरत है। पूरी तरह से प्रतिबंध लगाना कोई समाधान नहीं है, क्योंकि प्रतिबंध काम नहीं करते हैं।

## युवाओं पर ऑनलाइन गेम का असर

उन्होंने कहा कि इन ऐप्स को डाउनलोड करना बहुत आसान है, फिर आप इसमें आकर्षित हो जाते हैं। अब वे अपनी लगभग पूरी तनख्वाह भवानी द्वारा लिए कर्ज चुकाने में खर्च कर देते हैं। भवानी ने ऑनलाइन जुए के लिए पैसे उधार में लिए थे। पूरे भारत में इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल ने पैसे से जुड़े ऑनलाइन गेमिंग में वृद्धि देखी गई है जिसमें गेम ऑफ चांस के खेल भी शामिल हैं जिन्हें जुए के समान माना जाता है, जो कि भारत के पूरे इलाके में प्रतिबंधित है। यह राज्य सरकारों के दायरे में आता है कि उसे प्रतिबंधित माना जाए या नहीं? अधिकांश राज्यों और प्लेटफॉर्म पर जुआ ऐप्स पर प्रतिबंध है, वहीं ऑनलाइन रियल मनी गेम को विनियमित करने के लिए कोई राष्ट्रव्यापी तंत्र नहीं है जिनमें कुछ फैंटेसी गेम जैसे स्किल आधारित माने जाने वाले खेल और पोकर शामिल हैं। लेकिन जुए की लत और जुए से

## भारत का मोबाइल गेमिंग उद्योग


भारत का मोबाइल गेमिंग उद्योग 2025 तक 3 गुने से अधिक 5 अरब डॉलर के मूल्य का होने का अनुमान है। लेकिन कानूनी क्या है यह निर्धारित करना विवादास्पद बना हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने रमी और और कुछ फैंटेसी गेम, जो स्किल आधारित हैं उसे वैध बताया है, लेकिन कुछ हाईकोर्ट उसे गेम ऑफ चांस कह चुका है और इसलिए उसे अवैध करार दे चुका है। इन वजहों से इन गेम्स को लेकर भ्रम पैदा है और अदालत में चुनौती दी जाती है। ऑल इंडिया गेमिंग फेडरेशन (एआईजीएफ) ने तमिलनाडु द्वारा रमी और पोकर पर प्रतिबंध को चुनौती दी है। एआईजीएफ का कहना है कि ये गेम ऑफ स्किल हैं और उद्योग की नौकरियां की रक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए। एआईजीएफ के सीईओ रोलैंड लैंडर्स के मुताबिक कि वैध भारतीय ऑपरेटरों पर प्रतिबंध का प्रतिकूल असर पड़ेगा और अधिक से अधिक लोगों को अवैध वेबसाइटों की ओर धकेलेगा। एआईजीएफ देश की 900 से अधिक गेमिंग कंपनियों में से लगभग 100 का प्रतिनिधित्व करती है। केंद्र सरकार की टास्क फोर्स ने सिफारिश की थी कि नियामक निकाय को स्किल या चांस के आधार पर ऑनलाइन खेलों का वर्गीकरण करना चाहिए और वर्जित प्रारूपों को ब्लॉक करने के लिए नियम पेश करने चाहिए साथ ही ऑनलाइन जुए पर कड़ा रुख अपनाना चाहिए।

# विधायक की ये राय बना मास्टर स्ट्रोक

**सीएम का पद**

**एमएलए ने कहा था, सीएम हमारे बीच से बने**

**प्रतिभा सिंह के पास सुक्खू से ज्यादा विधायक थे**



हिमाचल में उट चेहरा चुनने के लिए कांग्रेस विधायक दल की एक घंटे मीटिंग चली। प्रतिभा सिंह, सुखविंदर सुक्खू और मुकेश अग्निहोत्री समेत छह नाम चर्चा के लिए रखे गए। मगर, किसी एक पर सहमति नहीं बन सकी। बगावती तेवर दिखा रहे सुखविंदर सुक्खू को 16 विधायकों का समर्थन मिला। वहीं प्रतिभा के हक में 18 एमएलए सामने आए लेकिन उनकी राय थी कि सीएम कोई विधायक ही होना चाहिए। ऐसा इसलिए कि प्रतिभा इस वक्त मंडी से सांसद हैं। उन्होंने विधानसभा चुनाव नहीं लड़ा। पूरे सियासी ड्रामे के बीच अंत में परंपरा के मुताबिक विधायक दल ने फैसला लिया कि अंतिम फैसला हाईकमान ही लेगा। इसका सिंगल लाइन का प्रस्ताव पास कर ऑब्जर्वर को दे दिया गया।

## कुछ इस तरह शुरू हुआ सियासी ड्रामा

शुक्रवार दोपहर 3 बजे कांग्रेस विधायक दल की बैठक बुलाई गई। मगर यह बैठक रात 8 बजे शुरू हो सकी। इसकी वजह बने सीएम फेस के दो प्रमुख दावेदार प्रतिभा सिंह और सुखविंदर सुक्खू। दोनों के समर्थक शिमला कांग्रेस भवन के बाहर इकट्?ठा हो गए। नारेबाजी शुरू कर दी। ऑब्जर्वर की गाड़ी तक रोक दी गई। इसी बीच सुक्खू गायब रहे, फोन भी बंद रहा। अंत में वह कांग्रेस भवन पहुंचे और मीटिंग शुरू हुई। मीटिंग शुरू हुई तो 16 विधायकों ने सुखविंदर सुक्खू को सीएम बनाने की पैरवी की। उनका तर्क था कि सुक्खू विधायक चुनकर आए हैं, इसलिए उन्हें मौका मिलना चाहिए। करीब 18 विधायकों ने प्रतिभा सिंह को समर्थन दिया। मगर, इनमें से कुछ विधायकों ने इस बात को भी माना कि विधायकों में से ही सीएम चुना जाए तो बेहतर होगा। उनका तर्क था कि प्रतिभा सिंह के सीएम बनने का मतलब दो उपचुनाव लड़ना होगा।इनमें मंडी लोकसभा का चुनाव कांग्रेस के लिए चुनौती बन सकता है। प्रतिभा यहीं से सांसद हैं। विस चुनाव में कांग्रेस को मंडी की 10 में से 9 सीटों पर करारी हार मिली है। ऐसे में उप चुनाव का खतरा मोल नहीं लेना चाहिए। दूसरा प्रतिभा सिंह को भी सीएम बने रहने के लिए किसी सीट से उपचुनाव लड़ना होगा।

## मुकेश के साथ कंडीशनली 20 विधायक

होली लॉज समर्थकों ने प्रतिभा सिंह के बाद अपनी दूसरी पसंद मुकेश अग्निहोत्री को बताया। सूत्रों की मानें तो प्रतिभा सिंह को माइनस करके लगभग 20-21 विधायक अग्निहोत्री के साथ चलने को तैयार थे। बतौर एमपी प्रतिभा सिंह के कंटेंडर रहते हुए मुकेश के साथ 8 से 9 ही विधायक थे वहीं 4 से 5 विधायक न्यूट्रल थे। उन्होंने वन टू वन बैठक में किसी को भी सीएम बनाने की पैरवी की है और हाईकमान के निर्णय से सहमति की बात कही।

## अग्निहोत्री ने रखा प्रस्ताव, सुक्खू ने किया समर्थन

नेता प्रतिपक्ष मुकेश अग्निहोत्री ने प्रस्ताव रखा कि मुख्यमंत्री चेहरा पार्टी हाईकमान तय करेगा। हाईकमान का निर्णय सभी को स्वीकार्य होगा। कांग्रेस चुनाव प्रचार कमेटी के चेयरमैन सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। इसके बाद दोनों ऑब्जर्वर भूपेश बघेल और भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने सभी विधायकों से वन टू वन बैठक करके उनसे सीएम चेहरे को लेकर चॉइस पूछी। सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस हाईकमान सुखविंदर सुक्खू को मौका देने की तैयारी कर चुका था। जिसमें दावा किया गया कि हिमाचल में निर्दलीय जीते 3 विधायक भी कांग्रेस को समर्थन देंगे। इसका पता चलते ही प्रतिभा सिंह शिमला के होटल में पहुंच गई। उनके समर्थक विधायक भी, लेकिन अंत में सुक्खू के नाम पर सहमति जताई गई।

# लोकसभा चुनाव से पहले 9 राज्यों में होंगे असेम्बली इलेक्शन

**गुजरात की 182 सदस्यीय विधानसभा में 156 सीटें जीतकर भारी जीत हासिल करने के बाद बीजेपी ने अगले लोकसभा चुनाव से पहले अपनी स्थिति मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। वहीं इसका रास्ता इन नौ राज्यों के चुनावों से होकर जाता है, जो आने वाले वर्ष में 2024 तक होने वाले हैं। नौ राज्यों में आने वाले लोकसभा चुनाव से पहले विधानसभा चुनाव हैं। 2018 में राज्य की 13वीं विधानसभा का चुनाव नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक पीपुल्स पार्टी और बीजेपी ने पीपुल्स डेमोक्रेटिक एलायंस (पीडीए) के तहत मिलकर लड़ा था। एनडीपीपी के नेफ्यू रियो मुख्यमंत्री बने। भाजपा ने राज्य में अभूतपूर्व 12 सीटें जीतीं।**

## कार्यकाल की समाप्ति: मार्च 2023

मेघालय में मुख्यमंत्री कोनराड संगमा के नेतृत्व में नेशनल पीपुल्स पार्टी का शासन है। 2018 के चुनाव में पार्टी को भाजपा और क्षेत्रीय दलों का समर्थन प्राप्त था, लेकिन उसने 60 में से 53 सीटों पर अपने दम पर चुनाव लड़ा। संगमा ने हाल ही में घोषणा की कि एनपीपी अगले साल होने वाले चुनाव अकेले लड़ेगी और उन्होंने 58 उम्मीदवारों को फाइनल भी कर दिया है। हालांकि उन्होंने कहा कि हम एनडीए का समर्थन करते हैं और यह जारी रहेगा।



**त्रिपुरा, 60 सीटें**
**कार्यकाल की समाप्तिः मार्च 2023**

वाम मोर्चे के 25 साल के शासन को समाप्त करते हुए भाजपा पहली बार 2018 में राज्य में सत्ता में आई थी। इस साल 14 मई को अचानक बदलाव करते हुए भाजपा ने बिप्लब देब को सीएम पद से हटा दिया और माणिक साहा को मुख्यमंत्री बना दिया। कांग्रेस और सीपीआई (एम) लड़ाई करने की कोशिश कर रहे हैं और दोनों के बीच गठबंधन की बात भी चल रही है।

**कर्नाटक, 224 सीटें**
**कार्यकाल की समाप्तिः मई 2023**

भाजपा ने पिछली बार कांग्रेस और जद (एस) के गठबंधन से सत्ता गंवा दी थी। लेकिन 14 महीनों के भीतर भाजपा के पुराने योद्धा बी एस येदियुरप्पा ने दलबदल करके और जद(एस)-कांग्रेस सरकार को गिराकर सरकार बनाई। पिछले साल जुलाई में भाजपा ने बसवराज बोम्मई को मुख्यमंत्री बना दिया।

**मिजोरम, 40 सीटें**
**कार्यकाल की समाप्तिः दिसंबर 2023**

मिजो नेशनल फ्रंट के नेता जोरमथांगा दिसंबर 2018 में राज्य के मुख्यमंत्री बने जब उनकी पार्टी ने राज्य में विधानसभा सीटों पर जीत हासिल की और कांग्रेस को हराया।

**छत्तीसगढ़ 90 सीटें**
**कार्यकाल की समाप्तिः जनवरी 2024**

हाल के वर्षों में अपनी सबसे निर्णायक जीत में से एक में, कांग्रेस ने भूपेश बघेल के नेतृत्व में 90 में से 68 सीटें हासिल करके राज्य में जीत हासिल की थी। बघेल का कद तब से पार्टी में बढ़ा है, जब भाजपा किसी भी वास्तविक चुनौती को पार करने के लिए संघर्ष कर रही थी। हाल के उपचुनाव में कांग्रेस ने अपनी एसटी-आरक्षित भानुप्रतापपुर सीट को बरकरार रखा, जिससे उपचुनाव में भाजपा की लगातार पांचवीं हार हुई।

**मध्य प्रदेश, 230 सीटें**
**कार्यकाल की समाप्तिः जनवरी 2024**

बीजेपी के तीन बार के सीएम शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ कड़ी टक्कर के बाद कांग्रेस ने यहां सत्ता पर कब्जा कर लिया। लेकिन मार्च 2020 में कांग्रेस के दिग्गज नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया 22 विधायकों के साथ बीजेपी में चले गए और कमलनाथ सरकार गिर गई।

**राजस्थान, 200 सीटें**
**कार्यकाल की समाप्तिः जनवरी 2024**

राज्य में परंपरागत रूप से भाजपा और कांग्रेस का शासन रहा है। अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने 2018 में वसुंधरा राजे के नेतृत्व वाली तत्कालीन भाजपा सरकार को हराया था। कांग्रेस ने राज्य में 99 सीटों का बहुमत हासिल किया था। जबकि बीजेपी को 73 सीटें मिली थीं।

**तेलंगाना, 119 सीटें**
**कार्यकाल की समाप्तिः जनवरी 2024**

केसीआर के नाम से लोकप्रिय के चंद्रशेखर राव ने राज्य में भारी जीत हासिल करने के बाद दिसंबर 2018 में दूसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। भाजपा राज्य में पैठ बनाने के लिए मेहनत कर रही है और हैदराबाद नगर निगम में पैर जमाने के बाद सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति, जिसका नाम भारत राष्ट्र समिति हो गया है, उसने हाल के उपचुनाव में जीत हासिल की है। इस बीच केसीआर राष्ट्रीय स्तर पर जाना चाहते हैं।

**जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश, 90 सीटें**
**2018 से कोई सरकार नहीं**

जम्मू-कश्मीर में भी अगले साल चुनाव होने की उम्मीद है। ये महत्वपूर्ण होंगे क्योंकि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद ये पहला चुनाव होगा।